आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज
पूरे प्रदेश में बिजली कटौती: 2065 मेगावाट की उत्पादन इकाइयां ठप...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 28 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 283 www.janexpresslive.com/epaper



हमारी लोकपरंपराओं में आज भी समाज... (12)

# मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ आठ की मौत, घायलों से मिले सीएम धामी



- मंदिर से 25 सीढ़ी पहले हादसा, 29 घायल, चश्मदीद बोला- तार में करंट उतरा

**जन एक्सप्रेस। हरिद्वार**

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह 9.15 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हैं। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। इस बीच कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ियों पर गिरने से लोग मारे गए। इधर, हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा- मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 35 लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। इन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन आठ लोगों की मौत हो गई। बाकी का इलाज चल रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना को लेकर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि हादसे में घायल हुए कुल 35 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में लाया गया है, जिसमें भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग घायल हैं। जिनमें से गंभीर अवस्था वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। भगदड़ की घटना में घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने और उन्हें अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए 108 सेवा की सात एंबुलेंस और खुशियों की सवारी की दो एंबुलेंस मौके पर तैनात की गईं। इन एंबुलेंस सेवाओं के माध्यम से कई घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

### पुजारी उज्ज्वल बोले, चारदीवारी भी भगदड़ का कारण बनी

गंगा सभा से जुड़े तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया, यह घटना सुबह करीब 9 से 9.15 बजे के बीच हुई जब हमने तीर्थयात्रियों को मदद के लिए पुकारते सुना। चूंकि यह केवल पैदल चलने का रास्ता है, इसलिए तुरंत अफरा-तफरी और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। स्थानीय व्यापारी और निवासी शुरू में समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, जल्द ही एम्बुलेंस पहुंच गईं और हमने घायलों को ले जाने में पुलिस की मदद की। माना जा रहा है कि रास्ते के पास एक चारदीवारी भी भगदड़ का कारण बनी। उत्तर प्रदेश के एक तीर्थयात्री ने कहा, मैंने जो देखा, उससे लगभग 20 लोग घायल लग रहे थे। घटना के बाद, मंदिर के द्वार बंद कर दिए गए और सभी तीर्थयात्रियों को वापस जाने के लिए कहा गया।

### सीएम धामी ने जताया दुख

हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग में भगदड़ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग में भगदड़ मचने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। माता रानी से सभी श्रद्धालुओं के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

### भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुख

मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, हरिद्वार की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी हुआ है। मदद के लिए 01334-223999, 9068197350, 9528250926, पर फोन कर सकते हैं। वही, राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र, देहरादून में स्थापित हेल्पलाइन नंबर 0135-2710334,2710335, 8218867005, 9058441404 भी जारी किया गया है।

### ऐसे हुआ हादसा

मनसा देवी मंदिर दर्शन जाने वाले पैदल मार्ग पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई। करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। हादसे में एक बच्चे समेत 35 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें आठ श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है।

### महंत रवींद्र पुरी बोले, मंदिर जाने के रास्ते पर हादसा हुआ

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी मनसा देवी मंदिर के महंत हैं। रवींद्र पुरी ने बताया कि यह घटना मंदिर परिसर में नहीं हुई है। मंदिर में आने जाने के 3 रास्ते हैं। जिसमें से एक रास्ते में बारिश के कारण फिसलन हो गई थी। श्रद्धालुओं के फिसलने से अफवाह फैली और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। इस वक्त मंदिर में हजारों लोग मौजूद हैं।

### मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश, दो लाख मुआवजे की घोषणा

हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# बकवास और नेतागिरी में उलझे बिजलीकर्मी को ऊर्जा मंत्री ने किया सस्पेंड

- बड़े नेताओं का नाम लेकर उड़ाता था सिस्टम की धज्जियां

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बिजली विभाग में जनता की समस्या सुलझाने के बजाय बड़े नेताओं का नाम लेकर रौब झाड़ने वाले अधीक्षण अभियंता को ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। मंत्री ने खुद पूरे मामले का ऑडियो सार्वजनिक कर यह दिखा दिया कि किस तरह कुछ अधिकारी काम के बजाय नेतागिरी में उलझे हैं, और जनता की शिकायतों पर 1912 डायल करो कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

### ऊर्जा मंत्री ने जारी किया ऑडियो

मंत्री अरविंद शर्मा ने शनिवार को प्रेस के सामने खुद यह ऑडियो जारी किया, जिसमें साफ़ सुना जा सकता है कि कैसे अधिकारी अपने रसूख का बेजा इस्तेमाल कर रहे हैं। यह वही ऑडियो है जिसमें जनता की परेशानी का मज़ाक उड़ाया गया प्रशासनिक अधिकारी को भी अपशब्द कहे गए नेताओं के नाम पर दबाव बनाया गया।


पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,
CIN-U31200UP2003SGC027461
आदेश

### ऊर्जा मंत्री की सख़्ती से विभाग में मचा हड़कंप

अरविंद शर्मा ने कहा काम न करने वाले, घमंड और नेतागिरी दिखाने वाले अधिकारी बर्दाश्त नहीं होंगे। ये सरकार जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी कार्रवाई से एक बात तो तय है ऊर्जा विभाग अब नेतागीरी नहीं, डिलीवरी पर चलेगा।

### अब मंत्री खुद नियंत्रण में – बदलेगा विभाग का मिजाज

ऊर्जा मंत्री का यह कड़ा एक्शन बताता है कि वे सिर्फ़ कागज़ों पर नहीं, जमीन पर भी बदलाव लाने को तत्पर हैं। बिजली विभाग में अब लापरवाही, घमंड और रुतबा नहीं चलेगा – सिर्फ़ काम और जिम्मेदारी ही टिकेगी।

### नाम बड़े, काम सिफर!

- निलंबित एसई ने बातचीत में खुद को बताया था
- राम जी लाल सुमन (सांसद) का रिश्तेदार
- राज बब्बर (पूर्व सांसद) से संबंध
- बेबी रानी मौर्य (मंत्री) की जान-पहचान
- एसपी सिंह बघेल (मंत्री) से पारिवारिक संबंध

लेकिन जब बिजली नहीं आई, और एक प्रशासनिक अधिकारी ने बात की तो एसई का जवाब था 1912 डायल करो।

### जनता बोली पहली बार किसी मंत्री ने अपने ही विभाग पर उठाया सख्त कदम

- जनता की शिकायत पर मंत्री का त्वरित एक्शन
- नेताओं के नाम की आड़ में छुपे सिस्टम की सच्चाई सामने
- अधिकारी सस्पेंड, विभाग को मिली चेतावनी

# झुग्गियों को तोड़ने पर गरमाई राजनीति सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, सबको मिलेंगे मकान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में झुग्गियों को तोड़ने के ममले में राजनीति गरमाई हुई है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार पर झुग्गियों को तोड़ने और गरीबों को बेघर करने का आरोप लगाया है। वहीं, दिल्ली सरकर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी इस मामले में झूठी राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि झुग्गियों के लोगों को पक्का मकान देने के लिए योजना पूरी तरह तैयार है। इसके लिए केंद्र सरकर की तरफ से बजट भी दिया गया है। 700 करोड़ रुपये का बजट झुग्गियों के लोगों के पुनर्वास के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी केवल राजनीति करने और लोगों को भड़काने का काम कर रही है। दिल्ली



की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट निर्धारित किया है। झुग्गियों को हटाया जा रहा है तो पात्र झुग्गी वालों को मकान देने की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग आम आदमी पार्टी की झूठी बातों में न आएं। सीएम ने कहा कि केजरीवाल ने झुग्गी वालों को मात्र वोटर समझा और उनके घरों पर शराब पहुंचाने का काम किया, लेकिन उनकी सरकार सबका उचित विकास करने के लिए काम कर रही है।

### लोगों को पक्के मकान दिए जा रहे: रेखा गुप्ता

रेखा गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों को गति देने या अन्य वजहों से अगर झुग्गियों को हटाया जाएगा तो पात्र लोगों के पुनर्वास का रास्ता भी तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झुग्गी वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तक झुग्गियों का कोई विकास नहीं हुआ। कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी की सरकार, झुग्गियों की स्थिति जस की तस बनी रही। लेकिन अब झुग्गी बस्तियों के लोगों को पक्के मकान दिए जा रहे हैं।

# बेटे ने मां-बाप, बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला, बेटी को जमीन देने से बौखलाया था

**जन एक्सप्रेस। गाजीपुर**

गाजीपुर के शहर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। यहां 35 वर्षीय एक युवक ने अपनी मां-बहन और पिता को दौड़ा-दौड़ा कर कुल्हाड़ी से काट डाला। पड़ोसियों की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। वहीं, आरोपी युवक भाग गया। पुलिस उसकी तलाश करने के साथ ही घटना की तफ्तीश कर रही है। पुलिस ने तीनों लाशों को कब्जे में ले लिया। हत्या का कारण जमीन का विवाद बताया गया है। पुलिस कई बिन्दुओं पर पड़ताल कर रही है। पड़ोसियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर हम लोग पहुंचे थे। हमें देखकर आरोपी बेटा भाग गया। मरने वालों में शिवराम यादव (70), उनकी पत्नी जमुनी देवी (65) और बेटी कुसुम (35) है। आरोपी का नाम अभय है। ट्रिपल मर्डर की सूचना पाकर घटनास्थल पर एसपी डॉक्टर ईरज राजा, एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद और सीओ सिटी शेखर सिंगर सहित पुलिस बल पहुंच गई। मौके से एक कुल्हाड़ी भी बरामद की गई है।

### इलाके में फैली सनसनी

पड़ोसियों ने बताया कि 15 साल पहले कुसुम की शादी हुई थी लेकिन पति ने छोड़ दिया। तभी से वह मायके में अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। इस बीच, आठ वर्ष पहले उसकी दूसरी शादी कर दी गई थी। इसके बाद भी वह अपने मायके में दोबारा आकर रहने लगी। भाई को यह नापसंद था। यह नाराजगी तब और बढ़ गई जब शिवराम ने कुसुम को जमीन का एक हिस्सा दे दिया। अभय अपने पिता के इस फैसले से बौखलाया हुआ था।

## मां चंद्रिका देवी धाम को तीर्थ कॉरिडोर में शामिल कराने की मुहिम तेज

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला समर्थन, मुख्यमंत्री को लिखेंगे पत्र

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर को अब तीर्थ कॉरिडोर में शामिल कराने की दिशा में निर्णायक क़दम उठ चुका है। मेला विकास समिति की कोशिशें अब सिर्फ़ मांग नहीं, बल्कि सरकारी गलियारों में दस्तक देने लगी हैं। शुक्रवार को समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित उनके आवास 17, अकबर रोड पर भेंट कर मंदिर के सर्वांगीण विकास को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### रक्षामंत्री ने दिया स्पष्ट आश्वासन

मुलाक़ात के दौरान राजनाथ सिंह ने मंदिर से अपने आत्मिक जुड़ाव को दोहराते हुए स्पष्ट कहा, मां चंद्रिका देवी से मेरा गहरा नाता है। यह न सिर्फ़ श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक अस्मिता से भी जुड़ा है। मैं स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर तीर्थ कॉरिडोर प्रस्ताव पर पहल का आग्रह करूंगा।

### मुख्यमंत्री को पहले ही भेजा जा चुका है पत्र

प्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री को बताया कि मंदिर के तीर्थ कॉरिडोर रूपांतरण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पहले ही एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अब केंद्र से समर्थन मिलने के बाद यह योजना नई ऊर्जा और राजनीतिक ताक़त के साथ आगे बढ़ेगी।



### धार्मिक आस्था से आर्थिक विकास तक का सफर

प्रतिनिधिमंडल का स्पष्ट कहना है कि चंद्रिका देवी धाम को तीर्थ कॉरिडोर में विकसित करने से न सिर्फ़ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं में भी व्यापक सुधार आएगा। श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित दर्शन, सुरक्षा और आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा।

### समिति ने कहा, यह मां की कृपा है

मेला विकास समिति ने रक्षा मंत्री के रुख़ को ऐतिहासिक बताया और इसे मां चंद्रिका देवी की विशेष कृपा करार दिया। समिति ने जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाक़ात की संभावनाएं जताईं। अब यह देखना अहम होगा कि राजनाथ सिंह के हस्तक्षेप के बाद क्या राज्य सरकार तीर्थ कॉरिडोर की स्वीकृति पर अमल करती है या फिर यह भी एक और आधे-अधूरे वादों की फेहरिस्त में शामिल होकर रह जाएगा?

*जन आवाज़ की प्रतीक्षा में मां चंद्रिका देवी तीर्थ कॉरिडोर।*

# ददुआ भगवान नहीं, डकैत था! चित्रकूट में रामराज्य की राह में रोड़ा बने 'ददुआ के भक्त'

- डकैत ददुआ के नाम पर जिंदा है खौफ, गुर्गों को नेता और अफसर बना रहे हैं संरक्षक
- मानिकपुर जंक्शन से लेकर बॉक्साइट फैक्ट्री तक, डकैतों ने निगल लिया विकास
- कब तक ददुआ के नाम पर डर फैलाते रहेंगे राजनीति के दलाल?

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**
**चित्रकूट**

एक ओर जहाँ योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश को गुंडामुक्त और भयमुक्त रामराज्य बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर चित्रकूट जैसे पवित्र स्थल पर आज भी डकैत ददुआ की 'भक्ति' में लीन गुर्गे खुलेआम घूम रहे हैं। जिस ददुआ का नाम सुनते ही गाँव खाली हो जाते थे, जिसने 9 लोगों की आंखें फोड़कर



हत्या की, जिसने सरकारी योजनाओं पर टैक्स की तरह कमीशन वसूला, वही आज कुछ लोगों के लिए 'भगवान' बना बैठा है। मानिकपुर जंक्शन, जहाँ कभी रेलवे का लोकोशेड सैकड़ों लोगों को रोज़गार देता था, डकैतों के खौफ से तबाह हो गया। बॉक्साइट फैक्ट्री, जो आदिवासी और श्रमिक परिवारों की रीढ़ थी, डकैती के डर से ताले में बंद हो गई। सरकारी योजनाएं फाइलों तक सिमट गईं क्योंकि कमीशनखोरी के राक्षस खुलेआम घूम रहे थे।

### पत्रकार की चीख- जो सच बोले, उसे मारने की कोशिश!

हाल ही में जन एक्सप्रेस के पत्रकार द्वारा ददुआ और उसके गुर्गों पर किए गए खुलासों के बाद, उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गईं। 23 जुलाई को उनकी गाड़ी को बिना नंबर की पिकअप से टक्कर मारी गई - साफ है कि ये कोई सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि जानलेवा हमला था।

### बड़ा सवाल: क्या सरकार बदली, लेकिन सोच नहीं?

आज भी ददुआ के गुर्गों को नेता 'गुरु' मान रहे हैं। जनप्रतिनिधि खुद एक खूनी डकैत को भगवान कह रहे हैं। क्या यही है राजनीति का चरम पतन? बसपा हो या सपा, किसने दिया संरक्षण? क्या सपा की राजनीति हमेशा ददुआ के दम पर खड़ी रही? क्या जीतने का फार्मूला था - ददुआ जिसको चाहे जितवा दे? क्या आज भी **ददुआ ब्रांड** राजनीति वापस लाई जा रही है?

### चित्रकूट पुलिस की चुप्पी शर्मनाक!

पुलिस एक ओर प्रेस रिलीज़ में डकैतों के खात्मे का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर डकैतों को आदर्श बताने वाले पुलिसकर्मी उनके पोस्टरों को सलामी दे रहे हैं। जनता पूछ रही है - जब पुलिस ही डकैतों की भक्त


डकैत का देवता
ददुआ की पुण्यतिथि पर भंडारा, क्या कानून ठप्प?
डकैत की पूजा शर्मनाक जनता में गुस्सा
क्या राजनीति फिर से डकैतों के सहारे?
पाठा में जिसकी दहशत से दिन में भी दरवाज़े बंद रहते थे, आज उसकी पूजा?
2007 में एसटीएफ ने किया इनकाउंटर, अब राजनीति ने फिर से जिंदा किया 'डकैत ददुआ' को?
17 साल तक चुप्पी, अब क्यों श्रद्धांजलि? राजनीति की चाल या भावनात्मक कार्ड ?
डकैत जीवन में भी राजनीति में दखल, क्या अब मौत के बाद भी वोट दिलाएगा?
योगी राज में अपराधियों की विरासत का गुणगान? प्रशासन की चुप्पी क्या संकेत दे रही है?
जनता का सवाल: क्या अब हर अपराधी की पुण्यतिथि पर प्रसाद बंटेगा?

हो जाए, तो आम आदमी किसके पास जाए?

### क्यों नहीं हो रही खुली कार्रवाई?

क्यों डर से थर-थर कांप रहे हैं व्यापारी और पत्रकार? अगर ददुआ को भगवान मानोगे, तो राक्षस क्या पैगंबर बनेंगे? **क्योंकि जब अपराध को पूजा जाएगा, तो अगली पीढ़ी डकैती को ही अपना धर्म मान लेगी!**



"यह पूरा घटनाक्रम एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है, जिसका उद्देश्य आगामी पंचायत चुनावों को डरा-धमका कर प्रभावित करना है। जिस डकैत ददुआ ने चित्रकूट जैसे पवित्र जनपद को 20 साल पीछे धकेल दिया, विकास को कुचल दिया, गरीबों को रौंदा, उसे आज समाजवादी पार्टी के नेता महापुरुष बता रहे हैं यह न सिर्फ लोकतंत्र का मज़ाक है बल्कि हजारों पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। करवरिया ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रदेश को भयमुक्त और लोकतंत्र को निष्पक्ष रखना है तो इन अपराधियों व उनके राजनीतिक संरक्षकों को पंचायत चुनाव से कम से कम 6 महीने पहले जेल में डाला जाना चाहिए, ताकि चुनाव खून और खौफ के नहीं, विकास और विश्वास के आधार पर हों।

–गौरव करवरिया, भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री



"आज खुलेआम लोग यह चिल्ला रहे हैं कि डकैतों को संरक्षण दिया जा रहा है, यहां तक कि कुछ लोग स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं। भले ही अदालत से वे छूट गए हों, लेकिन जब वे खुद अपने गुनाह कबूल कर रहे हैं, तो यह प्रशासन के लिए आंखें खोलने वाली बात होनी चाहिए। डकैती और हिंसा के खिलाफ़ हमारी लड़ाई हमेशा रही है, और हम ऐसे तत्वों को समाज में महिमामंडित किए जाने का पुरज़ोर विरोध करते रहेंगे।

–पंकज मिश्र, कांग्रेस के पूर्व ज़िला अध्यक्ष

*गौरव ने योगी सरकार से बड़ी मांग की अगर सच में उत्तर प्रदेश को भय मुक्त और लोकतांत्रिक रखना है तो इस षड्यंत्र को अभी से रोका जाए।*

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 11 परीक्षा केन्द्रों में हुई समीक्षा अधिकारी चयन परीक्षा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई गई समीक्षा अधिकारीध् सहायक समीक्षा अधिकारी ; प्रीण् द्ध परीक्षा जिले में बनाए गए 11 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण तरीके से कुशलता पूर्वक संपादित कराई गई। इस परीक्षा में कुल 5136 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें 2600 उपस्थित और 2536 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने चित्रकूट इंटर कॉलिज कर्वी एसंत थॉमस सेकेंडरी स्कूल शिवरामपुरए गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया । साथ ही तैनात किए गए स्टेटिक मजिस्ट्रेटए सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा नकल विहीन पारदर्शिता के साथ कराएं ।किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोग की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं को जमा कराएं। उन्होंने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरा को राजधानी स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। कोई भी वैधानिक गतिविधि होने पर अलर्ट का संकेत होगा।

इस प्रतियोगी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए साफ कहा गया कि परीक्षा संपादन में लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं है । यह परीक्षा बहुत ही संवेदनशील है परीक्षा के दौरान सभी को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना है । शासन की मंशा है कि यह परीक्षा नकल विहीन निष्पक्ष तरीके से संपादित कराई जाए। परीक्षा में जो भी शिक्षक व अधिकारी कर्मचारी ड्यूटि में लगाए गए हैंए उन्हें पूरी सावधानी के साथ ड्यूटि करना है एजो गाइडलाइन दी गई हैए उन नियम निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना है। इसके पूर्व सभी केंद्रों में व्यवस्थापकों द्वारा कहा गया कि कोई भी परीक्षार्थी अपने साथ निषिद्ध सामग्री नहीं लाएगा ।मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। कक्ष निरीक्षक भी मोबाइल परीक्षा के दौरान नहीं लाएंगे । बताया गया कि कि परीक्षार्थी और शिक्षक दोनों काले बॉल पॉइंट पेन का ही प्रयोग करेंगे सभी शिक्षक परीक्षार्थियों की प्रवेश पत्र और उपस्थिति पत्रक से फोटो का मिलान करेंगे एहोलोग्राम जिसके प्रवेश पत्र पर लगा हो उसी को ही कक्षा में बैठने देंगे।

# लूट के तीनों आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा

विभिन्न स्थानों से चोरी/लूट की घटनाओं को अंजाम देने 03 अभियुक्तों को थाना मरका व एसओजी की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस, 66 हजार रुपए व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद। तीनो आरोपियों द्वारा द्वारा शुक्रवार की शाम को औगासी पुल के पास लूट की घटनाओं को दिया गया है अंजाम दिया था। थाना मरका व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को पुलिस ने रविवार की सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि दिन शुक्रवार को मर्का क्षेत्र के ग्राम सरगना के रहने वाले राजकरन सोनी उर्फ करन पुत्र गयाप्रसाद सोनी के साथ प्रभाकर सिंह उर्फ चेतन निवासी गाजीपुर के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुछ नकद रुपए व अन्य सामान की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना मरका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।रविवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से मरका क्षेत्र के ग्राम सिरियाताला औगासी पुल के पास चोरी करने के इरादे से जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति की घेराबंदी कर रोका गया तो स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो। अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से लूट के 66 हजार रुपये, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस व अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बरामद सामान एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिन्दा व 02 खोखा कारतूस।एक अपाचे सफेद रंग की (घटना में प्रयुक्त) 66000 रुपये आरोपी प्रभाकर सिंह उर्फ चेतन सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम लीला थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर (मुठभेड़ मे घायल)। निशांत जोशी पुत्र कपूरे जोशी निवासी ग्राम फरीदाबाद टिकरी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर।अभिषेक सिंह पुत्र कल्लू सिंह ग्राम फरीदाबाद टिकरी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर। अपराधिक इतिहास। मु0अ0सं0 130/25 धारा 109/352/351 (3) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा। आपराधिक इतिहास अभियुक्त आरोपी प्रभाकर सिंह उर्फ चेतन सिंह पुत्र रमेश सिंह मु0अ0सं0 144/24 धारा 352/115(2) /125 बीएनएस थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, मु0अ0सं0 190/24 धारा 115(2)/352/ 351(2) बीएनएस थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, मु0अ0सं0 198/24 धारा 115(2)/352/ 351(2) बीएनएस व 3(1)द/3(1)ध/3 (2) एससी/ एसटी एक्ट थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर,मु0अ0सं0 34/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना शिवगढ़राय जनपद बरेली।

# सीसीटीवी कैमरे की नजर में आयोजित हुई समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

## जिले में 19 केंद्रों पर 3382 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 4706 रहे अनुपस्थित

जन एक्सप्रेस। उरई




जिले में समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पूर्णतः नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रशासन द्वारा समुचित तैयारियों के तहत जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए, जिनमें 8088 अभ्यर्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा में 3382 परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, और 4706 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी केंद्रों पर चुस्त सुरक्षा, अनुशासित माहौल एवं व्यवस्थाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित रही। निरीक्षण के क्रम में आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, एस.आर. पब्लिक स्कूल, बेनी माधव तिवारी इंटर कॉलेज आटा, महर्षि विद्या मंदिर एवं एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल जैसे प्रमुख केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

साथ हीं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परीक्षा के समापन उपरांत जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, समस्त सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों एवं केंद्र व्यवस्थापकों सहित समस्त परीक्षा कार्मिकों की भूमिका की सराहना करते हुए परीक्षा की निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुचिता पूर्ण सम्पन्नता हेतु सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# हार-जीत की बाजी लगाते 5 जुआरी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई



कालपी कोतवाली पुलिस ने हारजीत की बाजी लगाते 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से ताश के पत्ते व 5750 रूपये भी बरामद हुए हैं। नगर में जुआ और सट्टा एक व्यवसाय का रूप ले चुका है, जिसके अड्डे कई जगहों पर है। हालाकि इसकी भनक पुलिस को भी लग गयी है जिसके चलते आए दिन छापेमारी कर जुआरी और सटोरिये गिरफ्तार होते रहते हैं। रविवार को सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, सिपाही विमलेन्द्र को मोहल्ला हम्मालीपुरा में जुआ का फड लगे होने की जानकारी मिली थी। खबर मिलते ही पुलिस ने बगैर समय गवांए दबिश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर मुहल्ला निवासी राशिद समेत 5 लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जिन्हें हिरासत में लेकर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्जकर लिया है। पुलिस सूत्रो की माने तो दविश के दौरान फड पर 4500 रूपये व जामा तलाशी मे 1250 रूपये मिले है। पुलिस की इस कार्यवाही से इस खेल के शौकीन परेशान है। कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी के अनुसार जुआ और सट्टा से घर बरबाद हो जाते हैं। जिससे पुलिस के निशाने पर सटोरिया और जुआरी है और इनके खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# भ्रष्टाचारियों के बचाव में मंत्री की बांदा यात्रा योगी सरकार की छवि पर सवालः शालिनी पटेल

जन एक्सप्रेस। बांदा

जनपद के एक समाजसेवी के अनुसार जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश सरकार के एक कैबिनेट मंत्री, जो दूसरे दल से जुड़े हैं, शनिवार बांदा पहुंचे। कहा जा रहा है कि यह दौरा स्वास्थ्य माफिया, एडीएम और आपदा विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मचारी को बचाने के लिए था। सर्किट हाउस में बंद कमरे में बैठकें हुईं और सबसे विचित्र नज़ारा यह रहा कि अस्पताल माफिया के चाटुकार मंत्री के इर्द-गिर्द घूमते रहे, उनका गुणगान करते रहे और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते रहे। योगी जी,यह वही मंत्री हैं जिनका अपराधियों से पुराना नाता रहा है। अगर ऐसे लोग सरकार में बने रहेंगे और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए जिलों में दौरों पर आएंगे तो आपकी भ्रष्टाचार मुक्त शासन की नीति पर जनता का भरोसा टूट जाएगा। लोगों के बीच यह संदेश जाएगा कि आपकी सरकार में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बचाने की खुली छूट है।बीते लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के लिए जो निराशाजनक परिणाम आए, उनकी सबसे बड़ी वजह ऐसे ही मंत्री हैं करतूतें करतूतें सामने हैं। शालिनी पटेल ने कहा कि हम मांग करते हैं कि आप स्वयं मंच से स्पष्ट कर दें। क्या आपकी सरकार में दूसरे दलों से आए मंत्री भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और अपराधियों को बचाने के लिए स्वतंत्र हैं?

बांदा का यह दौरा साफ संकेत देता है कि मंत्री का उद्देश्य सिर्फ स्वास्थ्य माफिया और आपदा विभाग के विवादित कर्मचारियों को बचाना था। अगर इन पर लगाम नहीं कसी गई तो यह जनता में आपकी सरकार की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाएगा।

# सड़क हादसे का शिकार हुए युवक की अभी तक नहीं हो सकी पहचान

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा मन्दिर के पास हाईवे को पार कर रहा युवक शनिवार देर शाम ट्रक की चपेट में आ गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक सर्विस लेन से तेज चाल से आया था और अचानक पुराने दुर्गा मन्दिर के सामने से सडक पार करने की कोशिश करने लगा था, लेकिन वह सडक पार करता कि इससे पहले ट्रक के सामने आ गया था। फिलहाल सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था और उसकी पहचान कराने की कवायत शुरू कर दी थी।मामले में कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी का कहना है कि मृतक का चेहरा पूरी तरह से खराब हो जाने से उसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। उसकी तलाशी में भी ऐसी कोई चीज नही मिली है कि उससे शिनाख्त हो सके।

फिलहाल सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था और उसकी पहचान कराने की कवायत शुरू कर दी थी। मामले में कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी का कहना है कि मृतक का चेहरा पूरी तरह से खराब हो जाने से उसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। उसकी तलाशी में भी ऐसी कोई चीज नही मिली है कि उससे शिनाख्त हो सके। फिर भी पहचान सुनिश्चित करने के लिए उसके शव को मोर्चरी मे रखवा दिया गया है। निर्धारित समय में कोई वारिस आएगा तो उसको सुपुर्द किया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में उसे लावारिस मानकर उसका अन्तिम संस्कार पुलिस द्वारा किया जाएगा।

# चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम ने किया बच्चों को रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम द्वारा आरपीएफ एवं जीआरपी के सहयोग से दर्जन भर बाल श्रमिक बच्चो को रेस्क्यू किया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के शंकर दयाल मिश्रा ने उन्हें फ़ोन कर बताया कि ट्रेन नंबर 19436 बरौनी एक्सप्रेस में 17 बच्चे हैंए जिन्हें गुजरात में काम करने के लिए ले जाया जा रहा है प् विशेष कुमार त्रिपाठी ने तत्काल अपने उच्चाधिकारियों जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता एवं पी ओ डा0 सौरभ सिंह को सूचित किया गया। साथ ही मानिकपुर एवं कर्वी के स्टेशन प्रबंधक ए आरपीएफ व जीआरपी टीम को सूचना दे दी गई प् जिसके बाद आरपीएफ ए जीआरपी व स्टेशन प्रबंधकों के सहयोग से बरौनी एक्सप्रेस से दर्जन भर नाबालिग बच्चे एवं साथ में यात्रा कर रहे दर्जन भर वयस्क व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया।

बाद में वयस्क व्यक्तियों को आधार कार्ड लेकर छोड़ दिया गया एवं नाबालिग 12 बच्चो को सी डब्ल्यू सी के समक्ष प्रस्तुत कर एएचटी के सहयोग से मेडिकल के लिए भेजा गया। इस अभियान में चाइल्ड लाइन टीम से शेष कुमार त्रिपाठी, काजल सिंह, रामचंद्र, दीपक, कपिल, श्यामानंद, अवध लाल, दीपा शुक्ला सहित आरपीएफ मानिकपुर से विजय बसंत एवं उनकी टीम, आरपीएफ कर्वी से प्रभारी राजेन्द्र एवं उनकी टीम, जीआरपी प्रभारी अजय भदौरिया एवं उनकी टीम, जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति एवं उनकी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# नाड़ियों के शुद्धिकरण के लिए करें उदर शक्ति विकासक क्रिया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पेट को निरोगएशक्तिशाली बनाने के 10 सूक्ष्म योग क्रियाएं बताईं। जिनमें रविवार को भाग 2 का विधिवत अभ्यास कराया।

योगाचार्य ने बताया कि पेट कि चर्बी बहुत ही जिद्दी होती हैए सारी बीमारियों का केंद्र बिंदु पेट ही होता है और वर्तमान में यह समस्या बहुत बड़ी है किंतु योग के 10 व्यायाम खाली पेट लगातार करने से पेट को पूर्णतरू निरोग और मजबूत बना सकते हैं। चर्बी, मोटापा, गैस, अपच, कब्ज नाभि का खिसकना, रक्त संचार की समस्या से छुटकारा पाने के लिए पेट के व्यायाम बहुत ही सार्थक सिद्ध हुए हैं। श्वास को भरकर उसे पूरा छोड़ने से पेट को पिचजाने से पाचन गति तीव्र होती है, नसों के ब्लॉकेज खुलते हैंए 72000 नाड़ियों को ऊर्जा मिलती है वे शुद्ध होने लगती हैं।

स्पाइनलस्कॉट से निकलने वाली दोनों और की नशें शुद्ध होकर उनमें बेहतर रक्त का संचार होने लगता है। रीढ़ के अंदर सातों ऊर्जा के केंद्र शुद्ध हो जाते हैं जिससे शरीर के अंदर का विद्युत सर्किट कंप्लीट हो जाता है। इन यौगिक क्रियाओं को करने वाले साधक दीर्घायु होते हैं। योगाचार्य ने बताया कि उदर शक्ति विकासक क्रिया भाग 2 को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, गर्दन सीधी, दृष्टि सामने रखते हुए दोनों हाथों को नीचे रखते हैं। श्वास बाहर निकाल कर पेट पिचकाते हैं, सांस को अंदर लेकर पेट को फुलाते हैं, ध्यान पेट पर केंद्रित करते हुए बिना रुके जल्दी-जल्दी यह क्रिया 25 बार दोहराते हैं। शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हुए पेट के अंदर हुए सकारात्मक परिवर्तनों को अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर तात्कालिक सर्जरी की दशा में इसे न करें।

# शोध संस्थान के नए अध्यक्ष बने डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान की वार्षिक साधारण सभा की दो दिवसीय बैठक लोहिया सभागार दीनदयाल परिसर चित्रकूट में हुई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यसमिति का पुनर्गठन किया गया और रायपुर के डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना को दीनदयाल शोध संस्थान का नया अध्यक्ष चुना गया। इस वार्षिक बैठक में देश के सुदूर क्षेत्रों गोण्डा, बीड, नागपुर, दिल्ली, चित्रकूट आदि में संस्थान के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाजए राष्ट्र में अपनी सेवायें दे रहे कार्यकर्ताओं सहित साधारण सभा के प्रतिनिधि के रूप में विविध क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकर्ता देश भर के कोने.कोने से सहभागी रहे।

बैठक का शुभारंभ शहीद दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि से हुआ जिसमें सुरक्षा बलोंए सैनिकों, अर्धसैनिक बलों जो प्राकृतिक आपदाओं एवं आतंकवादी घटनाओं में जान गंवाने वाले सभी हुतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं दीनदयाल शोध संस्थान के संपर्क अधिकारी सुरेश सोनी, दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी, प्रधान सचिव अतुल जैन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, संगठन सचिव अभय महाजन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान के गोंडा प्रकल्प प्रभारी राम कृष्ण तिवारीए दिल्ली प्रकल्प के प्रभारी अमिताभ वशिष्ठए बीड़ महाराष्ट्र की प्रभारी मीरा ताई खडककरए चित्रकूट प्रकल्प के प्रभारी डॉ अनिल जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साधारण सभा बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान गोंडा, बीड़, नागपुर, दिल्ली एवं चित्रकूट प्रकल्पों द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण एवं संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों का ग्राम स्तर पर लोगों तथा समाज पर हो रहे उसके प्रभाव का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों एवं सम्मिलित की गई कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन व उसके व्यापक परिणामों पर विचार विमर्श किया गया। इस वित्तीय वर्ष में किए जा रहे कार्यों का समाज पर और बेहतर प्रभाव की दृष्टि से योजना रचना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं पिछले वर्ष के तुलनापत्र का अनुमोदन भी सर्वसम्मति से किया गया।

सम्पर्क अधिकारी सुरेश सोनी ने कहा कि सर्वसम्मति से लिये गए निर्णयों का शत.प्रतिशत पालन हो क्रियान्वयन करने वालों को इस पर विशेष ध्यान देना होगा। संस्थान के कुछ प्रकल्प जैसे राम दर्शन, उद्यमिता विद्यापीठ, आरोग्यधाम, रसशाला को आत्मनिर्भर बनाएं। समय के अनुसार अब दो प्रकार के मॉडलों पर विचार किया जा सकता है। समाज में अपरिमित ऊर्जा है उसका उपयोग कर ग्रामवासियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाया जा सकता है क्योंकि भारत में परिवार मूल इकाई है हम वसुधैव कुटुम्बकम को मानते है।

# पीड़ितों ने की न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लोढवारा गांव के निवासी सत्येंद्र कुमार व कामेंद्र कुमार ने उच्च अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि राम वन गमन के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर वह परेशान है किंतु उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर द्वारा इस मामले में लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई थी। इस टीम ने नाप के बाद बताया था कि उनके मकान से 45 फीट दूर से राम वन गमन जा रहा है। जिसमें सीमांकन भी हो गया था। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा पुरानी रिपोर्ट लगाई जा रही है। इसके चलते हुए पिछले दो सालों से मानसिक रूप से परेशान है। शिकायतकर्ताओं ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# यमुना नदी में डूबकर लापता हुए युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

जन एक्सप्रेस। उरई

कालपी यमुना नदी में युवक का शव रविवार सुबह एसडीआरएफ की मदद से पुलिस ने बरामद कर लिया है। कालपी नगर के मुहल्ला इन्द्रानगर निवासी बलबीर यादव का 19 वर्षीय पुत्र अमित यादव शनिवार सुबह भैंसो को लेकर यमुना किनारे गया था। जहां से वह दोपहर को लापता हो गया था। परिजनो को उसकी चप्पल यमुना पुल के पास मिली थी। जिससे कयास लगाए जा रहे थे कि युवक गहरे पानी में डूब गया है।

जिसकी सूचना परिजनो ने पुलिस को दी थी। जिससे कयास लगाए जा रहे थे कि युवक गहरे पानी में डूब गया है।जिसकी सूचना परिजनो ने पुलिस को दी थी। लेकिन मामले में गोताखोरों ने ढूंढने में हाथ खडे कर लेने के बाद प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया था। जिन्होंने देर शाम तक खोजी अभियान चलाया था, लेकिन सफलता नही मिली थी। लेकिन रविवार की सुबह एसडीआरएफ टीम द्वारा युवक की खोजबीन के लिए यमुना को फिर से खंगाला गया।

तभी रायढ़ गांव के ग्रामीणों ने जानकारी पुलिस परिजनो को दी कि एक शव यमुना किनारे स्थित लक्ष्मनदास कुटिया के पास पड़ा है। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी पहचान अमित यादव के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुत्र की मौत की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया है।

# पीएम मोदी ने प्राचीन किलों के इतिहास एवं अपनी संस्कृति को जानने का लोगों से किया आह्वान

जन एक्सप्रेस। उरई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मुहल्ला रामनगर स्थित भाजपा किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार परमार के आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य एवं नगर अध्यक्ष अमित समाधिया की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान भाजपा जनों ने एलसीडी के माध्यम से मोदी के मन की बात सुनी।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अपने इतिहास और संस्कृति को जानना अति आवश्यक है। अंतरिक्ष की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसके प्रति अब बच्चों में भी जिज्ञासा जागी है। मोदी ने कहा कि 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस आ रहा है शहीदों के सम्मान में अपना योगदान दें उन्होंने कारगिल युद्ध पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की अगले माह 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है इसे आप कैसे मनायेंगे ये कमेंट कर के अवश्य बताएँ। कहा कि 21 वीं सदी के भारत में आज साइंस एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है कुछ दिन पूर्व हमारे यहाँ के छात्रों ने इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियार्ड मेडल जीतकर पूरी दुनिया में देश का नाम रौशन किया। अगले माह मुंबई में एस्ट्रोनौमी और हिस्ट्री फिजिक्स ओलंपियार्ड होने जा रहा है जिसमें 60 देशों से लोग आयेंगे और यह एक इतिहास बनेगा। उन्होंने प्राचीन किलों पर चर्चा करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में भी ग्वालियर झांसी गढ़कुंडार चंदेरी और अजयगढ़ जैसे ऐतिहासिक किले हैं जिनका इतिहास जानना चाहिए यह किले ईंट पत्थर नहीं हैं यह हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे इन किलों के इतिहास को जानें और अपनी संस्कृति से चिर परिचित हों इसके उपरांत भाजपा जनों ने जिला अध्यक्ष के साथ पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार परमार, नगर अध्यक्ष अमित कुमार समाधिया, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, राकेश राजावत, विष्णु महाराज एवं अजय तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**कमला हैरिस ने हॉलीवुड स्टार्स को चुनाव...**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस बार उनका निशाना उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और कई मशहूर हस्तियां हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कमला हैरिस और डेमोक्रेटिक... पढ़ें पेज 12 पर...

# पूरे प्रदेश में बिजली कटौती

## 2065 मेगावाट की उत्पादन इकाइयां ठप, अब फीडरवार निगरानी की रणनीति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश की बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की चेतावनी और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की नाराजगी भी बेअसर साबित हो रही है। कागजों में बिजली भरपूर है। कम मांग और तकनीकी कारणों से 2065 मेगावाट की उत्पादन इकाइयां बंद कर दी गई हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। उपभोक्ता कटौती झेलने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि गांवों में बमुश्किल 10 घंटे बिजली मिल रही है। इसे देखते हुए अब फीडरवार निगरानी की रणनीति बनाई गई है। प्रदेश में करीब 3.50 करोड़ उपभोक्ता है। 10 जून रात को 10.45 बजे 32 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बन चुका है। इन दिनों 23566 मेगावाट की मांग है। कागजों में शहरी इलाके में 24 घंटे और गांवों में 18.50 घंटे आपूर्ति का दावा है, लेकिन हकीकत एकदम अलग है। शहरों में लोग ट्रिपिंग से परेशान हैं। लखनऊ में ही 24 घंटे में 8 से 10 बार ट्रिपिंग आम बात हो गई है। ग्रामीण इलाकों का बुरा हाल है। बिजली आपूर्ति के दावे और हकीकत में करीब 8 घंटे का अंतर है। इस अंतर को लोकल फाल्ट नाम दिया गया है। किसी भी स्थान पर फाल्ट होने पर उसे ठीक करने में घंटों लग रहे हैं। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक यह प्रबंधकीय असफलता है।

### कम मांग के चलते बंद की गईं इकाइयां

प्रदेश में इन दिनों 2065 मेगावाट बिजली उत्पादन ठप है। सरकारी क्षेत्र में ओबरा की यूनिट दो की 660 मेगावाट की इकाई बॉयलर लीकेज और यूनिट नौ की 200 मेगावाट की इकाई अन्य तकनीकी गड़बड़ी से बंद है। ऐसे ही हरदुआगंज की 105 मेगावाट और पनकी की 660 मेगावाट की इकाई बिजली की कम मांग की वजह से पांच अगस्त तक बंद की गई है। निजी क्षेत्र की टांडा की 440 मेगावाट की चार यूनिटें भी 31 जुलाई तक कम मांग के चलते बंद की गई हैं।

### दावे और हकीकत में अंतर की वजह

ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कागज में रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति होने के बाद उपभोक्ताओं को घंटों कम बिजली मिलने की कई कारण हैं। लाइनें 20 से 30 किलोमीटर लंबी और जर्जर हैं। ग्रामीण इलाकों में कर्मचारियों की पहले से कमी है। फाल्ट ढूंढने में वक्त लगता है। वे बताते हैं कि यदि कहीं इंसुलेटर फट गया है तो पोल टू पोल चेक करने में समय लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में 132 केवी के बिजलीघर दूर-दूर हैं। यदि दिल्ली की तरह तीन से पांच किलोमीटर पर डीपीएम (जॉइंट बॉक्स) बन जाए तो ट्रिपिंग की जल्दी जानकारी मिल जाएगी।

### ब्रेक डाउन रोकें, रोस्टर खत्म कर 24 घंटे हो आपूर्ति

बारिश के मौसम में ब्रेक डाउन होना स्वाभाविक है। इससे निपटने के लिए पहले से रणनीति बनानी चाहिए। निगरानी तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। निगमों को रोस्टर खत्म करके 24 घंटे आपूर्ति करना चाहिए। ऐसे में लोकल फाल्ट होने पर कम से कम 15 से 18 घंटे बिजली मिल सकेगी।

– अवधेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष, विद्युत उपभोक्ता परिषद

### मैन पॉवर की कमी से निगरानी तंत्र फेल

बिजली होने के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिलने का मतलब है कि प्रबंधन पूरी तरह से फेल है। ऊर्जा निगमों में मैटेरियल और मशीन है, लेकिन मैन पॉवर गायब है। ब्रेक डाउन की निगरानी करने वाले पेट्रोलमैन के पद खत्म हो गए। लाइनमैन नाम मात्र के हैं। करीब 20 हजार संविदाकर्मियों की छंटनी कर दी गई। लिहाजा निगरानी तंत्र फेल हो गया है।

– शैलेंद्र दुबे, अध्यक्ष, ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन

### फीडर स्तर पर बनाई गई रणनीति का दिखेगा असर

लोकल फाल्ट दूर करने के लिए फीडर स्तर पर रणनीति बनाई गई है। तारों से लेकर ट्रांसफार्मर तक में सुधार हो रहा है। आरडीएसएस योजना के तहत सुधार के कार्य हो रहे हैं। जल्द ही इसका असर दिखेगा। उपभोक्ता जितनी बिजली लें, उसका बिल भी अनिवार्य रूप से अदा करें। इससे बिजली सुधार के कार्य तेज होंगे और सबको राहत मिलेगी।

– डॉ. आशीष कुमार गोयल, अध्यक्ष, पॉवर कॉर्पोरेशन

# न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा मेमोरियल ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा प्रथम टी.एस. मिश्रा मेमोरियल इंटर कॉलेजिएट ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता, 2025 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित विधि क्षेत्र के विद्वानों, शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एल.पी. मिश्रा (वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय), सम्मानित अतिथि के रूप में कुलदीपपति त्रिपाठी (अतिरिक्त महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति एस.सी. मिश्रा और प्रो-वीसी कपिल मिश्रा ने की। संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह ने सभी का स्वागत किया। प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिष्ठित विधि विद्यालयों की 14 टीमें भाग ले रही हैं, जो उभरते हुए कानूनी पेशेवरों के बीच उत्कृष्टता और वकालत कौशल को बढ़ावा देगी। डॉ. एल.पी. मिश्रा ने अपने भाषण में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में अपने दीर्घकालिक अनुभवों को साझा करते हुए नैतिकता, प्रभावशाली तर्क और मामलों की सूक्ष्म तैयारी पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि ÷एक महान वकील केवल वक्ता नहीं, बल्कि एक रणनीतिकार होता है जो मानवीय मनोविज्ञान और कानून की बारीकियों को समझता है। श्री कुलदीप पति त्रिपाठी ने महाधिवक्ता के रूप में अपने अनुभवों को याद करते हुए सरकारी मुकदमों की गतिशील प्रकृति और अनुकूलनशीलता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कुलाधिपति श्री एस.सी. मिश्रा ने न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा की स्थायी विरासत और संस्थान की कुशल वकील तैयार करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह ने भाग लेने वाली 14 टीमों की सराहना की और इस प्रतियोगिता को भविष्य के कानूनी नेताओं को आकार देने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, उन्होंने कहा कि ÷न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा स्मारक ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता भारत के विधिक शिक्षा कैलेंडर में एक मील का पत्थर साबित होगी, जो देश भर के विधि छात्रों के बीच उत्कृष्टता, सहयोग और वकालत कौशल को बढ़ावा देगी÷।समारोह का आयोजन डॉ. शिप्रा, श्रीमती अन्नपूर्णा और श्री प्रतीक द्वारा किया गया।

# सुभारती यूनिवर्सिटी में कजरी लोकगायन एवं नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- कजरी सिर्फ गायन नहीं बल्कि सांस्कृतिक अनुभव: कुलपति

भारतीय लोकसंस्कृति के संरक्षण और युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में दस दिवसीय कजरी लोकगायन, नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला उत्तर प्रदेश एवं जनजातीय लोक कला संस्कृति संस्थान लखनऊ के सौजन्य से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में सभी ने लोककला के पुनर्जीवन और संरक्षण की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में भाषा विभागाध्यक्ष ने उपस्थित विद्यार्थियों को कजरी की परंपरा और सांस्कृतिक महत्ता से परिचित कराया। कजरी उत्तर भारत की एक विशिष्ट लोकगायन शैली है, जो सावन के महीने में महिलाओं द्वारा गाई जाती है, जिसमें प्रेम, विरह, प्रकृति, उत्सव और स्त्री मन की भावनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति होती है। कजरी सिर्फ गायन नहीं बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव है जिसमें संगीत और नृत्य दोनों का समावेश होता है।इस कार्यशाला के प्रमुख प्रशिक्षक गौरब साहा हैं, जो लोकसंगीत एवं नृत्य के अनुभवी कलाकार हैं। वे प्रतिदिन विद्यार्थियों को कजरी गायन की पारंपरिक बंदिशें, लय, ताल एवं शैली का प्रशिक्षण दे रहे हैं। छात्रों को कजरी नृत्य की विधिवत शिक्षा दी जा रही है, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, भाव-भंगिमा और समूहगत प्रस्तुतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कार्यशाला के प्रथम दिन ही विद्यार्थियों द्वारा सीखे गए कजरी नृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने बरसी जाए सावन की बदरिया जैसे पारंपरिक गीतों पर भावपूर्ण नृत्य किया। यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए अत्यंत हर्ष और आनंद का कारण बनी तथा कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा।इस अवसर पर कुलपति ने कहा, ऐसे आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी लोकसंस्कृति के वास्तविक स्वरूप को जान पाती है। आज जब वैश्वीकरण के कारण पारंपरिक कलाएं संकट में हैं, ऐसे में विश्वविद्यालयों की यह जिम्मेदारी है कि वे ज्ञान के साथ संस्कृति का संवहन करे। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल कजरी जैसी लोक विधा का संरक्षण करना है, बल्कि युवा वर्ग में इसके प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें इसकी शुद्ध शैली से अवगत कराना भी है।

# मन की बात: मोदी ने किया गोमती नदी का ज़िक्र

- बोले, लखनऊ की गोमती नदी टीम 10 साल से बिना थके-रुके स्वच्छता के काम में जुटी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पीएम नरेंद्र मोदी ने हर महीने के आखिरी रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हैं। आज पीएम मोदी ने मन की बात के 124वें एपिसोड में स्वच्छ सर्वेक्षण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने लखनऊ की गोमती नदी टीम का भी जिक्र किया।पीएम ने कहा, हर साल होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण ने इस भावना को और बढ़ाया है। इस साल देश के 4,500 से ज्यादा शहर,कस्बे इससे जुड़े। 15 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। ये कोई सामान्य संख्या नहीं है। ये स्वच्छ भारत की आवाज है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड में कीर्तिनगर के लोग, पहाड़ों में वेस्ट मैनेजमेंट की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। ऐसे ही मेंगलुरु में टेक्नोलॉजी से ऑर्गेनिक वेस्ट मैनेजमेंट का काम हो रहा है। अरुणाचल में एक छोटा सा शहर रोइंग है। एक समय था जब यहां लोगों के स्वास्थ्य के सामने वेस्ट मैनेजमेंट बहुत बड़ा चैलेंज था। यहां के लोगों ने इसकी जिम्मेदारी ली। ग्रीन रोइंग इनिसिएटिव शुरू हुआ और रिसाइकिलड वेस्ट से पूरा पार्क बना दिया। भोपाल की टीम का नाम है सकारात्मक सोच। इसमें 200 महिलाएं हैं। ये सिर्फ सफाई नहीं करती, सोच भी बदलती हैं। मिलकर शहर के 17 पार्कों की सफाई करना, कपड़े के थैले बांटना, इनका हर कदम एक संदेश है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भोपाल भी अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे आ गया है। उन्होंने लखनऊ की गोमती नदी टीम का जिक्र किया। उन्होंने कहा, लखनऊ की गोमती नदी टीम का जिक्र जरूरी है। 10 साल से हर रविवार, बिना थके, बिना रुके इस टीम के लोग स्वच्छता के काम में जुटे हैं।



# खुद मुसलमान क्यों नहीं बन जाते रामजी लाल सुमन: डॉ. निर्मल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व चेयरमैन और विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर उत्पीडऩ के कारण दलित धर्मान्तरण करके मुस्लिम या ईसाई बन रहा है तो दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीडऩ सपा सरकार में ही हुआ तो उस समय दलित समाज के लोगों ने धर्मांतरण क्यों नहीं किया। खुद सपा सांसद रामजीलाल सुमन भी अपना उत्पीडऩ होने और सम्मान न मिलने की बात कहते हैं तो वह खुद क्यों मुस्लिम नहीं हो जाते। डॉ. निर्मल ने कहा कि धर्मान्तरण कोई विकल्प नहीं है। अपनी लड़ाई व्यवस्था में रहकर लड़नी होगी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्याप्त कुरीतियों और जाति भेदभाव के नाम पर सख्त रुख अपनाया है इसी का नतीजा है कि यूपी में दलित उत्पीड़न की घटनाओं में काफी कमी आई हैं और अगर कहीं किसी जिले से दलित उत्पीडऩ की घटनाओं की जानकारी होती है तो वे उत्पीडऩ करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हैं। आज योजनाओं के जरिये दलितों का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

# हम युवाओं को ऐसे कौशल से सशक्त कर रहे हैं जो संस्कृति का संरक्षण करें: जयवीर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य सेउत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अधीन संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट एमकेआईटीएम राज्य भर के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह कोर्स एमकेआईटीएम द्वारा संचालित कई लघु अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा है, जो उन व्यक्तियों को पेशेवर रूप से तैयार करता है जो पर्यटन क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। अब एमकेआईटीएम जल्द वाराणसी और कन्नौज के गाइड्स की कक्षाओं की शुरुआत करने जा रहा है, जिससे यह प्रशिक्षण राज्य के और अधिक स्थलों तक पहुंचेगा। प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाता है, जबकि अंतिम परीक्षा एमकेआईटीएम परिसर, लखनऊ में आयोजित की जाती है। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को एमकेआईटीएम द्वारा गाइड लाइसेंस और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जिससे वे प्रदेश में प्रमाणित गाइड के रूप में कार्य कर सकते हैं। प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य, प्रमुख सर्किटों और स्थलों की जानकारी दी जाती है। उन्हें गाइडिंग स्किल्स, पर्यटक शिष्टाचार, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल जैसे सार्वजनिक भाषण और प्रस्तुतीकरण में भी प्रशिक्षित किया जाता है। कोर्स में भाषा दक्षता, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सीपीआर सहित, डिजिटल पेमेंट और पर्यावरणीय जागरूकता जैसे विषय शामिल हैं, जिनमें जैव विविधता, प्रदूषण, पारिस्थितिक तंत्र, वैश्विक तापमान वृद्धि और संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया जाता है। जयवीर सिंह ने बताया कि गाइड हमारे प्रदेश के सांस्कृतिक दूत होते हैं। वे आगंतुकों को हमारे इतिहास, परंपरा और आतिथ्य का परिचय देते हैं। एमकेआईटीएम के माध्यम से चलाए जा रहे गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के ज़रिए हम ऐसे पेशेवर और जागरूक गाइड तैयार कर रहे हैं जो न केवल उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करें, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी बेहतर बनाएं। हमारा उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र को युवाओं के लिए रोज़गार और गर्व का माध्यम बनाना है। अभ्यर्थी एमकेआईटीएम की वेबसाइट पर विज़िट कर सकते हैं।

# स्कूल बंदी के विरोध में 'आप' का शंख बजाकर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाकर प्रदेशव्यापी जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर इकट्ठे होकर योगी सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में निशातगंज बजरिया प्राथमिक स्कूल पर शंख बजा कर कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं व पुलिस की नोंकझोंक हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया और इको गार्डन पार्क ले गई ।शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष कर रही है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों ने जिले के बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय बजरिया निशातगंज पर जाकर शंख और थाली बजाकर ढपोरशंख सरकार को जगाने का काम किया।महेन्द्र सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा स्कूल बंद करने में लगी है। एक तरफ सरकार प्रदेश में 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं दूसरी तरफ 27,000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा -÷यह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए। विरोध प्रदर्शन जिला महासचिव ज्ञान सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें प्रमुख रूप से दिनेश पटेल, अनिल जैन, अनीत रावत, प्रीतपाल सिंह सलूजा.सहित कई लोग शामिल हुए।

# पांच लाख रुपये बढ़ी निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के दर्जनभर निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस में बढ़ोतरी हो गई है। यह बढ़ोतरी डेढ़ से पांच लाख रुपये तक की गई है जबकि कुछ कॉलेजों की फीस पिछले वर्ष की ही रहेगी। प्रदेश में 31 निजी मेडिकल कॉलेज हैं।चिकित्सा शिक्षा विभाग ने गैर अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों की फीस निर्धारित कर दी है। फीस बढ़ोतरी के पीछे कॉलेजों में संसाधन बढ़ाने का तर्क है। यह बढ़ोतरी डेढ़ से पांच लाख रुपये तक की गई है।अब निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस 12 से 19 लाख के बीच हो गई है। नॉन एसी हॉस्टल की फीस पहले 1.65 लाख थी, उसे 1.73 लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दिया है। एसी हॉस्टल की फीस 1.92 लाख से बढ़ाकर 2.02 लाख रुपये कर दी है।सिक्योरिटी राशि पूर्व की तरह तीन लाख और विधिक शुल्क 94160 रुपये रखा गया है।

# मुख्यमंत्री ने झांसी व चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों संग किया संवाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- बुंदेलखंड का समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-योगी
- जनप्रतिनिधियों के अनुभव, आवश्यकताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक
- झांसी मंडल के विधायकों ने दिए 4,901 करोड़ और चित्रकूट मंडल से आया 3,875 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव
- धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के पुनरुत्थान को मिलेगा विशेष बल



उत्तर प्रदेश के चतुर्दिक विकास हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारंभ की गई मंडलवार जनप्रतिनिधि संवाद श्रृंखला के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने झांसी और चित्रकूट धाम मंडल के विधायकों के साथ बैठक की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं बल्कि जनप्रतिनिधियों की ज़मीनी समझ, अनुभव के माध्यम से राज्य के दूरवर्ती क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समझना, समाधान सुनिश्चित करना था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चित्रकूट धाम मंडल, जो भगवान श्रीराम की तपोस्थली के रूप में प्रतिष्ठित है। झांसी मंडल, जो रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा से जुड़ा है, ये दोनों ही मंडल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक आध्यात्मिक पहचान के केंद्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और समेकित विकास 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण का मूलाधार है। जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विकास कार्य प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए तथा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। विधायको द्वारा दिये गए कुल प्रस्तावों के अनुसार झांसी मंडल के तीन जनपदों झांसी, जालौन और ललितपुर से कुल 691 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी अनुमानित लागत 4,901 करोड़ है। चित्रकूट मंडल के चार जनपदों बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा से कुल 397 कार्य प्रस्तावित हैं, जिन पर 3,875 करोड़ की लागत प्रस्तावित है। इस प्रकार दोनों मंडलों से कुल 1,088 कार्य प्रस्तावित हुए हैं, जिनकी कुल लागत 8,776 करोड़ है। इनमें से झांसी और बांदा जनपद क्रमशः 1,916 करोड़ और 1,825 करोड़ की लागत के साथ मंडलों में शीर्ष पर हैं।प्रस्तावित योजनाओं में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इंटर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुँच मार्ग, लॉजिस्टिक्स हब, बाईपास, आरओबी अंडरपास, फ्लाईओवर, मेजर एवं माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई अवसंरचना और पोंटून ब्रिज जैसे अनेक कार्य शामिल हैं। ये सभी कार्य न केवल भौगोलिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य करेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में भी सहायक सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड में जहां कहीं भी इंटरस्टेट कनेक्टिविटी बेहतर करने की आवश्यकता है, उसे विधायकों की अनुशंसा के आधार पर पहले चरण की कार्ययोजना में ही शामिल किया जाए। नगर विकास विभाग को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा किसी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन जरूर प्राप्त कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभव और स्थानीय आवश्यकताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक होती है। हम केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका समयबद्ध और ज़मीनी क्रियान्वयन ही हमारी पहचान है। बुंदेलखंड को उपेक्षा के अंधकार से निकालकर हम उसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की रेखा पर ला रहे हैं। शासन की मंशा हर योजना को नतीजों तक पहुँचाने की है।

# पेड़ बचाओ अभियान को लग रही चोट, आम और महुआ के हरे पेड़ काटे जा रहे प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी



एक ओर सरकार **एक वृक्ष माँ के नाम** अभियान के तहत हर नागरिक को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर रही है वहीं दूसरी ओर सैमरौता कस्बे के निकट रायबरेली-इन्हौना मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास आम और महुआ के हरे पेड़ों का बेरहमी से कटान किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह कटाई दिन रात पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हो रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। आम और महुआ जैसे फलदार वृक्ष न केवल ग्रामीण जीवन का आधार हैं,बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका यूं खुले आम कट जाना गंभीर चिंता का विषय है। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में शिकायत करने के बावजूद प्रशासन मौन है, जिससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं इस अवैध कटान को संरक्षण तो नहीं प्राप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हरियाली पर सीधा प्रहार है, और आने वाले समय में इसका दुष्परिणाम पर्यावरण और जलवायु दोनों पर पड़ेगा।

ऐसा तब हो रहा है जब प्रदेश सरकार हर ब्लॉक, तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रही है। और लोगों को एक-एक पेड़ माँ के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वन विभाग और पुलिस की चुप्पी से पेड़ माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में हरियाली का यह विनाश स्थायी क्षति का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कटे हुए वृक्षों की जगह अधिक संख्या में नए वृक्ष लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।

## डलमऊ में युवक ने किया आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गहरवारी गांव में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। मृतक की पहचान 48 वर्षीय प्रमोद कुमार शुक्ला के रूप में हुई है, जो रामपाल शुक्ला के पुत्र थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रमोद के तीन बच्चे हैं जो वर्तमान में पंजाब में रह रहे हैं। उनकी पत्नी की कुछ साल पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। प्रमोद के आत्महत्या करने की खबर से परिवार में हड़कंप मच गया है। डलमऊ कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल, छह इंजन व कटर सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की तीन मोटरसाइकिल, छह गाड़ियों के इंजन और कटर मशीन समेत कई पार्ट्स बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक कुख्यात चोर और दूसरा वाहन मिस्त्री है, जो मिलकर बाइक चोरी और उनके पुर्जों की कटिंग कर बिक्री करते थे। यह कार्रवाई अमेठी कोतवाली क्षेत्र के डेढ़ पसार गांव के पास रविवार शाम चेकिंग के दौरान की गई। पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी,तभी एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा पूछताछ में उनकी बाइक चोरी की निकली, जिसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में सलमान नामक युवक ने कबूल किया कि वह एक शातिर चोर है। और अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली समेत कई जिलों से बाइक चोरी कर चुका है। उस पर विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। दूसरा आरोपी प्रीतम वर्मा, पेशे से वाहन मिस्त्री है। और संग्रामपुर क्षेत्र में उसकी दुकान है। सलमान द्वारा चुराई गई गाड़ियां उसी दुकान पर लाकर कटर मशीन से काटी जाती थीं। और उनके पुर्जे कबाड़ के रूप में बेचे जाते थे। दोनों आरोपी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। और एक सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।चुराई गई गाड़ियों को रात के समय दुकान में काटा जाता था, जिससे पहचान न हो सके।

# सामूहिक रूप से सुनी गई मन की बात' का 124वां संस्करण, प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार



जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत **'मन की बात'** कार्यक्रम के 124वें संस्करण को रविवार को तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीढ़ी ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 333 व 334 पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों, महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक श्रवण कर उन्हें आत्मसात करने का संकल्प लिया। 'मन की बात' के इस अंक में विकसित भारत के निर्माण, सामाजिक समरसता,जन सहभागिता और नवाचार जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सभी ने प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि **मन की बात** केवल संवाद नहीं, बल्कि जन-जन को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है,जो देश को एक नई दिशा देता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उठाए गए विचार आज प्रत्येक नागरिक के जीवन को प्रेरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि देश की एकता, संस्कृति और विकास यात्रा को दिशा देने वाले इस जनसंवाद से हम सबको नई प्रेरणा मिली है।

प्रधानमंत्री का यह संवाद गांव-गांव, जन-जन तक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकसित भारत 2047 के संकल्प में सहभागी बनना था। उपस्थित जनसमूह ने **'मन की बात'** के बाद चर्चा कर प्रधानमंत्री के विचारों को अपनी दिनचर्या में उतारने का भी संकल्प लिया।

## रायबरेली में प्रशिक्षण के दौरान सिपाही चक्कर खाकर गिरा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु सिपाही प्रखर यादव अचानक चक्कर आने के बाद गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. रोशन पटेल ने बताया कि प्रशिक्षु सिपाही को तुरंत भर्ती कर लिया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर रख रही है। साथ ही उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया जा रहा है। प्रखर यादव की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। हालांकि पूरी तरह से स्वास्थ्य लाभ होने तक उन्हें चिकित्सकों की देखरेख में रखा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने की वजह का पता लगाया जा रहा है। इस घटना के बाद पुलिस लाइन में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षु सिपाही प्रखर यादव झांसी जिले के रहने वाले हैं।

# जनपद में आरओ–एआरओ परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, 13 केंद्रों पर 5376 परीक्षार्थी हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद में रविवार को समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पूर्ण पारदर्शिता के बीच सम्पन्न हुई। परीक्षा का आयोजन 13 परीक्षा केंद्रों पर किया गया।जिसमें कुल 5376 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को केंद्रों पर तैनात किया गया था, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। परीक्षा की तैयारी और निगरानी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने परीक्षा पूर्व ही विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था। परीक्षा सुबह 9:30 बजे समय से शुरू की गई, जिसमें परीक्षार्थियों की उपस्थिति और प्रवेश की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।

नकल रोकने के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीधे की गई। सीसीटीवी फुटेज के जरिए हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी गई। जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश थे कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या तकनीकी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी पूरे दिन भ्रमणशील रहे और निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखा। अमेठी प्रशासन की इस कार्यप्रणाली की सराहना परीक्षार्थियों और अभिभावकों द्वारा की गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिससे जिले की प्रशासनिक सजगता और पारदर्शिता की एक मिसाल पेश हुई।

# जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम का खामियाजा भुगत रहे किसान किसानों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल अमेठी



धान की फसलों के बीच खेत में पड़ी दरार इंद्रदेव की बेरहमी व सरकारी तंत्र के रवैया से हताश अन्नदाता शासन प्रशासन से फसल बचाने की गुहार लगाई है। नहरों में धूल उड़ रही है। माइनर झाड़-झंखाड़ से अटे पड़े हैं। सरकारी नलकूपों की स्थिति दयनीय है। पक्की नालियां टूटी पड़ी हैं। सिंचाई के संकट से जूझ रहे किसानों के होश उड़े हैं।धान की फसलें पानी बगैर बदरंग हो रही हैं। निजी नलकूपों से महंगी सिंचाई करने व विवश किसान सिंचाई के सरकारी संसाधनों के प्रति बरती जा रही उदासीनता से चिंतित हैं। सिंचाई के प्रमुख संसाधनों में शुमार नहर, सरकारी नलकूप किसानों का दर्द बढ़ा रहे हैं। विकासखंड अंतर्गत रजवाहा सूखी देखी जा रही है।

### दिखावा बन रहे सरकारी नलकूप

क्षेत्र की नहरे व सरकारी नलकूप महज दिखावा बन रहा है। नालियां टूट गई है। यदाकदा कभी नहरो में पानी भी आ गया तो बगैर नालियां के सिंचाई करना किसानो के लिए टेढ़ी खीर होता है। सरकारी नलकूपों की व्यवस्था भी दयानीय देखी जा रही है। कहीं-कहीं विभाग द्वारा लगाई गई चेंबर नालिया बीक तो कहीं नालिया ध्वस्त देखी जा रही हैं। विभाग के जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम से सरकारी तंत्र किसानों को संतृप्त नहीं कर पा रहा है।

### समस्या किसानों की जुबानी

आसाराम रघुनाथ गप्पू नरेश रोहित हरिलाल दिलीप शिव कुमार आदि स्थानीय अन्नदाताओं से बात साझा की गई,कहते हैं कि सिंचाई के संसाधनों के प्रति उपेक्षा से किसानों की कमर टूट रही है। किसान उपेक्षित महसूस कर रहा है। माइनरों की दशा बदतर हो गई है। न तो इनकी सफाई होती न ही कभी पानी छोड़ा जाता। वर्षों से यह बदहाल हैं। नलकूपों के प्रति उपेक्षा किसानों पर भारी पड़ रहा है। सिंचाई के लिए हाय तौबा मच रही है। नहरों में समय से पानी नहीं आने से किसान फसलों को निजी नलकूपों से सिंचाई करने को विवश हो रहे हैं।

## रायबरेली में सर्प ने वृद्ध को तीन बार डंसा, मौत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** बछरावां के नंदखेड़ा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। शनिवार सुबह 62 वर्षीय परीदीन पुत्र बाबूलाल को खेतों में काम करते समय एक सांप ने तीन बार डंस लिया। सर्पदंश के बाद परीदीन अपने खेत से घर की ओर जाने लगे। रास्ते में वह बेसुध होकर गिर गए। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक परीदीन की मृत्यु हो चुकी थी। परिवार ने मृतक का अंतिम संस्कार शुरू कर दिया। घर में मातम का माहौल था और महिलाएं विलाप कर रही थीं। इसी दौरान घर के दरवाजे पर एक सांप दिखाई दिया। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। अंतिम संस्कार स्थल से परिजन और ग्रामीण तुरंत घर पहुंचे। सपेरे को बुलाकर सांप को पकड़वाया गया। इसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली।

# सफाई न जागरूकता... कागजों तक सीमित देखा जा रहा संचारी रोग अभियान

जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी



संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई सबसे जरूरी बताई जाती है। लेकिन पंचायतों में सफाई को लेकर कोई प्रभावी कार्य होता नहीं दिख रहा है। कस्बे से लेकर गांव तक हर जगह गंदगी फैली देखी जा रही है। संचारी रोग नियंत्रण के लिए सफाई अनिवार्य है। यदि नियमित सफाई कार्य चलता रहे तो संचारी रोग फैलने के मामलों को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। अभियान के तहत यही नहीं हो रहा है। पंचायत के गांवों की बात करें तो शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला होगा जहां पर्याप्त सफाई कराई गई हो। विकासखंड के अधिकांश पंचायत के गांवों में देखा गया जहां सड़क पर नालियों का पानी फैला हुआ दिखा। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों की मरम्मत व सफाई न होने से पानी सड़क पर फैल रहा है। दिनभर मच्छर लगते रहते हैं। मच्छर संचारी रोग के वाहक हैं लेकिन इन्हें नियंत्रित करने के लिए न तो एंटीलार्वा का छिड़काव हो रहा है और न ही फॉगिंग कराई जा रही है। अभियान ग्राम पंचायतों तक तो चलाया जा रहा है। लेकिन यह सिर्फ कागजों में चल रहा है। गांवों में सफाई व्यवस्था बेहद खराब है। जगह जगह नालियों में गंदा पानी जमा देखा जा रहा है। झाड़ियों के बीच सड़ रहे कूड़े की बदबू से आसपास के लोगों की परेशानी भी देखी जा रही हैं। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# एपीजे अब्दुल कलाम को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि




जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और राष्ट्रीय अभिभावक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ मिसाइल मैन डॉ अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। छात्रा आरोही पाल ने डॉ कलाम के जीवन की संक्षिप्त जानकारी दी और बताया कि वह हमारे देश के ग्यारहवें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए, वह जाने माने वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में भी विख्यात रहे, डॉ कलाम ने परमाणु परीक्षण में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं राष्ट्रीय अभिभावक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने माता-पिता पर भावनात्मक लेख और स्लोगन लिखे तथा छात्रा एंजेल एवं भव्या ने इस अवसर पर गीत प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि उन्होंने इस देश को बहुत कुछ दिया साथ ही उन्होंने सीखने की ललक एवं ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाने की शिक्षा देते हुए कहा कि सीखना रचनात्मकता देता है, रचनात्मकता सोच की ओर ले जाती है। चिंतन ज्ञान प्रदान करता है, ज्ञान आपको महान बनता है। श्री प्रजापति ने राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता-पिता बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जन्म से ही वह हमारी रक्षा करते हैं और हमारे आदर्श के रूप में कार्य करते हैं उनकी यह निस्वार्थ सेवा हमें जीवन भर के लिए उनका ऋणी बनाती है, इसलिए हमें जीवन पर्यन्त उनका सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जगतपुर में अवैध खनन का खेल: रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हो रहा खनन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन का खेल जारी है। कुसमी, पारी, उमरी और जलालपुर गांवों में रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों से धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन गांवों में रात के समय जेसीबी मशीनें सक्रिय हो जाती हैं और बिना किसी अनुमति के खनन कार्य चलता रहता है। इस अवैध गतिविधि से न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है। हैरानी की बात यह है कि इस अवैध खनन के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी इस अवैध खनन की जानकारी होने के बावजूद अनजान बने हुए हैं। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थानीय पर्यावरण और भूमि को अपूरणीय क्षति होगी।

# जगदीशपुर–गौरीगंज मार्ग को फोर लेन बनाने की मांग तेज गौरीगंज विधायक ने सीएम समीक्षा बैठक में रखा प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/अमेठी



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पीडब्ल्यूडी, पर्यटन एवं नगर विकास विभाग की देवीपाटन और अयोध्या मंडल की समीक्षा बैठक में अमेठी जिले के विकास से जुड़ा एक अहम मुद्दा उठा। गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने इस बैठक में जगदीशपुर से गौरीगंज तक फोर लेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। विधायक ने बताया कि यह मार्ग जिले का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो टिकरिया इंडस्ट्रियल एरिया से होकर गुजरता है, और इस पर प्रतिदिन भारी संख्या में बड़े वाहनों के साथ आमजन का भी आवागमन होता है। सड़क की चौड़ाई सीमित होने के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रस्तावित फोर लेन निर्माण की अनुमानित लागत करीब 650 करोड़ रुपये बताई गई है। विधायक ने फोर लेन सड़क को आगे सर्किट हाउस और मनीपुर तक विस्तार देने का भी सुझाव दिया है।

जिससे नवोदय विद्यालय विकास भवन, डीएफओ कार्यालय, पुलिस लाइन, जिला कारागार समेत अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंचने में आमजन को सुविधा हो सके। इस विस्तार हेतु अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये की मांग भी बैठक में रखी गई। साथ ही, विधायक ने एक नए रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक गतिविधियों और प्रशासनिक महत्व को देखते हुए यह परियोजना समय की मांग है। यह प्रस्ताव अगर स्वीकृत होता है तो न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी।

बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। और संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पहल से क्षेत्रीय जनता को बड़ी उम्मीदें जुड़ी हैं,जो वर्षों से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कर रही है।



**शाहगंज के होटल बने देह व्यापार के ...**

शाहगंज कस्बा इन दिनों शर्मसार है। यहां के प्रमुख मार्गों– अयोध्या रोड, सुल्तानपुर रोड, आज़मगढ़ रोड और ताखा चौराहा के आसपास खुलेआम देह व्यापार का खेल... शेष पेज 10 पर...

# 16 साल बाद धरातल पर उतरेगी मंधना-4 योजना

## छह अगस्त को 26.84 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की होगी घोषणा




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में आवास विकास परिषद की आवास विकास मंधना संख्या-4 योजना 16 वर्ष बाद धरातल पर उतरने जा रही है। छह अगस्त को जिला प्रशासन योजना की जद में आने वाले पांच गांव में से एक गांव बिरतियान बिठूर की 26.84 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की घोषणा करेगा। इसके लिए गांव के करीब 255 किसानों को नोटिस भेज दिया गया है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अधिग्रहण की घोषणा होते ही मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। किसानों को 2009 के सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा देने का फैसला किया गया है। आवास विकास परिषद ने वर्ष 2009 में मंधना से बिठूर के बीच में (परगही बांगर, बगदौधी बांगर, बगदौधी कछार, पेम, बिरतियान गांव) में 199.91 हेक्टेयर जमीन अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसके लिए गजट भी जारी कर दिया था, लेकिन किसी कारण से योजना कागजों में ही अटकी रह गई। कई बार भूमि अधिग्रहण की योजना बनाई गई, लेकिन किसान मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग पर अड़े रहे। जून 2024 में तत्कालीन एडीएम भूमि और आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर किसानों की आपत्तियां सुनीं।

### 500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर राजस्व परिषद को भेजा था

कई किसानों ने तत्कालीन सर्किल रेट के अनुसार, तो कई किसानों ने आठ गुना मुआवजा देने की मांग की। आवास विकास परिषद की इसी साल फरवरी में हुई 26वीं बोर्ड बैठक में वर्ष 2014 के सर्किल रेट पर मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। इस पर एडीएम भूमि ने करीब 500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर राजस्व परिषद को भेजा था। हालांकि इस पर भी किसान राजी नहीं हुए। इसके बाद मार्च में शासन ने फिर से 2009 सर्किट रेट के अनुसार गजट जारी होने की तारीख से लेकर अब तक के ब्याज समेत मुआवजा देने का अंतिम निर्णय लिया, लेकिन किसान ज्यादा मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे।

### छह अगस्त को जमीन अधिग्रहण की घोषणा की जाएगी

अब शासन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर योजना के तहत छह अगस्त को जमीन अधिग्रहीत करने की आधिकारिक रूप से घोषणा करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। एडीएम भूमि संतोष कुमार राय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार छह अगस्त को बिरतियान बिठूर गांव की जमीन के अधिग्रहण की घोषणा की जाएगी। इसके बाद अन्य गांवों में जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। 2009 के सर्किल रेट के अनुसार गजट जारी होने की तिथि से अब तक के ब्याज समेत किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

### पहले सिर्फ एक गांव की 26 हेक्टेयर भूमि का होगा अधिग्रहण

किसानों की रजामंदी न होने के कारण जिला प्रशासन पहले सिर्फ बिरतियान बिठूर की 26.84 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण की घोषणा करने जा रहा है। इस गांव के करीब 255 किसानों की जमीन है। सभी को नोटिस जारी किया जा चुका है।

### पांच गांवों की 199.91 हेक्टेयर जमीन पर बनाए जाएंगे भूखंड

आवास विकास परिषद की योजना संख्या चार के तहत मंधना के पांच गांवों की जमीन पर आवासीय भूखंड बनाए जाएंगे। इसमें 700 किसानों की परगही बांगर की 21.39 हेक्टेयर, बगदौधी बांगर की 8.29 हेक्टेयर, बगदौधी कछार की 34.95 हेक्टेयर, पेम की 108.42 हेक्टेयर व बिरतियान बिठूर की 26.84 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जानी है। अभी सिर्फ बिरतियान बिठूर की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। इसके बाद शेष गांवों की जमीन अधिग्रहीत होगी।

## हिंदी भवन में समर्थकों संग बैठक कर तय होगी धरने की रणनीति

**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात**

कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में मिले आश्वासन के बाद कार्रवाई न होने पर राज्यमंत्री अब समर्थकों के साथ हिंदी भवन में रविवार को बैठक करेंगी। इसमें आगे की रणनीति तय कर धरना दिए जाने की तिथि तय की जाएगी।

राज्यमंत्री के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने बताया कि एसपी ने धरना दिए जाने के दौरान आश्वासन दिया था कि 24 घंटे में मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। आश्वासन का समय बीत गया है। फिर भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे राज्यमंत्री के समर्थकों में नाराजगी है। बताया कि उनका अनिल शुक्ल वारसी-प्रतिभा शुक्ला कुटुंब परिवार है। इससे जुड़े समर्थकों ने बैठक कर आगे का निर्णय लिए जाने का फैसला लिया है। रविवार को हिंदी भवन अकबरपुर में दोपहर तीन बजे बैठक करने का निर्णय लिया गया है। इसमें राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व वह स्वयं शामिल होगें। इसके साथ ही इसमें प्रमुख लोग शामिल भी होंगे। बैठक में ही धरने की तिथि तय की जाएगी। बताया कि बैठक के बाद जिलाधिकारी को धरने की अनुमति के लिए एक पत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी शासन को है। अफसर अपने मन की कर रहे हैं, हम अपने मन की करेंगे। बैठक में जो तय होगा वह उस फैसले को लेकर आगे की रणनीति बनाएंगे।

## खेरेश्वर मंदिर अमृत सरोवर में सावन के महीने में धूल उड़ रही है, अधिकारी देखकर भी आंख मूंद लेते हैं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह अमृत सरोवर बनाए गए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के रूप में तैयार हो रहे थे लेकिन कहीं पर पैसा न पहुंचना और कहीं पर खुदाई के नाम पर खाना पूरी और बरसात होने पर सब बराबर हो गया कहीं पर कोई भी अमृत सरोवर तहसील क्षेत्र में मानक पूरे नहीं करता है वहीं पर खेरेश्वर मंदिर के पास बने अमृत सरोवर में जिलाधिकारी महोदय ने सेल्फी प्वाइंट भी बनवाया था खेरेश्वर मंदिर के तीसरे सोमवार की पूर्व संध्या पर श्रद्धा लु भोले बाबा का जल अभिषेक करके सेल्फी पॉइंट पर घूमने पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि जब अमृतसर रोवर नहीं बना था तो इन दोनों कमल के फूल से तालाब और जल भरा रहता था अब यह एक तालाब को खूबसूरती को उजाड़ दिया गया है और यहां पर धूल उड़ रही है जानवर भैंस बकरियां गाय आदि हरी घास चल रही हैं वहीं पर कमल के फूल को बच्चे तोड़ कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं आखिरकार इसकी खूबसूरती कब लौटेगी जबकि कानपुर नगर में सरकारी अधिकारी 90त्न खेरेश्वर मंदिर के दर्शन करने सावन के महीने में आते हैं इसके बाद भी कोई अधिकारी इसकी सुध नहीं लेने वाला है नेता तो अक्सर ही आते रहते हैं। खेरेश्वर बाबा से अपनी प्रगति और काम अच्छा चलता रहे की दुआ मांगने के लिए जल चढ़ाते हैं लेकिन तालाब की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है। वहीं पर दोपहर में एक दुकानदार अमृत सरोवर में लघु शंका करते भी दिखाई पड़ा। आखिरकार इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं।

## पावर प्लांट कर्मचारी को लूटने वाले तीन गिरफ्तार, लूटा गया माल भी बरामद



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सेनपश्चिम पारा थानाक्षेत्र में बुधवार देर शाम इमलीपुर गांव में नेयवेली पावर प्लांट कर्मचारी दिव्यांश यादव को लूटने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक हरदोई के संडीला इमलियाबाग निवासी सोनू श्रीवास्तव, सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र के दीनदयालपुरम निवासी निशांत वर्मा उर्फ राजा व अक्षय सरोज उर्फ तूफान हैं। आरोपियों के पास से लूटा गया माल भी बरामद हो गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि शातिरों ने औरैया के सहायल थानाक्षेत्र के मानपुरवा गांव निवासी दिव्यांश यादव को बुधवार शाम ऑटो में बैठाकर लूट लिया था। पीड़ित ने आरोपियों की ऑटो का नंबर नोट कर पुलिस को दे दिया था। पुलिस ने ऑटो को पकड़ा तो पता चला कि उसे किराये पर लेकर निशांत चलाता था। इसके बाद पुलिस ने रविवार सुबह रेलवे अंडर पास से तीनों को धर दबोचा।

## यूपी टी–20 लीग में गोरखपुर टीम के मुख्य कोच के तौर पर दिखेंगे शहर के अंकित राजपूत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आईपीएल और रणजी मैचों में अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम के बल्लेबाजों को आउट करने वाले शहर के अंकित राजपूत अब नई जिम्मेदारी निभाएंगे। वह आगामी यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में गोरखपुर टीम के मुख्य कोच के तौर पर नजर आएंगे।

नौबस्ता निवासी अंकित राजपूत ने उत्तर प्रदेश के लिए 14 वर्ष तक अपनी क्रिकेट सेवाएं दी हैं। इसके अलावा उन्होंने इंडिया ए, इंडिया इमर्जिंग, इंडिया ग्रीन और ब्लू, इंडिया बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन और रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए भी क्रिकेट खेला है। उन्होंने 80 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 248 विकेट, 87 टी-20 मैचों में 105 विकेट अपने नाम किए हैं। सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद अब अंकित यूपी टी-20 क्रिकेट लीग के तीसरे सत्र में नई भूमिका में दिखायी देंगे। वह आने वाले सत्र में गोरखपुर लायंस टीम के लिए बतौर मुख्य कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हुए नजर आएंगे।

## महिगवा गांव में दो घरों में चोरों ने लाखों का माल किया पार, घर के बाहर परिवारीजन सोते रहे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर थाना क्षेत्र के महिगवां गांव में शनिवार-रविवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। दोनों घरों के परिवार बाहर सो रहे थे और सुबह जागने पर उन्हें चोरी का पता चला। गांव निवासी रामसेवक सावन मास के चलते अपनी विवाहित बेटी के घर सावनी देने गए थे। उनकी पत्नी सोमवती और दोनों बेटे अंकित नागेश घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे थे। चोर घर के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने कमरे का ताला तोडकर बक्सा उठा लिया।

सुबह खोजबीन करने पर बक्सा घर से 200 मीटर दूर उमेश की झोपड़ी के पास बिखरा हुआ मिला। बक्से में रखे पायल, पेटी, नथुनिया सहित एक लाख से अधिक रुपए के जेवरात गायब थे। दूसरे मामले में उसी गांव में रामसेवक से लगभग 200 मीटर दूर दुर्गाशंकर उनकी पत्नी अर्चना भी घर के बाहर सो रहे थे। चोर घर के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कमरे में रखा बक्सा उठाकर फरार हो गए। रात में जब दुर्गाशंकर ने मोबाइल चार्जिंग के लिए दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह बंद था। घर के अंदर कमरे के दरवाजे खुले पड़े थे। खोजबीन करने पर उनका बक्सा घर से 100 मीटर दूर नागेश्वर की बगीचे के पास मिला। बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे दस हजार रुपए गायब थे। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घरों में हुई चोरी की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि गहनता से टीमें जांच कर रही हैं जल्दी खुलासा होने की उम्मीद है।

## कांवड़ लेकर निकले आईआईटी के छात्र और प्रोफेसर, किया जलाभिषेक



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आईआईटी कानपुर के छात्रों और प्रोफेसरों ने रविवार को कांवड़ यात्रा निकाली। सरसैया घाट से गंगाजल लेकर आनंदेश्वर मंदिर तक पदयात्रा कर भगवान शिव का अभिषेक कर कल्याण की कामना की। कांधे पर गंगाजल लेकर निकले भावी इंजीनियरों और वैज्ञानिक पूरे रास्ते हर-हर महादेव का जाप करते रहे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और धर्म का स्वभाव परस्पर विरोधी नहीं है। यात्रा की अगुवाई कर रहे शोध छात्र शिवम ने कहा कि जब आस्था और विज्ञान एक साथ चलते हैं, तब समाज में चमत्कार होते हैं।

लंबी कांवड़ यात्रा में जाना संभव नहीं है

इसलिए प्रतीकात्मक यात्रा लेकर निकले हैं। दल में प्रो. नचिकेता तिवारी, राजेश रंजन, अखिलेश विमानी, डीपी मिश्रा, छात्र शिवम सिंह, गोपाल गुप्ता, अभिषा, स्वाती, विशाल चक्रधारी, विशाल सिंह, निलय श्रीसत, शुभम राज, रोहित, पवन शर्मा, हिमांशु यादव, अमन शुक्ल आदि शामिल रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ में दिव्यांग और साथियों पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




सचेंडी थाने में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में मां ने शनिवार को दिव्यांग और उसके चार-पांच साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलते ही दिव्यांग अपने गांव से लगभग 50 लोगों को लेकर भीमसेन चौकी पहुंच गया। वह अभद्रता करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगा।

सचेंडी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय इंटर की छात्रा से बुधवार को दिव्यांग महेंद्र ने छेड़छाड़ की थी। अपनी ट्राई साइकिल में बैठकर फौजी की वर्दी पहन कर तमंचे से धमकाया था। इस पर राहगीरों ने पकड़कर आधा सर मुंडवाकर चेहरे पर कालिख पोत कर मारपीट की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की जानकारी पर महेंद्र ने सचेंडी थाने में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

वहीं, छात्रा के परिजनों ने पुलिस कमिश्नर के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। थाना समाधान दिवस होने पर शनिवार को डीसीपी वेस्ट दिनेश त्रिपाठी सचेंडी थाने पहुंचे तो नाबालिग की मां ने उन्हें प्रार्थना पत्र दिया। इस पर गज्जापुरवा निवासी दिव्यांग महेंद्र, राहुल ठाकुर व तीन से चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। एसीपी पनकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जाजमऊ इंस्पेक्टर को कल्याणपुर का चार्ज, मूलगंज थाना प्रभारी बने पीआरओ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पुलिस कमिश्नर ने शनिवार की शाम को कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। जाजमऊ के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्रा को कल्याणपुर थाने का चार्ज मिला है। यहां तैनात रहे इंस्पेक्टर सुधीर कुमार को पुलिस कमिश्नर के पीआरओ के साथ सीसीटीएनएस व ई-ऑफिस सेल का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस कमिश्नर के पीआरओ की जिम्मेदारी संभाल रहे जितेद्र सिंह जाजमऊ के प्रभारी निरीक्षक बने हैं। मूलगंज थाने के इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था का पीआरओ बनाया गया है। बादशाहीनाका थानाध्यक्ष रहे विनय तिवारी को सजेती का थानाध्यक्ष बनाया गया है। सजेती के एसओ रहे कमलेश राय की पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के जोन आवंटन कार्यालय में तैनाती हुई है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था के पीआरओ रहे राहुल कटियार को बादशाहीनाका थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। डीसीपी दक्षिण कार्यालय में एसआई विक्रम सिंह को मूलगंज का एसओ, बाबूपुरवा थाने के एसआई जितेंद्र सिंह राजपूत को ककवन एसओ, डीसीपी पश्चिम कार्यालय के एसओ राकेश कुमार सिंह को सीसामऊ एसओ का चार्ज दिया गया है। सीसामऊ थानाध्यक्ष रहे हिमांशु चौधरी को पुलिस लाइन भेजा गया है। उनका स्थानांतरण दूसरे जनपद में हुआ है। ककवन के थानाध्यक्ष रहे धर्मेंद्र कुमार गुप्ता को डीसीपी मुख्यालय क जोन आवंटन कार्यालय में तैनात किया गय है।

## परीक्षा में पूछा– कौन करता राष्ट्रीय आय का आंकलन, किससे लौटी सुनीता विलियम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



देश की राष्ट्रीय आय का आकलन कौन करता है और सुनीता विलियम किस स्पेसक्राफ्ट से वापस धरती पर लौटी। द पॉपुलेशन बम पुस्तक किसने लिखी और ब्रह्मा जी का मंदिर कहां हैं और राष्ट्रमंडल खेल कहां होंगे। यह कुछ ऐसे सवालों की भांजी है, जिन्हें रविवार को हुई समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में अभ्यर्थियों से पूछा गया।180 मिनट में 200 प्रश्नों को हल करने में ज्यादातर परीक्षार्थियों के पसीने छूट गए। प्रश्न पत्र में 140 प्रश्न सामान्य अध्ययन और 60 सामान्य हिंदी से जुड़े पूछे गए। परीक्षा के लिए शहर में 139 केंद्र बनाए गए थे। इनमें दूसरे जिलों के 65 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

### जांच पड़ताल के लिए पुलिस कमिश्नर स्वयं निकले

सुबह साढ़े सात बजे से परीक्षार्थियों को तीन राउंड चेकिंग के बाद दाखिला दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था की जांच पड़ताल के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार स्वयं निकले। उन्होंने आधा दर्जन से ज्यादा कॉलेज का निरीक्षण किया। अभ्यर्थियों को मोबाइल, केलकुलेटर, ईयरबड्स आदि ले जाने पर पूरी तरह से रोक रही।

## गुनगुन बोली, जायदाद से बेदखल होने से परेशान था लखन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रावतपुर में सहमति संबंध में रहने वाले लखन शुक्ला की हत्या के आरोप में शनिवार को पुलिस ने उसके साथ रहने वाली गुनगुन को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। जेल जाने से पहले उसने पुलिस का बताया कि घर से लखन की चाची का फोन आया था कि उसे जायदाद से बेदखल कर दिया है। इसकी वजह से वह परेशान था। वह बार-बार खुद को बेकसूर बताती रही। हालांकि घटना से जुड़े पुलिस के सवालों का उसके पास कोई जवाब नहीं था। पुलिस उसे जेल भेजने से पहले मेडिकल के लिए कल्याणपुर सीएचसी लाई थी। बता दें कि जरौली निवासी अर्जुन शुक्ला का बेटा लखन दो महीने पहले घर छोड़कर गुनगुन के साथ काकादेव ओम चौराहा पर किराये पर रहने लगा था। गुनगुन पहले से शादीशुदा थी और पति से अलग रह रही थी। गुरुवार सुबह कमरे से रोने की आवाजें आने पर पड़ोसियों ने जब कमरे का दरवाजा खुलवाया तो लखन का शव बेड पर पड़ा था।

पुलिस की पूछताछ में उसने कहा कि लखन शुक्ला से कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद हम लोग 15 दिन पहले काकादेव स्थित हॉस्टल में रहने के लिए आए थे। घटना वाली रात को परमट मंदिर गए और रात में पिज्जा खाया था। सब कुछ सामान्य था। जायदाद से बेदखली वाले फोन के बाद वह परेशान हो गया था। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है।

## दिन में उमस–शाम को बारिश से राहत, सड़कों पर हुआ जलभराव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात**

पुखरायां। दिन भर तेज धूप व उमस के बीच शाम को मौसम बदल गया। देर शाम छह बजे के करीब शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर शाम सात बजे तक हुई। अकबरपुर में करीब 30 मिमी बारिश होने से सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे राहगीरों को निकलने में परेशानी हुई।

शाम के समय बारिश होते ही अकबरपुर की बिजली गुल हो गई। इससे सड़कों पर सन्नाटा छा गया। ओवर ब्रिज के नीचे जलभराव होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। पुखरायां मेनरोड किनारे जलभराव हो गया। पुखरायां कस्बा साप्ताहिक बाजार शनिवार को होने के कारण मंडी में लोगों की भीड़ थी। दिन में एक बार बारिश होकर निकल चुकी थी। शाम को तेज बारिश हुई तो दुकानदार सामान समेटने लगे। इधर बाजार में सन्नाटा पसर गया। दुकानदार कैलाश साहू, रामकिशोर, शाहिल, जनक, कल्लन, सकूर, संजय ने बताया कि बारिश तेज होने के कारण दुकान में तिरपाल डालकर भागना पड़ा। काफी सामान भीग गया। बारिश के साथ गरज चमक होने से डर लगता रहा है।

## क्राइस्ट चर्च ने जीती जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

खेल निदेशालय उप्र की जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच शनिवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले गए। यहां क्राइस्ट चर्च ने सर पदमपत सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी को नौ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच की शुरुआत क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद, उपक्रीड़ाधिकारी अमित पाल, पूर्व रणजी खिलाड़ी अरविंद सोलंकी ने परिचय प्राप्त कर की। सर पदमपत सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी ने 15 ओवर में आठ विकेट पर 74 रन बनाए।

टीम से वंश निगम ने 33 रन बनाए व गेंदबाजी में उत्कर्ष तिवारी, रजा व प्रियांशु ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्राइस्ट चर्च की टीम ने 11.4 ओवर में एक विकेट पर 75 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

जीत में उत्कर्ष तिवारी ने 34 रन बनाए और गेंदबाजी में अभिनव प्रजापति ने एक विकेट लिया। इस मौके पर क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद, उपक्रीड़ाधिकारी अमित पाल समेत अन्य कोच मौजूद रहे।

### कहीं जर्जर भवन में तो कहीं पास में चल रहीं कक्षाएं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात।** जिले के करीब 181 परिषदीय विद्यालयों के भवन बेहद जर्जर हो चुके हैं। किसी की छत टपक रही है तो किसी विद्यालय की दीवारों में दरारें आ गई हैं। विभाग इनमें से अधिकांश विद्यालयों के नीलाम होने का दावा कर रहा है। मगर कई स्कूल अभी ऐसे हैं जहां बच्चे जर्जर भवन के अंदर व उसके पास ही शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। तीन से चार दशक पहले बने स्कूल भवन गुणवत्ता, देखरेख व अन्य कई कारणों से जर्जर स्थिति में पहुंच गए। इनमें से कुछ को नीलाम किया जा चुका है, मगर ध्वस्त नहीं कराए जा सके हैं। वहीं कुछ का सर्वे होना बाकी है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार बेखबर हैं। यही वजह है कि अभी भी जर्जर भवन में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। अतिरिक्त कक्ष व नए भवन न होने के कारण कुछ जगह शिक्षकों को जर्जर भवन के बरामदे, जर्जर कक्ष के पास कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं। विभागीय सिस्टम से शिक्षक भी बेबस हैं। शिक्षकों का कहना है कि भले ही जर्जर भवन से दूसरे भवन व परिसर में कक्षाएं संचालित की जा रही हो, लेकिन बच्चे खेलते-खेलते उनके पास पहुंच जाते हैं। इससे भी उन्हें खतरा बना हुआ है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## समीकरणों को बदलने में माहिर हैं मोदी, मालदीव में चीनी दबदबा खत्म कर बढ़ा दिया भारत का प्रभाव

**आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुइज्जू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते की शर्तें, भारत की एक्ज़िम बैंक से 565 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट, मछली पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में सहयोग, डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने, भारतीय फार्माकोपिया की मान्यता और मालदीव में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस सेवाओं के कार्यान्वयन से जुड़े समझौते शामिल हैं।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने इस पड़ोसी देश को आगे बढ़ते रहने तथा खुशहाल रहने के लिए भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के दौरान जिस गर्मजोशी से मालदीव की जनता और सरकार ने उनका स्वागत किया, उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को कई संदेश दिए। मालदीव की सड़कों पर लगे 'मोदी-मोदी' के नारे और नागरिकों का उत्साह यह दर्शाता है कि भारत और मालदीव के रिश्ते नए विश्वास और मजबूती के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शुरुआती दिनों में उनके चीन की ओर झुकाव को लेकर आशंकाएं थीं। लेकिन मोदी के स्वागत ने यह संकेत दिया कि मालदीव की जनता भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है। यह चीन के लिए स्पष्ट संदेश है कि मालदीव में भारत की जमीनी पकड़ और लोकप्रियता मजबूत है। जो लोग मालदीव में इंडिया आउट अभियान चला रहे थे उन्हें राजधानी माले की सड़क का यह दृश्य जरूर देखना चाहिए जहां जनता खुद से नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रही है। हम आपको बता दें कि चीन हिंद महासागर में अपने बंदरगाहों और निवेशों के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मालदीव इस रणनीति में एक अहम मोती है। लेकिन मालदीव में भारत के प्रति बढ़ती सकारात्मकता चीन की इस नीति के लिए बाधा बन सकती है। 'मोदी-मोदी' के नारे यह संकेत हैं कि मालदीव भारत को अधिक प्राथमिकता देने के लिए तैयार है। साथ ही मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को देश के मामलों पर नियंत्रण नहीं करने देगी। भारत के साथ बढ़ता सहयोग यह दिखाता है कि मालदीव चीन पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। यह संकेत चीन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हम आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने 60वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चीन को अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को मालदीव पर नियंत्रण नहीं करने देगी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने वरिष्ठ सैन्य और पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि मालदीव को हमेशा अपने नागरिकों की सुरक्षा और अपने मामलों के प्रबंधन के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशाल समुद्री क्षेत्र वाले इस देश के लिए सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है ताकि वह अपने मामलों को स्वयं संभाल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मालदीव द्विपक्षीय साझेदारों से तकनीकी और अन्य सहयोग लेने के लिए खुला है, लेकिन किसी अन्य देश को आकर मालदीव के मामलों पर नियंत्रण करने देना उनकी सरकार की नीति के विरुद्ध है। यही कारण है कि प्रशासन सेना और पुलिस की भूमिका बढ़ाने पर जोर दे रहा है। मालदीव में मोदी के स्वागत का यह उत्साह बताता है कि भारत न केवल आर्थिक और रक्षा सहयोग से बल्कि जनता-से-जनता के रिश्तों से भी मालदीव में मजबूत स्थिति में है। यह चीन को संदेश देता है कि भारत की इस क्षेत्र में गहरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ें हैं, जिन्हें बाहरी प्रभाव से कमजोर करना मुश्किल है। मोदी के मालदीव दौरे और 'मोदी-मोदी' नारों ने चीन को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका अपरिहार्य है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें।**

## आखिर कब समझेंगे हम प्रकृति की मूक भाषा?



योगेश कुमार गोयल

**अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।**

पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्यम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है।



**प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 23:27 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 17:35 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | परिघा, 26:48 |
| सूर्योदय: | 05:42 |
| सूर्यास्त: | 19:05 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 07:22-09:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### बेलगाम अपराध !

*अपने ही गठबंधन की ।*
*है यहां सरकार ।।*
*लेकिन अब कानून यहां ।*
*खो रहा आधार ।।*
*बोला बड़ा हमला ।*
*हुआ ना सुधार ।।*
*बेलगाम अपराध ।*
*है धूमिल प्रचार ।।*
*हो गए अपराधीयों के ।*
*हौसले बुलंद ।*
*कान और आंख लेकिन ।*
*है लगता पर बंद ।।*
*तीखा हुआ प्रहार ।*
*है उत्तर का इंतजार ।।*
*सहयोगी को इतना तो ।*
*हो सकता अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## खाने के बाद मीठे की लत बन सकती है दांतों की दुश्मन



**कुछ** मीठा हो जाए!- ये लाइन हर खाने के बाद जहन में आ ही जाती है। कई लोगों की आदत होती है कि वो लंच या डिनर के बाद मिठाई, चॉकलेट या कोई मीठी चीज जरूर खाते हैं। लेकिन यही मीठा अगर आदत बन जाए, तो ये मुंह का स्वाद नहीं बल्कि दांतों की सेहत बिगाड़ सकता है। लखनऊ के मानस डेंटल क्लीनिक के डेंटिस्ट डॉ अभिषेक श्रीवास्तव बताते हैं कि लगातार मीठा खाने से दांतों पर कैविटी, प्लाक और दर्द की समस्याएं बढ़ सकती हैं। चीनी में मौजूद कार्बोहाइड्रेट्स मुंह में मौजूद बैक्टीरिया से मिलकर एसिड बनाते हैं, जो दांतों की ऊपरी परत यानी दांत के इनेमल को नुकसान पहुंचाते हैं। यही वजह है कि मीठे की लत धीरे-धीरे दांतों की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है।

**कैविटी और दांतों में सड़न:** खाने के बाद मीठा खाने से दांतों पर बैक्टीरिया ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। ये बैक्टीरिया शुगर को एसिड में बदल देते हैं जो दांत के इनेमल को खराब कर देता है। यहीं से दांत में कैविटी की शुरुआत होती है।

**दांत के इनेमल का कमजोर होना:** चीनी से बने एसिड बार-बार दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। दांत के इनेमल के कमजोर होने से दांतों में सेंसिटिविटी हो जाती है।

**प्लाक और टार्टर का जमाव:** मीठा खाने के बाद अच्छी तरह ब्रश न किया जाए, तो दांतों पर प्लाक जम जाता है जो बाद में टार्टर बनकर मसूड़ों की बीमारी का कारण बनता है।

**मसूड़ों में सूजन और दर्द:** मीठा खाने से मसूड़ों में बैक्टीरियल ग्रोथ तेज होती है, जिससे सूजन, दर्द और यहां तक कि पायरिया की संभावना भी बढ़ती है।

**खाने के बाद कुल्ला करना:** मीठा खाने के तुरंत बाद सादा पानी या नमक मिले पानी से कुल्ला करने से मुंह में शुगर की मात्रा कम होती है और एसिड बनने से रोका जा सकता है।

**ब्रशिंग की सही आदत डालें:** सुबह और रात ब्रश करना बेहद जरूरी है। रात में ब्रश जरूर करें ताकि मीठा और प्लाक दांतों पर जमा न हो।

**फ्लॉसिंग और माउथवॉश करें:** ब्रशिंग के साथ-साथ दिन में एक बार फ्लॉस करना और एंटी-बैक्टीरियल माउथवॉश का इस्तेमाल करना दांतों की सुरक्षा में मदद करता है।

**मीठे के हेल्दी विकल्पों से भी बचें:** गुड़, शहद, खजूर जैसे प्राकृतिक मीठे विकल्पों का इस्तेमाल भी कम से कम करें। ये दांतों के लिए हानिकारक होते हैं।

**चीनी वाली चीजों को सीमित करें:** मीठा खाने की इच्छा हो, तो उसे दिन में एक बार ही खाएं, वो भी खाने के साथ ही खाएं ताकि एसिड का असर कम हो।

**मीठा खाने से दांतों में क्या होता है?:** मीठा खाने से मुंह में मौजूद बैक्टीरिया शुगर को एसिड में बदल देते हैं। ये एसिड दांतों की बाहरी परत (इनेमल) को नुकसान पहुंचाकर कैविटी और सड़न का कारण बनते हैं।

**क्या शुगर छोड़ने से दांतों में सुधार होता है?:** हां, शुगर छोड़ने से दांतों पर एसिड का असर कम होता है और इनेमल को नुकसान नहीं पहुंचता। इससे कैविटी का खतरा घटता है और मसूड़ों की सेहत भी सुधरती है।

**मीठा खाने के बाद दांत कैसे साफ करें?:** मीठा खाने के 30 मिनट बाद ब्रश करें या तुरंत सादा पानी से कुल्ला करें। शुगर हटाने के लिए माउथवॉश या फ्लॉस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## बांग्लादेश में तालिबानी साये की आहट



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यहां के एक बड़े सामाजिक और वैचारिक बदलाव की ओर इशारा कर रही हैं। जहां सरकारी तंत्र रीलिजन, संस्कृति और सत्ता के एक त्रिकोण में सिमटता नजर आ रहा है जिसके चलते यहां हर रोज व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के प्रयास हो रहे हैं।**

**जहां इस्लाम धर्म है, लेकिन शासन कानून आधारित है, न कि शरीया आधारित। लेकिन अब मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में यहां का माहौल पूरा बदला हुआ नजर आ रहा है। आज यहां कट्टरपंथी संगठनों के नाम और उनके घोषित इरादों से स्पष्ट है कि अब यह केवल वैचारिक बहस नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संयुक्त सभी कट्टर जिहादी संगठनों का सामाजिक अभियान बन चुका है।**

**बांग्लादेश** में एक सरकारी ड्रेस कोड आदेश ने अचानक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा, इसने लैंगिक स्वतंत्रता, धार्मिक हस्तक्षेप, सरकारी सख्ती और नागरिक आज़ादी जैसे बड़े मुद्दों को जन्म दे दिया है कि आखिर आनेवाले समय में बांग्लादेश एक लोकतंत्रात्मक देश रहेगा या यहां भी तालिबानी शासन कायम हो जाएगा! इसके साथ ही यहां अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा देने के निकाले गए आदेश के बाद लगातार मोहम्मद यूनुस सरकार की आलोचना हो रही है। दरअसल, हाल ही में बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किया गया एक सर्कुलर ऐसा लग रहा था जैसे यह किसी धार्मिक संस्थान की आचार-संहिता हो। इसमें महिला कर्मचारियों को स्लीवलेस, टाइट कपड़े, लेगिंग्स और छोटे वस्त्र पहनने पर सख्त पाबंदी लगा दी गई थी। केवल साड़ी या सलवार-कमीज़ (दुपट्टा या हिजाब के साथ) की ऑफिस में महिलाओं को आने की अनुमति दी गई थी। पुरुषों के लिए जींस पहनकर आने पर रोक लगा दी गई। उनके लिए फॉर्मल शर्ट-पैंट अनिवार्य कर दिया गया। सर्कुलर में यह भी उल्लेख था कि आदेश न मानने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी और इसके पालन हेतु विभागीय मॉनिटरिंग भी की जाएगी। ड्रेस कोड आते ही सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। लोगों ने सवाल उठाया कि शालीन और पेशेवर कपड़े की परिभाषा तय करने का अधिकार सरकार को किसने दिया एक यूज़र ने तीखा तंज कसते हुए लिखा÷ ÷कहीं ये अफगानिस्तान तो नहीं बनता जा रहा ये कैसा नया तालिबानी युग है÷ बैंक गवर्नर की बेटी की खुले पहनावे वाली तस्वीरें भी वायरल होने लगीं, जिससे दोहरे मापदंड का आरोप सामने आया। वहीं, बांग्लादेश महिला परिषद, मानवाधिकार संगठन और अनेक शिक्षाविदों ने इस आदेश की तीखी आलोचना शुरू कर दी। महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मुस्लिम ने कहा कि ÷यह आदेश न सिर्फ महिलाओं की पसंद पर हमला है, बल्कि एक खास मजहबी एजेंडे को थोपने की कोशिश है। आखिर सोशल मीडिया पर भारी विरोध और गवर्नर डॉ. अहसान एच. मंसूर की नाराजगी के बाद बैंक ने यह आदेश वापस ले लिया। प्रवक्ता आरिफ हुसैन ने इसे ÷सिर्फ एक सलाह÷ करार दिया और कहा कि यह आधिकारिक नीति नहीं थी। अब पूछने वाले यहां अपनी सरकार से प्रश्न कर रहे हैं कि अगर यह सलाह थी, तो इसे विभागीय अनुशासन से क्यों जोड़ा गया और फिर वापस लेने में इतना समय क्यों लेना पड़ा इस विवाद के ठीक बाद एक और फैसला सामने आया है, एक संशोधित अध्यादेश, जिसके तहत अब सरकारी कर्मचारी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन नहीं कर सकते। आज्ञा उल्लंघन जैसे शब्दों की जगह अब सार्वजनिक कर्तव्यों में बाधा डालने वाला दुर्व्यवहार जोड़ा गया है, जिसका अर्थ व्यापक और खतरनाक माना जा रहा है। बांग्लादेश का अब नया कानून कहता है कि ऐसे मामलों में न तो कोई अपील होगी और न ही सुनवाई। कर्मचारी को नौकरी से निकाला जा सकता है या पदावनत किया जाएगा। इस आदेश के साथ ही ध्यान गया उन संगठनों और नेताओं की ओर जो पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेश में शरिया कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं। इनमें सबसे मुखर संगठन हैं, जमात-ए-इस्लामी जोकि बांग्लादेश की एक इस्लामी राजनीतिक पार्टी है। यह लंबे समय से देश के संविधान को इस्लामी रंग देने की मांग कर रही है। यह संगठन 1971 के युद्ध अपराधों में शामिल रहा है और बार-बार मजहब इस्लाम के नाम पर कानूनों में बदलाव की मांग करता रहा है। इसी तरह से हिफाज़त-ए-इस्लाम एक कट्टरपंथी मदरसा आधारित संगठन हाल के वर्षों में महिलाओं के पहनावे, मूर्तियों और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ यहां उग्र प्रदर्शन कर रहा है। हिफाज़त की मांग है कि ÷नैतिक पतन÷ रोकने के लिए महिलाओं को इस्लामी परिधान अनिवार्य किया जाए। इसके अलावा जमात-चार मोनई आज बांग्लादेश में एक ऐसे संगठन के रूप में सामने आया है जो खुलकर बांग्लादेश को ÷शरीया-आधारित इस्लामी राष्ट्र÷ बनाने की बात करता है। मई 2025 में इस संगठन ने ढाका विश्वविद्यालय के पास एक रैली की थी, जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए थे। इस संगठन ने विश्वविद्यालय के उन शिक्षकों के खिलाफ भी विरोध किया जो विचारधारा से आधुनिक हैं। जबकि इससे पहले शेख हसीना सरकार ने कट्टर इस्लामी संगठन जमात-ए-इस्लामी और उससे जुड़े छात्र संगठन शिबिर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की थी। इसके कई नेताओं को 1971 के युद्ध अपराधों के लिए सजा हुई। यहां 1971 की मुक्ति संग्राम के दौरान हुए अपराधों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय युद्ध अपराध ट्रिब्यूनल बनाया गया। इसमें कई कट्टरपंथी नेताओं को फांसी की सजा तक दी गई, जिससे कट्टर ताकतों को बड़ा झटका लगा था।

# जंगल के साए में खुला खतरा- खुले में शौच बना रहा है बाघों से मुठभेड़ का कारण

■ शौचालय होने के बावजूद आदतों में बदलाव नहीं, पंचायत विभाग ने संभाला मोर्चा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जंगल के किनारे बसे गांवों में खुले में शौच अब जानलेवा होता जा रहा है। सरकार द्वारा गांव-गांव शौचालय बनवाने के बाद भी ग्रामीण खुले में शौच जा रहे हैं,
जिससे बाघों और तेंदुओं से मुठभेड़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। आदतों की यह जिद अब मानव-वन्यजीव संघर्ष का कारण बनती जा रही है।न्यूरिया क्षेत्र में हाल ही में तीन ग्रामीणों की जान लेने वाली बाघिन को पकड़ लिया गया है, लेकिन वन विभाग का कहना है कि खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है। इलाके के जंगलों में अब भी कई बाघ और तेंदुए सक्रिय हैं, जो भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी दौरान वन विभाग को एक और अहम जानकारी मिली गांवों में लोग अब भी जंगल की ओर खुले में शौच के लिए जा रहे हैं।

## डीएफओ की चिट्ठी से प्रशासन में हलचल

वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (ष्ठस्नह्र) भरत कुमार डीके ने इस संवेदनशील स्थिति को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने खुलकर कहा है कि खुले में शौच के कारण वन्यजीवों से मुठभेड़ की आशंका बढ़ रही है।
इस पर डीएम ने गंभीरता दिखाते हुए पंचायत विभाग और वन विभाग को तत्काल संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाने और लागू करने के निर्देश दिए हैं।

## पंचायत विभाग ने संभाला मोर्चा, डुगडुगी से चलेगा अभियान

जिले के पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बाघ प्रभावित गांवों के ग्राम प्रधानों और सचिवों को निर्देशित किया है कि वे एक सप्ताह के भीतर गांवों में डुगडुगी पिटवाएं, बैठकें करें और रैलियां निकालकर लोगों को खुले में शौच से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करें।
प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी गांव में खुले में शौच के चलते वन्यजीव हमला करता है, तो इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। उस ग्राम पंचायत पर कार्रवाई भी तय मानी जाएगी। यह सिर्फ स्वच्छता का नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा से जुड़ा सवाल बन गया है।

## सरकार ने शौचालय बनवाए, लेकिन व्यवहार में नहीं आया बदलाव

सरकार की योजनाओं के अंतर्गत सभी प्रभावित गांवों में व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय बन चुके हैं, लेकिन तमाम ग्रामीण आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाना अब नीतिगत चुनौती बन चुकी है। प्रशासन का जोर अब 'ह्रष्ठस्न प्लस' स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा पर है। अब समय आ गया है कि ग्रामीण शौचालय का दरवाजा केवल स्वच्छता के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए भी खोलें। आदतें न बदलीं तो खतरा बढ़ेगा और जान भी जा सकती है। पंचायत विभाग के साथ-साथ अब गांव के लोगों को भी जिम्मेदारी समझनी होगी खुले में शौच न करें और दूसरों को भी रोकें।

# रकेहटी से विशाल कांवड़ यात्रा रवाना



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

श्रावण मास में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में रविवार को रकेहटी गांव से विशाल कांवड़ यात्रा बाबा लिलौटीनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं के दो जत्थे 51 लीटर गंगाजल के साथ सरयू नदी से जल भरकर 50 किलोमीटर पैदल चलकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने निकल पड़े।यात्रा के दौरान मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं का जगह-जगह फूल-मालाओं, तिलक व चंदन लगाकर स्वागत किया गया।निघासन कोतवाल महेशचंद के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। हर चौराहे और प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा।इस मौके पर पूर्व प्रधान अजय गुप्ता लालता प्रसाद पांडे अनिल कुमार पाण्डेय धीरेंद्र गुप्ता दरोगा राजेश कुमार सिपाही कौशल समेत काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

# कटरुआ के पीछे छिपा है पीलीभीत के जंगलों का सबसे बड़ा खौफ

■ सब्जी के बहाने घुंघचाई और शिवनगर गांव के 29 लोगों की हुई थी नृशंस हत्या, कटरुआ कांड की बरसी 31 जुलाई को

## कटरुआ कांड की यह 33वीं बरसी एक बार फिर जिले को अपने अतीत के उस दर्दनाक पन्ने की याद दिला रही है, जो न केवल पीलीभीत बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ा सबक बना।

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

बरसात के मौसम में बाजारों में बिकती कटरुआ सब्जी जहां तराई क्षेत्र के लोगों के लिए स्वाद और परंपरा की सौगात मानी जाती है, वहीं इसके नाम से आज भी पीलीभीत के कई गांवों के लोग सहम उठते हैं। इसकी वजह है 31 जुलाई 1992 का वह खौफनाक दिन, जब कटरुआ बीनने गए शिवनगर और घुंघचाई गांव के 29 ग्रामीण खालिस्तानी आतंकियों की गोलियों का शिकार बन गए थे। यह घटना आज भी 'कटरुआ कांड' के नाम से याद की जाती है और जिले के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकी नरसंहार मानी जाती है।? कटरुआ एक विशेष प्रकार की जंगली सब्जी है, जो पीलीभीत और लखीमपुर के घने जंगलों में बरसात के दिनों में उगती है। इसे प्राप्त करने के लिए ग्रामीण जंगलों की जमीन खोदकर इसकी जड़ें निकालते हैं। यही परंपरा 1992 में भी चली आ रही थी, लेकिन उस वर्ष यह सब्जी 29 ग्रामीणों के लिए काल बन गई।शिवनगर और घुंघचाई गांव से 31 जुलाई को 29 लोग कटरुआ बीनने के लिए माला रेंज के सिंगाघाट जंगल में गए थे। शाम तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हुए और खोजबीन शुरू हुई। कई दिनों बाद सिंगाघाट के जंगल से सभी के शव बरामद हुए, जिन्हें गोलियों से छलनी कर बेरहमी से मारा गया था।घटना के बाद की जांच में सामने आया कि इन ग्रामीणों को खालिस्तानी आतंकियों ने मार डाला था, जो उस समय भारत-पाक सीमा के रास्ते उत्तर भारत में सक्रिय थे। माना जाता है कि वे जंगलों में छिपकर खाद्य सामग्री और मार्गदर्शन के लिए ग्रामीणों से संपर्क करते थे। ग्रामीणों ने उनका साथ देने से इनकार किया, जिसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।
घटना के शिकार बने ग्रामीणों के परिजन बताते हैं कि बरसात आते ही जब बाजारों में कटरुआ बिकने लगता है, तो वह मंजर फिर ताजा हो उठता है। सब्जी की गंध भी उन दिनों की याद दिला देती है जब एक झटके में 29 परिवारों की दुनिया उजड़ गई थी। हालांकि पीलीभीत का जंगल अब टाइगर रिजर्व घोषित हो चुका है और इसमें आम लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध है, लेकिन फिर भी कटरुआ संग्रहण का काम अब भी जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय मिलीभगत से यह सिलसिला वर्षों से चलता आ रहा है। पूरनपुर क्षेत्र में खुलेआम कटरुआ की बिक्री हो रही है, जो यह बताने के लिए काफी है कि जंगलों में अब भी अघोषित गतिविधियां संचालित हैं।

# एक्सप्रेस खबरें...

## कठिनाइयों को मात देने का अंतिम प्रयास

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट एवं इंप्रूवमेंट परीक्षा शनिवार को जनपद के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर अपने भविष्य को संवारने का प्रयास किया।कक्षा 10वीं व 12वीं में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण या कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा अंतिम अवसर मानी जा रही है। छात्रों ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर उन्होंने विशेष तैयारी की है और पिछली गलतियों से सीख लेते हुए पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी।ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां कुल 663 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा की पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक चली। सभी परीक्षार्थी समय से पूर्व केंद्र पर पहुंच गए, जहां प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की जांच के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।परीक्षा के दौरान कक्षा 10वीं के 13 और इंटरमीडिएट के 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं उपस्थित परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित और समझने योग्य था, जिससे परीक्षा अपेक्षाकृत सरल रही। परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। कॉलेज परिसर में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहा। केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षकों की सतर्क निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से कराई गई।परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने उम्मीद जताई कि अबकी बार उनका उद्देश्य पूरा होगा और वे सफलता की ओर एक कदम और बढ़ेंगे।

## सोते रह गए परिजन, नीचे से लाखों के जेवर और नकदी पार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। शुक्रवार की रात चोरों ने मुजफ्फरनगर निवासी किसान रंजीत सिंह के घर धावा बोलते हुए लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब परिजन गर्मी के चलते छत पर सो रहे थे और बिजली कटौती के कारण अंधेरे का फायदा उठाकर चोर घर में दाखिल हो गए।चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से करीब 20 तोले सोने के जेवरात जिनमें पांच चैन, चार कंगन, एक कड़ा और छह अंगूठियां शामिल थीं — के साथ 26 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। सुबह जब बिजली आई और परिजन नीचे आए तो दरवाजा खुला और सामान बिखरा पड़ा मिला। यह देख सभी के होश उड़ गए।मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रंजीत सिंह के पुत्र जोधवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।इस घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत का माहौल है, वहीं परिजन गहरी चिंता में हैं।

## दिलावरपुर में संदिग्धों की चहल-पहल से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। दिलावरपुर गांव में शुक्रवार की रात कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की हलचल से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेत की रखवाली कर रहे घुंघचाई निवासी पप्पू ने गांव के श्मशान घाट रोड पर कुछ लोगों को टॉर्च की रोशनी में घूमते देखा, जो कुछ ही देर में गन्ने के खेतों में घुस गए।पप्पू ने तत्काल घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। देखते ही देखते गांव के लोग इकट्ठा हो गए और टॉर्च लेकर खेतों की ओर दौड़े। हालांकि, काफी तलाश के बाद भी संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिला। शोरगुल की सूचना पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि मौके की जांच की गई है, ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है और पूरे क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई है।गौरतलब है कि हाल ही में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे गांवों में डर का माहौल बन गया है। पुलिस इस मामले को रंजीत सिंह के घर में हुई चोरी से जोड़कर भी देख रही है।

## गंगाजल लेकर फर्रूखाबाद से लौटेंगे शिवभक्त

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को घुंघचिहाई क्षेत्र से दो दर्जन से अधिक शिवभक्त गंगाजल लाने के लिए फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुए। यह श्रद्धालु फर्रुखाबाद में स्थित पवित्र गंगा नदी से जल भरकर सोमवार को पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा जंगल स्थित प्राचीन बाबा इकोत्तरनाथ शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, फूल आदि अर्पित करेंगे।भक्तों का कहना है कि श्रावण मास में भगवान शिव का पूजन विशेष फलदायी होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र व पुष्पों से जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं को सुख, समृद्धि एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। इस यात्रा में अंशु मिश्रा, विपिन, सचिन, बृजेश अवस्थी, नयन, शेखर वाजपेयी, भारत जोशी, ऋतुराज पांडे, नवीन, विकास, कपिल, मिथलेश, मयंक मोहन मिश्रा, बसंतु, मनोज, प्रवीण मिश्रा समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे। ग्रामीणों ने उनके मंगलमय जलाभिषेक की कामना की है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने किसान को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। तेज रफ्तार बाइक सवार ने किसान को मारी टक्कर अनियंत्रित होकर खुद भी गिरा, युवक की हालत गंभीर, एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर रेफर गौरतलब है।भीरा कोतवाली क्षेत्र में बिजुआ और बस्तोली के बीच एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने रोड किनारे खेत के पास बैठे किसान को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार खुद भी अनियंत्रित होकर गिर गया।घायल युवक की पहचान 23 वर्षीय राहुल पुत्र लेखराम निवासी ग्राम गुलरिया के रूप में हुई है। वह अपनी बाइक से बिजुआ से गुलरिया जा रहा था। इसी दौरान बस्तौली ग्राम के निवासी 60 वर्षीय रामू पुत्र नंगा अपने खेत के पास रोड पर बैठे थे।राहुल ने रामू को जोरदार टक्कर मारी और भागने की कोशिश की। लेकिन कुछ दूर जाकर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर गया। समाजसेवी और बिजुआ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उत्कर्ष दीक्षित उर्फ चन्चू भईया ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस चौकी की टीम ने घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बिजुआ सीएचसी पहुंचाया। राहुल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ओएल ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वहीं घायल किसान रामू का इलाज बिजुआ सीएचसी में करके उन्हें वापस घर भेज दिया गया है।

# सशस्त्र सीमा बल ने हरियाली तीज महोत्सव संदीक्षा एवं साइकिल रैली का आयोजन करते हुए राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश






जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत के द्वारा हरियाली तीज महोत्सव संदीक्षा व साइकिल रैली का आयोजन करते हुए कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,पीलीभीत द्वारा रविवार को एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया।इस रैली का उद्देश्य कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा आमजन में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना था।उक्त आयोजन 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत के कार्यवाहक कमांडेंट दीपक साही द्वितीय कमान अधिकारी के दिशा-निर्देश एवं नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस रैली में अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।साइकिल रैली वाहिनी परिसर से प्रारंभ होकर ललौरीखेड़ा से होकर पुनः वाहिनी परिसर में समाप्त हुई। साइकिल रैली के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों और शहीदों के प्रति सम्मान के साथ माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर रहा।

## हरियाली तीज महोत्सव संदीक्षा महोत्सव का किया आयोजन

49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत के द्वारा साइकिल रैली के बाद संदीक्षा परिवार द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम पर तीज महोत्सव का आयोजन गया जिसमे संदीक्षा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना धोनी द्वारा संदीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे संदीक्षा महिलाओं ने मेहंदी कार्यक्रम,बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व एवं लाभ के बारे मे शिक्षित किया साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व मिल्लेट्स के बारे में जागरूक किया गया और बच्चों को मिठाई बांटकर कार्यक्रम का समापन किया गया है।

# खेत में मजदूर को बंधक बनाकर मारपीट मोबाइल और खाना लूट ले गए चोर



■ गांव में फैली दहशत, ग्रामीणों ने रात्रि गश्त शुरू की, पुलिस से सुरक्षा की मांग

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गजरौला कला थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भजा में शनिवार को अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। खेत पर काम कर रहे मजदूर को अज्ञात चोरों ने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन और खाना भी लूट लिया। लगभग तीन घंटे तक बंधक बनाए रखने के बाद वह किसी तरह भागकर गांव पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी दी।घटना पीड़ित मजदूर मनीष पाल के साथ घटी, जो अपने खेत में धान की सिंचाई कर रहा था। मनीष सुबह आठ बजे अपने घर से खाना लेकर खेत पर गया था। दोपहर करीब 12 बजे जब वह खाना खाने बैठा, तभी पास के गन्ने के खेत से कुछ संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं। मनीष जब वहां पहुंचा तो घात लगाए बैठे अज्ञात चोरों ने उसे पकड़ लिया और गन्ने के खेत के अंदर खींचकर ले गए। वहां उन्होंने मनीष के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन व खाना छीन लिया। करीब ढाई से तीन घंटे तक उसे बंधक बनाकर रखा गया। बाद में मनीष ने किसी तरह मौका पाकर खुद को छुड़ाया और भागते हुए गांव पहुंचकर शोर मचाया। मनीष की आवाज सुनकर ग्रामीण और ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अज्ञात चोरों की गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। कई गांवों में रात को लोग जागकर पहरा देने को मजबूर हो गए हैं। गांववासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पिता के साथ सो रहे बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, खेत में मिला अधखाया शव

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



वन्यजीवों के हमलों से होने वाली मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। आए दिन लोग बाघ और तेंदुओं के हमलों से अपनी जान गंवा रहे हैं। तो कुछ ग्रामीण अपने साहस का परिचय देते हुए हमलावर जानवरों से भिड़ जाते हैं।ताजा मामला गोला वन रेंज से सामने आया है।यहां अपने पिता के साथ चारपाई पर सो रहे एक छह वर्षीय बच्चे को तेंदुआ उठा ले गया जिसका शव रविवार सुबह गन्ने के खेत से बरामद हुआ। बच्चे की मौत की खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई वहीं तेंदुए की आमद से गांव में दहशत का माहौल है। गोला वन रेंज के अंदेश नगर वन बीट क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी 6 वर्षीय बादल अपने पिता सुशील के साथ घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। शनिवार रात करीब 12 बजे अचानक तेंदुआ आया और बच्चे को उठा ले गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर पिता जागा और ग्रामीणों को सूचना दी। और वन विभाग समेत पुलिस को सूचना दी थी। रविवार सुबह जब तलाश फिर शुरू हुई, तो घर से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में बादल का अधखाया शव मिला। यह देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को शव ले जाने से रोका, लेकिन समझाने-बुझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को शनिवार रात ही सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर रात में ही कांबिंग होती तो बादल की जान बच सकती थी ग्रामीणों ने कहा कि आज सुबह 8 बजे तक वन विभाग का कोई भी कर्मचारी नहीं आया है और ना ही तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के आसपास खेतों में तेंदुआ कई दिनों से चहल कदमी करते देखा गया था जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने मामले को हल्के में ले लिया जिसके चलते एक बच्चे कि तेंदुए के हमले से मौत हो गई। अंदेश नगर वन दरोगा कुलदीप सिंह ने घटना की पुष्टि की और बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा और कैमरों से निगरानी की जाएगी।

## परिवारिक विवादों का काउंसलरों द्वारा कराया गया निपटारा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 11 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराने का सराहनीय कार्य किया गया है बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, श्रीमती नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, श्रीमती किरन अग्रवाल द्वारा दहेज की मांग,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाले विवादों के 11 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 05 ऐसे मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था।

## पलिया चीनी मिल गेट पर एक विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी।
बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया द्वारा कांवड़ यात्रा लेकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए चीनी मिल गेट पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान ने किया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ लेकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए पूड़ी सब्जी, चना हलवा एवं फल वितरण का आयोजन चीनी मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से किया गया, निघासन, संपूर्णानगर, चंदन चौकी आदि स्थानों के लोग शारदा नदी से जल लेकर कांवड़ यात्रा की शुरुआत करते हैं तथा छोटे काशी नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जिसमें आने जाने वाले कांवड़ियों को बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पलिया के गेट नंबर दो पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।इस अवसर पर चीनी मिल के अधिकारी उदय प्रताप सिंह,राजीव तोमर, उपस्थित रहे तथा सभी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इससे पूर्व यूनिट हेड ने भगवान श्री शंकर जी की आराधना कर माल्यार्पण किया।

# कांवड़ यात्रा के स्वागत में मंडी परिसर गूंजा बोल बम के नारों से

■ राज्यमंत्री संजय गंगवार ने पुष्पवर्षा कर किया शिवभक्तों का अभिनंदन, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

श्रावण मास के अवसर पर शनिवार को भारी संख्या में कांवड़ यात्री पीलीभीत के मंडी परिसर में पहुंचे। इस दौरान मंडी समिति परिसर 'बम बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शिवभक्ति के रंग में रंगे इन कांवड़ियों के स्वागत में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता निभाई।
कांवड़ यात्रा के दौरान गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अनेक अधिकारियों ने मंडी परिसर में पहुंचकर कांवड़ियों का स्वागत किया।राज्यमंत्री संजय गंगवार ने जिलाधिकारी के साथ मिलकर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें फल व प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कांवड़ियों से वार्ता कर उनके हालचाल पूछे और उनके ठहराव, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
उन्होंने मंडी परिसर में बनाए गए मेडिकल कैंप, पुलिस सहायता केंद्र और विश्राम स्थल की भी निरीक्षण किया, जो संतोषजनक पाए गए।राज्यमंत्री ने कहा कि शिवभक्तों की आस्था और सेवा भाव अनुकरणीय है। उन्होंने इस पावन अवसर पर कहा कि शासन-प्रशासन कांवड़ियों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।
इस दौरान भाजपा संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सेवा कार्यों में भागीदारी निभाई। भक्ति, सेवा और समर्पण के इस अद्भुत संगम में मंडी परिसर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया।

# जसनगर में पहुंचे अधिशासी अभियंता, कटान रोकने को बंदोबस्त तेज

जन एक्सप्रेस। तिकुनिया खीरी



मोहाना नदी की विगत एक सप्ताह से धार तेज हो जाने के चलते जसनगर के सिद्धेश्वरी माता मंदिर और शिव मंदिर पर कटान तेज हो गया है यहां सिंचाई विभाग ने बीते माह जून में परियोजना मंजूर करके जिओ ट्यूब लगाया था यहां कटान तेज हो जाने से जिओ ट्यूब अंदर नदी में समा गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिंचाई विभाग को दी इसके तहत सीमेंट की बोरियों में मिट्टी भरकर कटान स्थल पर डाला जाने लगा लेकिन कामयाब न होने पर ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ गई है जिओ ट्यूब ने नदी किनारे मिट्टी का संपर्क छोड़ दिया है ग्रामीणों का कहना है जियो यूट्यूब भी नदी में समा जाएगी ग्रामीणों की पुकार पर रविवार को अधिशासी अभियंता कनकपाल गंगवार, सहायक अभियंता राकेश श्रीवास्तव, अवर अभियंता नितिन कुमार यादव मौके पर पहुंचे इसके बाद कटान स्थल पर सीमेंट की बोरी में आधा ईटा भरवा कर 50 बोरी के सेट में कटान स्थल पर डालना शुरू कराया है।
बीते माह जून में सिंचाई विभाग द्वारा 4 करोड़ से अधिक की परियोजना के तहत 1600 किलोमीटर में जिओ ट्यूब लगाया है लेकिन बीते एक सप्ताह से मोहाना नदी की धार तेज होने से कटान जबरदस्त शुरू हो गया सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता कनक पाल गंगवार ने मिट्टी की बोरियां नदी में डालना बंद करवा कर सीमेंट की बोरियों में आधा ईटा भरवा कर कटान सथल पर डालना शुरू किया है अधिकारियों का कहना है ईटा नीचे जाकर एक स्थान पर सेट हो जाएगा और कटान बंद हो जाएगा जसनगर गांव प्रधान पति सुरेश तलवाड, कामता प्रसाद, इंद्रपाल, जसवंत मौर्य ,रमेश कश्यप, सुनील दुबे ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा मोहाना नदी का कटान रोकने का बंदोबस्त जो किया जा रहा है वह कितना कारगर होगा यह तो वक्त बताएगा नदी की धारा प्रचंड है और कटान स्थल पर करीब 70, 80 फीट गहराई हो गई है जिसमें।

# होटल से गिरफ्तार युवक-युवतियां भेजी गईं जेल, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



कसया थाना क्षेत्र के नगर पालिका कुशीनगर में हाईवे के किनारे संचालित पर्ल होटल व उत्सव मैरिज लान में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की थी। गिरफ्तार छह युवक और 10 युवतियों को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इसमें देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर जिले के युवक शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखा और आने-जाने वालों के दर्ज नामों का रजिस्टर अपने कब्जे में लिया, अब इसके माध्यम से इस धंधे में लिप्त बाकी लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने मौके से दो कार और मोबाइल फोन बरामद किया है।

कुशीनगर में हाईवे के किनारे संचालित होटल पर्ल और उत्सव मैरिज लान में देह व्यापार की सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुंची थी। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रूप से उत्सव मैरिज लान और पर्ल होटल पर छापेमारी किया। दोनों जगह से दस युवतियों और छह युवकों को पकड़ा, जिन्हें अब जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार युवकों में श्याम वर्मा राधे राधे मैरिज हाल के सामने कस्बा सहजनवा गोरखपुर, अर्पित सिंह निवासी भैंसहा खास थाना कसया कुशीनगर, अमित सिंह निवासी बनियापार थाना मदनपुर जिला देवरिया, धीरज मद्धेशिया निवासी कस्बा हाटा वार्ड नंबर 21 थाना हाटा कुशीनगर, राजन कुमार यादव निवासी नरकटिया खुर्द थाना कसया, अनिल निवासी सबया थाना कसया शामिल हैं।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार युवक, युवतियां देह व्यापार के धंधे में शामिल हैं। इसका साक्ष्य पुलिस को मिला है। होटल में आने-जाने वालों का रिकार्ड वहां से बरामद रजिस्टर से पुलिस पता कर रही है। इसके अलावा होटल व लान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गोपालगंज का रहने वाला होटल संचालक नवीन सिंह सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उनसे पैसे लेता था। नवीन सिंह और हाटा कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर झांगा गांव निवासी सीपीएन राव छापेमारी के दौरान फरार हो गए। इनके ऊपर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों संगठित नेटवर्क संचालित करते हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

## डॉक्टर ने दी लूट की तहरीर, पुलिस ने दर्ज किया सिर्फ मारपीट का केस


**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

शहर के कुर्ना नाला के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक निजी क्लीनिक संचालक डॉ. विजय कुमार मणि पर हमला कर उनसे लूटपाट की। डॉक्टर ने सदर कोतवाली में लूटपाट की तहरीर दी, मगर पुलिस ने सिर्फ मारपीट की धारा में केस दर्ज किया। इस पर डॉक्टर ने हैरानी जताई है और पुलिस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।

डॉ. विजय शहर के कैलाशपुरी लेन नंबर तीन के निवासी हैं और महुआडीह थाना क्षेत्र के बलटिकरा चौराहे पर क्लीनिक चलाते हैं। रात करीब 8:30 बजे वह अपने कंपाउंडर प्रमोद शर्मा के साथ क्लीनिक बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे जब वह पुरवा कुर्ना नाला के पास पहुंचे तो चार-पांच बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली, उन्हें खींचकर नीचे गिरा दिया और लोहे की रॉड व लात-घूंसों से हमला कर दिया। डॉ. विजय का आरोप है कि बदमाश उनसे 12,800 रुपये नकद और कलाई की घड़ी लूट ले गए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# खेत में दिखा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**



पनियरा क्षेत्र के रानीपुर गाँव में शनिवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक विशाल मगरमच्छ नदी से निकलकर खेत में जा पहुँचा। खेत में काम कर रहे किसान बेचन चौहान की नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाकर अन्य ग्रामीणों को बुलाया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बाँकी रेंज पनियरा के वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुँची। टीम में फॉरेस्टर मनीष तिवारी, अजीत पति त्रिपाठी, आलोक यादव, प्रवीण सिंह, राम भारत सहित अन्य वनकर्मी शामिल थे। टीम ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा और बाद में उसे रोई नदी में छोड़ दिया।

घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए थे। सौभाग्यवश किसी प्रकार की जनहानि या फसल को क्षति नहीं हुई। वन विभाग की तत्परता और सफल रेस्क्यू अभियान के लिए ग्रामीणों ने राहत की साँस ली और विभाग की सराहना की।

# राह चलते खींच रहा ध्यान, बढ़ी देसी अमरूद की मांग

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में राप्ती नदी के किनारे अमुरतानी अमरूद की खेती से लोगों की आजीविका का साधन बन गया है। टीपी नगर से नौसढ़ तक सड़क किनारे अमरूद की दुकानें सजी हैं जहाँ 20 से 60 रुपये प्रति किलो की दर से अमरूद बिक रहे हैं। स्थानीय अमरूद की मांग सबसे अधिक है और इससे कई परिवारों को रोजगार मिल रहा है। यह व्यवसाय रक्षा बंधन तक चलेगा।

शहर में टीपी नगर से लेकर नौसढ़ तक सड़क के दोनों ओर अमरूद की दुकानें राह चलते लोगों का ध्यान खींच रही हैं। कहीं ठेलों पर तो कहीं टोकरी में अमरूद बिकते नजर आ रहे हैं। देसी अमरूद की खुशबू और स्वाद लोगों को आकर्षित कर रही है। राप्ती नदी के किनारे अमुरतानी इस समय अमरूद की उपज के कारण आजीविका का आधार बनी है।

फल विक्रेताओं के अनुसार, अमुरतानी में तैयार अमरूद 20 से 60 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। इसकी बहुतायत उपलब्धता रक्षा बंधन तक बनी रहेगी। शनिवार को अपराह्न दो बजे सड़क किनारे तेज हवा के बीच दुकान पर लगा छाता संभालती धर्मा ने बताया कि इस मौसम में देसी अमरूद का स्वाद सबसे उम्दा होता है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद, कानपुर और भिलाई से भी अमरूद आते हैं, लेकिन स्थानीय देसी अमरूद की मांग सबसे अधिक है।

चकरा अव्वल के रहने वाले फल विक्रेता सुभाष ने बताया कि अमरूद बेचने वालों में अधिकतर चकरा अव्वल और टीपी नगर के लोग हैं। कई परिवार सामूहिक रूप से इस कार्य में लगे हैं। राप्ती नदी किनारे करीब 10-12 एकड़ में फैले अमरूद के बाग को अमुरतानी कहा जाता है।

यहीं के रहने वाले दुकानदार बहादुर ने बताया कि कुछ लोग अपने खेतों से लगे पेड़ से अमरूद तोड़कर सीधे बेचते हैं, जबकि कुछ व्यापारी इसे खरीदकर लाते हैं। बाइक से सहजनवा जा रहे रमेश ने बताया कि रोड पर सजी दुकानों को देखकर वह खुद को रोक नहीं पाए और 80 रुपये में दो किलो अमरूद खरीद लिया। वहीं ई-रिक्शा से उतरकर भाव पूछ रहे राजेंद्र चौधरी ने बताया कि आमतौर सादा, सिंदूरी और लाल अमरूद होते हैं।

यहां सादा यानी की सामान्य अमरूद अधिक बिक रहा है। अमुरतानी के जय किशन साहनी ने बताया कि इस समय सौ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी किसी न किसी रूप में इससे जुड़ गए हैं।

## सावन का महीना शिव भक्ति के लिए श्रेष्ठ

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सावन का महीना शिव भक्ति के लिए श्रेष्ठ महीना है। जिसमें शुद्ध आचरण व व्यवहार से भगवान शिव की आराधना करना विशेष फलदायी होता है। जो मनुष्य इस महीने में पूरे विधि विधान भगवान शिव का नियमित जलाभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना करता है। उसे अकाल मृत्यु का सामना नहीं करना पड़ता है। उसके सारे मनोरथ पूर्ण होते है। यह बातें वृंदावन से आए पंडित कृष्णकांत ठाकुर ने कही। वह शुक्रवार की रात सेवरही नगर पंचायत के राजेंद्रनगर शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय शिव महापुराण महाकथा के दूसरे दिन भक्तों को भगवान शिव की कथा का रसपान करा रहे थे। इसके पहले मुख्य यजमान अरुण कुमार साहू व संतोष कुमार साहू ने सपत्नीक शिव महापुराण ग्रथ की विशेष पूजा अर्चना कर आरती की। इस दौरान कृष्णा जायसवाल, मनीष कुमार मिंटू, दुर्गेश गुप्ता, अजय जायसवाल, प्रियांशु गुप्ता, कृष्ण प्रजापति, ताराचंद आदि मौजूद रहे।

# नाम 'डायमंड ब्यूटी' काम 'गंदा': 'खास' लोगों की शह पर चल रहा था देह व्यापार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

स्थानीय लोगों के अनुसार बड़हलगंज में करीब पांच स्पा सेंटर संचालित होते हैं। ग्रीन डायमंड ब्यूटी व स्पा सेंटर में छापा पड़ने की सूचना उड़ते ही बाकी स्पा संचालक अपने सेंटर में ताला बंद कर भाग गए। पुलिस फरार संचालकों की कुंडली खंगालने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ करनी शुरू कर दी है।

तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कॉलेज तिराहे पर स्थित ग्रीन डायमंड ब्यूटी व स्पा सेंटर में छापा मारा। पुलिस ने मौके से पांच युवतियों और एक युवक को दबोच लिया। इस बीच स्पा सेंटर संचालक अपना मोबाइल छोड़कर मौके से भाग निकला।




पुलिस और प्रशासन के अनुसार, स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार किया जा रहा था। टीम ने मोबाइल को कब्जे में लेने के साथ ही एसडीएम गोला की मौजूदगी में सेंटर को सील कर दिया है। सीओ गोला दरवेश कुमार ने बताया कि तहसील प्रशासन ने बड़हलगंज क्षेत्र में देह व्यापार की सूचना पर स्पा सेंटर पर छापेमारी की। एसडीएम अमित कुमार जायसवाल, नायब तहसीलदार जयप्रकाश कुमार, कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह पुलिस फोर्स के साथ कस्बा स्थित ग्रीन डायमंड ब्यूटी और स्पा सेंटर पहुंचे।

पुलिस को देखते ही संचालक मोबाइल छोड़कर भाग निकला। हालांकि टीम ने मौके से पांच युवतियों और एक युवक को दबोच लिया। दो युवतियां कानपुर की बताई जा रहीं थीं। पुलिस ने संचालक का मोबाइल जब्त किया है।

एसडीएम अमित जायसवाल ने बताया कि कुछ दिनों से स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक कार्य की जानकारी मिल रही थी। मौके पर स्पा सेंटर से संबंधित दस्तावेज न होने के चलते सेंटर को सील कर दिया गया है। पूछताछ में युवतियों ने बताया कि वे बालिग है और स्वेच्छा से स्पा सेंटर पर कार्यरत है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बड़हलगंज में करीब पांच स्पा सेंटर संचालित होते हैं। ग्रीन डायमंड ब्यूटी व स्पा सेंटर में छापा पड़ने की सूचना उड़ते ही बाकी स्पा संचालक अपने सेंटर में ताला बंद कर भाग गए। पुलिस फरार संचालकों की कुंडली खंगालने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ करनी शुरू कर दी है।

# पुरोहित हत्याकांड का हुआ खुलासा: चोरी की नियत से घुसे तीन युवकों ने की थी हत्या, शरीर पर दस जगह पेंचकस से हमला

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



तीनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पेचकस बरामद कर लिया। आरोपियों ने हत्या के बाद सतरांव-पैना मार्ग स्थित रेलवे अंडरपास के पास पेचकस को पेड़ के बीच में छिपा कर रखा था। इस मामले में पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। एसपी विक्रांत वीर ने हत्याकांड का खुलासा करने पर बरहज थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सराहना व्यक्त की है।

बरहज के धौला पंडित में पुरोहित की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों ने चोरी करते पकड़े जाने पर कार्रवाई की भय से पेचकस से गोद कर पुरोहित की हत्या की थी।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त पेचकस, मृतक का 860 रुपये नकद, आधार, पैन, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, एटीएम कार्ड समेत तीन मोबाइल फोन बरामद कर जब्त कर लिया गया हैं। जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई को पुरोहित धौला पंडित निवासी रामआशीष पांडेय की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम में रामआशीष के शरीर पर दस जगह गोदने के निशान मिले थे। इसके बाद बरहज पुलिस व एसओजी इस मामले के उद्भेदन में जुट गई थी। पुलिस ने पुरोहित की पुत्री उषा देवी की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। इसके बाद फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड व सर्विलांस टीम की मदद से सुराग जुटाई। रगड़गंज लवरक्षी रेलवे क्रॉसिंग के पास से तीनों को किया गिरफ्तार इसके बाद धौला पंडित निवासी तीन युवक सन्त्री, अमित कुमार व भोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को रविवार की सुबह रगड़गंज लवरक्षी रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे 13 जुलाई की रात चोरी के इरादे से रामआशीष पांडेय के घर में घुसे थे और बक्सा खोलकर पैसे व दस्तावेज चुरा ही रहे थे कि रामआशीष पांडेय जाग गए।पकड़े जाने के डर से तीनों ने वहीं पास में रखा पेचकस उठाकर उनके पेट में वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वे शव को दूसरे कमरे में लिटाकर मौके से भाग निकले।

## निष्प्रयोज्य हो गई आमघाट में बनी पानी की टंकी, करोड़ों रुपये हुए थे खर्च

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राज्य सरकार की बहुप्रचारित 'हर घर नल जल योजना आमघाट गांव में हकीकत से कोसों दूर है। करीब चार साल पहले, वर्ष 2021 में करोड़ों की लागत से बनी पानी की विशाल टंकी अब मात्र शोपीस बनकर रह गई है। गांव में घरों के बाहर लगे नलों से आज तक एक बूंद पानी नहीं टपका, जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। रामपुर कारखाना विकासखंड के अंतर्गत आमघाट गांव की आबादी लगभग 25 हजार है।रामपुर कारखाना विकासखंड के अंतर्गत आमघाट गांव की आबादी लगभग 25 हजार है। योजना का उद्देश्य था कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, लेकिन निर्माण में हुई तकनीकी लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग ने पूरी योजना पर पानी फेर दिया।

# आर्बिट मोटर्स के निदेशक के माता-पिता को कुचलने की कोशिश

## पड़ोसी डॉक्टर ने किया कार चढ़ाने का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में सिविल लाइंस में आर्बिट मोटर्स के निदेशक के माता-पिता पर कार चढ़ाने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित सीताराम अग्रवाल शनिवार की रात कॉलोनी में पत्नी के साथ टहल रहे थे। कॉलोनी के ही एक डॉक्टर पर कार चढ़ाने की कोशिश का आरोप है।

गोरखपुर में आर्बिट मोर्टस के निदेशक अभिषेक अग्रवाल के माता-पिता पर शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे हरिओमनगर कॉलोनी (सिविल लाइंस) में कार चढ़ाने की कोशिश हुई। बुजुर्ग दंपती रात में अपने घर के पास ही टहलने निकले थे।

इसी कॉलोनी में रहने वाले एक डॉक्टर पर कार चढ़ाने की कोशिश का आरोप है। घटना की सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि डॉक्टर ने नशे की हालत में तेज रफ्तार कार को कई बार आगे पीछे करके बुजुर्ग दंपती को ठोकर मारने का प्रयास किया।

डीएम आवास से सटे हरिओमनगर कॉलोनी में सीताराम अग्रवाल का मकान है। इनके बेटे अभिषेक अग्रवाल आर्बिट मोटर्स के निदेशक हैं। सीताराम अग्रवाल ने बताया कि वह पत्नी साधना के साथ दरवाजे के पास टहल रहे थे। तभी कॉलोनी के एक डॉक्टर कार से आए।

डॉक्टर ने दंपती पर कार चढ़ाने की कोशिश की। आरोप लगाया कि वह कई बार गाड़ी को बैक कर चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। कार में एक युवक भी बैठा था। विरोध करने पर कार को और तेज स्पीड में लेकर आए। किसी तरह भाग कर दंपती ने जान बचाई।

हादसे के बाद से पत्नी साधना काफी डर गई थीं। उन्होंने घटना की जानकारी बेटे अभिषेक अग्रवाल को दी। इसके बाद कैंट पुलिस को सूचना दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

पार्क खाली कराने के बाद बढ़ा विवाद हरिओम नगर कॉलोनी के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के एक पार्क में कुछ लोगों ने कब्जा किया था।

# स्वास्थ्य विभाग डॉ. फैज के डिग्री की करा रहा जांच

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भटनी दादन चौराहे पर बुधवार को निजी चिकित्सक के वहां इलाज के दौरान कुशीनगर की संगीता की मौत के मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग तत्परता से करा रहा है। जांच आख्या मिलने के बाद खामी उजागर हुई तो डॉक्टर पर शिकंजा कस सकता है। इस बात की क्षेत्र में चर्चा है। पुलिस ने मामले में आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कर लिया है।

कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के जंगल शंकरपुर घोरठ गांव की रहने वाली संगीता देवी (40) का मायका महुआडीह थानाक्षेत्र के देवरिया नकछेद गांव में था। बुधवार को संगीता की तबीयत खराब हो गई। उसने इस बात की जानकारी अपने पिता सहदेव को देकर भटनी दादन चौराहा बुलाया। संगीता पिता के साथ चौराहा स्थित अल फलाह क्लीनिक पर इलाज के लिए गई। डॉ. फैज अहमद, संगीता का इलाज करने लगे। इसी दौरान संगीता की तबीयत अचानक और बिगड़ गई।

परिजन अभी कुछ समझ पाते ही उसकी मौत हो गई। पिता सहदेव ने आरोप लगाया कि डॉ. फैज की लापरवाही से बेटी की जान चली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया। उसी दिन देर रात को फैज अहमद पर केस दर्ज हो गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं हो पाई है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, डॉ. फैज अहमद आयुर्वेद में बीएमएस है, जबकि इलाज एलोपैथ का कर रहा था। इससे पहले भी उसकी डिग्री पर सवाल उठ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करा रहा है। जांच आख्या में डिग्री और रजिस्ट्रेशन आदि से जुड़ी खामियां उजागर हुईं तो स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी शिकंजा कसना तय है।

भटनी दादन चौराहा पर संचालित निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान कुशीनगर की संगीता देवी की हुई मौत के मामले की जांच गंभीरता से कराई जा रही है। जांच आख्या अभी नहीं आई है। कुछ अहम जानकारी मिली है। जांच रिपोर्ट जल्द आ जाएगी। इसके बाद मामला साफ होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, सीएमओ**

## प्रबंधक संघ ने पूछा- कहां तक पहुंची जांच

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ ने शनिवार को अपनी मांगों का ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा। ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष जनार्दन चौहान ने बताया कि संगठन की ओर से 15 जुलाई को बीएसए कार्यालय एवं अधिकारी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए 12 सूत्री मांग का ज्ञापन दिया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.गोस्वामी गौरव भारती के निर्देश पर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उस मामले में अब तक क्या हुआ, आरोपियों पर कुछ कार्यवाही हुई, जांच कहां तक आगे बढ़ा इसकी जानकारी लेने के लिए यह दूसरा ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधिमंडल में विपिन कुमार शर्मा, सच्चिदानंद मिश्र, रामअशीष चौहान, जनार्दन चौहान, ओमप्रकाश सिंह शामिल रहे।

# कुशीनगर पहुंचा थाई बौद्ध भिक्षुओं का दल, चढ़ाया चीवर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

थाईलैंड के 10वें राजाराम महा वजिरालोंगकोर्न के दीर्घायु होने की कामना के लिए 217 थाई बौद्ध भिक्षुओं व अनुयायियों का दल देर रात कुशीनगर पहुंचा। वे भारत व नेपाल के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर विशेष पूजा-अर्चना के लिए आए हैं।

देर रात यह दल बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी (नेपाल) से कुशीनगर महापरिनिर्वाण स्थली पहुंचा, जहां शनिवार की सुबह करीब आठ बजे महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचकर 6.10 मीटर शयन मुद्रा वाली प्राचीन बुद्ध प्रतिमा के सामने शीश नवाकर विशेष पूजा-अर्चना किया। इसके बाद बुद्ध वंदना के साथ भव्य स्तूप की परिक्रमा कर चीवर चढ़ाया।



बौद्ध भिक्षु भंते अशोक ने बताया कि 28 जुलाई को थाईलैंड के राजा का जन्मदिन है। उनका जन्मदिन बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर मनाने के ध्येय से 217 बौद्ध भिक्षुओं व अनुयायियों का दल बीते 18 जुलाई को थाईलैंड से कोलकाता पहुंचा था। यह दल कोलकाता से भगवान विश्वनाथ की नगरी काशी पहुंचा। वहां से बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली धर्मचक्र प्रवर्तन स्थल (सारनाथ) फिर तपोस्थली श्रावस्ती पहुंचकर विशेष पूजा -अर्चना किया। इसके बाद बौद्ध जन्मस्थली नेपाल के तराई लुंबिनी का भ्रमण कर ऐतिहासिकता व प्राचीनता से रू-ब-रू हुए। कुशीनगर से यह दल रविवार को बोधगया ज्ञान प्राप्ति स्थली के लिए रवाना हो जाएगा।

# विमला विक्रम अस्पताल में हुए दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## आरोपी नर्सिंग स्टाफ योगेश पांडे को 48 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना पचपेड़वा क्षेत्रांतर्गत अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती महिला को इन्जेक्शन लगाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अस्पताल के कर्मचारी योगेश पांडे के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसे 48 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया है।
पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 27 जुलाई को बताया कि थाना पचपेड़वा क्षेत्र की निवासिनी द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2025 को एक लिखित तहरीर इस आशय का दिया कि मेरी तबियत खराब थी, जिसकी वजह से मैं विमला विक्रम अस्पताल पचपेड़वा दवा कराने गयी थी, जहां डॉक्टर द्वारा अस्पताल में भर्ती करके दवा इलाज किया जा रहा था। रात्रि में 04.00 बजे अस्पताल के कर्मचारी योगेश पाण्डेय पुत्र नरसिंह पाण्डेय निवासी मध्यनगर भैंसहवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर ने मुझे इन्जेक्सन लगा दिया जिससे मैं थोड़ी देर के लिए बेहोश हो गयी और योगेश पाण्डेय ने मेरे साथ दुष्कर्म कर दिया था, जिसकी सूचना मैने अपने परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भी तत्काल दिया था।
पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना पचपेड़वा पर सुसंगत धाराओं में तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई 25 को थाना पचपेड़वा पर पंजीकृत मुकदमा की घटना में संलिप्त अभियुक्त योगेश पाण्डेय पुत्र नरसिंह पाण्डेय निवासी मध्यनगर भैंसहवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को मुखबिर की सूचना पर भाथर पुल के पूरब छोर के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया। अभियुक्त से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी तो बता रहा है कि मैं विमला विक्रम अस्पताल पचपेड़वा में नर्सिंग स्टाफ के पद पर नियुक्त हूं। नाइट शिफ्ट में मेरी ड्यूटी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रहती है। मेरे साथ ट्रेनिंग नर्स की ड्यूटी भी लगी थी।
मैंने रात में अन्य मरीज व उनके परिजन को इमरजेंसी वार्ड से बाहर कर दिया तथा रात करीब 01.00 बजे मेरे साथ ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स आराम करने जनरल वार्ड में चली गई थी, तभी मेरी नजर बेड सं0 02 पर भर्ती महिला पर पड़ी और मेरी नियत खराब हो गयी। मैंने उसे इन्जेक्शन लगाया जिससे वह बेहोश हो गयी और मैं उसके साथ गलत काम करने लगा।
उसी दौरान महिला होश में आ गई और उसने विरोध किया तो मैं डर गया और अस्पताल से भाग गया। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में निरीक्षक सन्तोष कुमार त्रिपाठी थाना पचपेडवा, बलरामपुर, का0 राहुल पाल थाना पचपेडवा बलरामपुर तथा का0 शिव कुमार थाना पचपेडवा बलरामपुर शामिल थे।

## डॉ. जुबैर शादाब खान एएमयू सीपीडीयूटी के निदेशक नियुक्त

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

डॉ. जुबैर शादाब खान को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट ऑफ उर्दू टीचर्स (उर्दू अकादमी) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से तीन वर्षों की अवधि के लिए या जब तक सामान्य चयन समिति के होने तक की गई है।
डॉ. खान एक अनुभवी शिक्षाविद् और लेखक हैं। उन्होंने रेडियो ड्रामे- इतिहास, विधा और तकनीक, उर्दू भाषा, साहित्य और संस्कृति, रेडियो टीवी- इतिहास और तकनीक और भाषा विज्ञान जैसी पुस्तकों का लेखन किया है। इसके अलावा उन्होंने आधा दर्जन से अधिक पुस्तकों का संपादन और संकलन किया है तथा उनके उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में तीस से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।
शैक्षणिक लेखन के साथ-साथ डॉ. खान ने शिक्षकों के प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम निर्माण और शैक्षणिक मूल्यांकन जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# विजय दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा भारती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष रविवार को में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 27 जुलाई 2025 को विजय दिवस के पावन अवसर पर कुमुद रंजन, कार्यवाहक कमांडेंट, 09 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के निर्देशन में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।
यह रैली कुमुद रंजन, कार्यवाहक कमांडेंट, 09वीं वाहिनी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस आयोजन का उद्देश्य फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय एकता तथा देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। रैली की शुरुआत वाहिनी मुख्यालय बलरामपुर से हुई, जो हरिहरगंज तक पहुंची। इस मार्ग पर सशस्त्र सीमा बल के सभी अधिकारी हेमंत कुमार (उप कमांडेंट), नैंसी सिंगला (उप कमांडेंट), संजय प्रसाद (उप कमांडेंट), रवि प्रताव वर्मा (उप कमांडेंट) एवं जवानों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया, जिससे इस आयोजन की भव्यता और संदेश दोनों परिलक्षित हुए। प्रभारी कमांडेंट ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल जवानों के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने वाला था, बल्कि विजय दिवस के महत्व को भी व्यापक रूप से स्थापित करने वाला था। फिटनेस के साथ-साथ देश के प्रति समर्पण और साहस का परिचय देने वाले इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों के मनोबल को ऊंचा किया। सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि जवानों एवं आम जनता के बीच स्वस्थ जीवनशैली और देशभक्ति की भावना का प्रसार होता रहे।

## जिले के 16 अधिकारियों को डीएम ने जारी किया कारण बताओं नोटिस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद के जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जिले के 16 अधिकारियों को आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताते चले कि शिकायतों के निस्तारण सुनिश्चित किए जाने को नियमित समीक्षा एवं बैठक की जा जाती हैं। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो इसके लिए शिकायतकर्ताओं से शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक लिया जाता है। डीएम द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के फीडबैक की समीक्षा के दौरान यह पाया गया की कतिपय अधिकारियों द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कोई रुचि नहीं ली जा रही है एवं प्रकरणों का सरसरी तौर पर निस्तारण कर दिया जा रहा है। आइजीआरएस पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर अधिशासी अभियंता विद्युत, उप जिलाधिकारी उतरौला ,अधिशासी अभियंता बलरामपुर सिंचाई खंड तृतीय, बाल विकास परियोजना अधिकारी गैंसडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर, खान निरीक्षक ,जिला क्रीड़ा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ,जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ,अभिहित अधिकारी ,चकबंदी अधिकारी, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर ,तहसीलदार तुलसीपुर ,अधिशासी अभियंता तुलसीपुर ,सहायक विकास अधिकारी उतरौला ,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गैंसडी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उक्त सभी अधिकारियों द्वारा तीन दिवस के भीतर समुचित जवाब न दिए जाने पर कार्रवाई हेतु संस्तुति शासन को प्रेषित कर दी जाएगी।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2023 कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में रविवार को 8 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कराई गई। परीक्षा को नकल विहीन व शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए थे। परीक्षा में आधे से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने 27 जुलाई को बताया कि लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई गई समीक्षा अधिकारी 2023 परीक्षा शांतिपूर्ण व सुचिता पूर्ण तरीके से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आठ केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकृत 3552 अभ्यर्थियों मे 1709 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि आधे से अधिक 1843 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी । परीक्षा जिन केंद्रों पर आयोजित कराई गई उनमें एमएलके पीजी कॉलेज में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके अलावा एमपीपी इंटर कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा जीसस एंड मेरी स्कूल में एक-एक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे । परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लेते रहे । परीक्षा केंद्र मेंप्रवेश देने से पूर्व परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई।

## विपुल ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर किया नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के छात्र विपुल कुमार मिश्र ने भूगोल विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विपुल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों व परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।
जानकारी के अनुसार एम एल के पी जी कॉलेज के बीएड विभाग के प्रोफेसर एस पी मिश्र के पुत्र विपुल बचपन से ही मेधावी थे और उनकी रूचि अध्ययन कार्य में ज्यादा थी। विपुल ने बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करके आई एम एस कॉलेज गाज़ियाबाद से स्नातक, शक्ति स्मारक संस्थान से बीएड व एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर से भूगोल विषय से परास्नातक किया है। विपुल ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर के साथ साथ माता-पिता,गुरुजनों व स्वयं के नियमित अध्ययन को दिया है। विपुल के नेट क्वालीफाई होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह,विभागाध्यक्ष भूगोल प्रो0 एस एन सिंह, प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ अजहरुद्दीन, डॉ अनुज सिंह व डॉ विनीत कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों व परिजनों ने बधाई दी है।

# सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा साइकिल रैली का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशसशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी में रविवार को फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत, विजय दिवस के उपलक्ष्य में साइकिल अभियान का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को 50 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के कमांडेंट के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय एवं सीमा चौकियों के द्वारा विजय दिवस के उपलक्ष्य पर साइकिल अभियान का आयोजन किया गया द्य अभियान वाहिनी मुख्यालय से आरंभ होकर ग्राम पीलीभीत, रिसालपुर डिहवा, बुद्धनगर बाजार, होते हुए न्यूलोकेशन विशुनीपुर पहुंचा। पुनः साइकिल रैली विशुनीपुर न्यूलोकेशन से चलकर ग्राम नरकटिया, सुहागिनपुरवा चौराहा, शेखुईकला होते हुए लगभग 08 गांव और 15 किलो मीटर की दूरी तय करके वापस 50 वीं वाहिनी मुख्यालय में पहुंची।
अभियान में वाहिनी के 04 अधिकारी, 20 अधीनस्थ अधिकारी एवं 130 बल कार्मिक उपस्थित रहे। सभी ने बड़े ही हर्षोल्लास व भारत माता की जय उदघोष के साथ साइकिल अभियान को सफल बनाया। अभियान में सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारीयों एवं जवानों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

## एएमयू के छात्रों ने डिलीवरी ड्रोन प्रोटोटाइप विकसित किया

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के अंतिम वर्ष के छात्रों की एक टीम ने डिलीवरी ड्रोन प्रोटोटाइप का सफलतापूर्वक परीक्षण कर तकनीकी रचनात्मकता और नवाचार की मिसाल पेश की है। यह सफलता स्वायत्त हवाई डिलीवरी सिस्टम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।इस परियोजना का मार्गदर्शन यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरशद उमर तथा डॉ. तनवीर हसन, एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा किया गया। छात्र टीम में सौबान अहमद सिद्दीकी, ऐहतिशाम अहमद, शबाब खान, अंकित तोमर, अनस खान, मुजफ्फर हुसैन और ओमान अहमद अंसारी शामिल रहे, जिन्होंने दो महीनों के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में छह स्वायत्त डिलीवरी मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह ड्रोन रीयल-टाइम वीडियो स्ट्रीमिंग, स्वायत्त नेविगेशन, जेस्चर-नियंत्रित बैकअप और कस्टम डैशबोर्ड जैसी सुविधाओं से लैस है, जो उड़ान डेटा और डिलीवरी पथ को ट्रैक करने में सक्षम है।

# सदर विधायक ने नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों का किया अभिनंदन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा नगर, देहात व चाउरखाता मंडलों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन सदर विधायक पल्टूराम ने अपने आवासीय कार्यालय पर किया।
जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को सदर विधायक पलटू राम ने भारतीय जनता पार्टी के बलरामपुर नगर व देहात तथा चाउरखाता मंडलों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अंगवस्त्र भेंट कर तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया। सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में पदाधिकारियों का आवाहन करते हुए कहा कि आज विपक्ष राष्ट्र विरोधी शक्तियों के साथ खड़ा दिख रहा है, इसलिए मजबूती के साथ बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है।
उन्होंने हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र ने पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए कहा कि मतदाता बनाने और काटवाने का कार्य आरंभ हो रहा है।
संगठन के सभी लोगों को लगकर कार्य में गति दिया जाय। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, महामंत्री वरुण सिंह मोनू, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, संजय शर्मा, जिला मंत्री सुनीता मिश्रा, निवर्तमान जिला नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव, देहात मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पाठक व चाउरखाता मंडल अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी सहित मंडलों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धा एवं गर्व के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय कारगिल विजय दिवस 2025 बहुत ही श्रद्धा एवं गर्व के साथ मनाया गया। पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यालय परिसर में ह्नवीरों को नमनह्न सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया, जहाँ उपस्थित जनसमुदाय, छात्र-छात्राएँ एवं आगंतुकों ने शहीदों की स्मृति में चित्र लेकर अपनी भावनाएँ अभिव्यक्त कीं। इस दौरान जिले के शहीदों के आश्रितों एवं वीर नारियों का सम्मान अभिनंदन किया गया, जिन्हें प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर समाज की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की गई। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि यह आयोजन न केवल सैनिकों के शौर्य को प्रणाम था,बल्कि नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना जागृत करने का एक सार्थक प्रयास है। इस प्रकार के आयोजन पूर्व सैनिकों के गौरव, शहीदों की विरासत और नागरिकों की भावनाओं के समन्वय का सशक्त उदाहरण हैं।

## दुकान के अंदर लड़का और लड़की आपत्तिजनक हालत में मिले


**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना इगलास क्षेत्र में एक बैंड की दुकान के अंदर लड़का और लड़की आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए।
एक बैंड की दुकान का जब शटर ऊपर को उठाया गया तो उसके अंदर का दृश्य देखकर सब चकित रह गए। दुकान के अंदर एक तख्त पड़ा था, वहीं पर एक लड़का और लड़की आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना इगलास अंतर्गत बाजार में एक बैंड की दुकान का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में दुकान का शटर ऊपर उठाया जाता है तो उसके अंदर एक लड़का और लड़की मिलते हैं। बताया जा रहा है कि लड़का-लड़की दोनों आपत्तिजनक स्थिति में मिले। वीडियो में दुकान के अंदर राजू बैंड का बैनर लगा दिख रहा है। जैसे ही शटर उठा, वैसे ही अंदर मौजूद लड़का-लड़की हक्के-बक्के रह गए।
पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें एक लड़का व लड़की एक दुकान में आपत्तिजनक स्थिति में मिले हैं।
इस सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संज्ञान लेते हुए दी गई तहरीर के आधार पर स्थानीय थाने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है,अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने कौशल विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

■ विभिन्न कौशल निर्माण पहलों के माध्यम से एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



विश्व युवा कौशल दिवस पर, एडहेसिव, सीलेंट, कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स और आर्ट मैटीरियल्स की अग्रणी निर्माता कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वोकेशनल ट्रेनिंग और डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत के कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट क्षेत्रों में 2030 तक 3 करोड़ रोजगार सृजित होने का अनुमान है, और इस ग्रोथ को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक कुशल वर्कफोर्स आवश्यक होगा। पिडिलाइट ने अपनी विभिन्न स्किल बिल्डिंग पहलों के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में 1 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है। युवा प्लंबिंग, वाटर प्रूफिंग, वुडवर्किंग, कंस्ट्रक्शन, आर्गेनिक फॉर्मिंग यानि जैविक खेती, इंटीरियर डिजाइन, आर्ट एंड क्रॉफ्ट और सजावट जैसे अलग अलग व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।
इस मौके पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री सुधांशु वत्स, मैनेजिंग डायरेक्टर, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज, ने कहा कि पिडिलाइट में, हमारा मानना है कि नए नए स्किल्स को सीखना न सिर्फ नए रोजगारों का रास्ता खोलता है बल्कि ये राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है। जैसे-जैसे भारत 2047 में अपनी शताब्दी वर्षगांठ की ओर बढ़ रहा है, हमें अपने युवाओं को व्यावहारिक क्षमताओं और भविष्य के लिए तैयार ज्ञान, दोनों से सुसज्जित करना होगा। हमारी बहुआयामी पहलों, गुजरात सरकार के सहयोग से पिडिलाइट वुडवर्किंग एंड प्लंबिंग सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किल्स, डॉ. फिक्सिट सेंटर्स, आईटीआई के साथ साझेदारी, और हमारे नए डिजिटल प्लेटफॉर्म, पिडिलाइट बॉन्डिंग एक्सपर्ट, के माध्यम से, हम एक ऐसा ईकोसिस्टम बना रहे हैं जो व्यक्तियों को सशक्त बनाता है। इसके साथ ही इंडस्ट्री रिलेशंस को मजबूत करता है और इनक्लूसिव डेवलपमेंट को बढ़ावा देता है। हमारा लक्ष्य न केवल अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करना है, बल्कि उन्हें इनोवेशन और मजबूती के प्रेरक बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# दो नाबालिग लड़कियों को बनाया बंधक, दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना रोरावर क्षेत्र के एक होटल में दो नाबालिग लड़कियों को बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। 8 दिनों से दोनों लड़कियां रोरावर थाना इलाके में मथुरा बाईपास रोड पर एक होटल में बंधक थीं। मामला सामने आने के बाद होटल से नाबालिगों को सकुशल बरामद किया गया। इस मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि जफर नाम के शख्स ने होटल वेलनेस में 2 नाबालिग सगी बहनों को पिछले 8 दिनों से बंधक बनाया हुआ था। एक लड़की किसी तरह मौका पाकर वहां से भाग निकली।लड़की ने पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी।जिसके बाद महिला ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।मामला गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस ने तुरंत होटल में छापा मारा। साथ ही दूसरी नाबालिग को बरामद किया गया। लड़कियों की मां का कहना है कि उनकी बेटियां लापता थीं। जैसे-तैसे बड़ी बेटी होटल से भागी और उसने घर पहुंचकर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लालच देकर और बहला-फुसलाकर जफर नाम का शख्स दिल्ली ले गया। इसके बाद आरोपी ने अलीगढ़ के होटल में दोनों लड़कियों को बंधक बनाकर रखा। एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि दो नाबालिग बहनों को रोरावर थाना इलाके के एक होटल में बंधक बनाकर आरोपी द्वारा रखा गया था। होटल स्टाफ को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

# शाहगंज के होटल बने देह व्यापार के अड्डे!

## पुलिस संरक्षण में फल-फूल रहा काला कारोबार

- अयोध्या रोड, ताखा चौराहा, रोडवेज स्टेशन और स्पा सेंटरों की सच्चाई चौकाने वाली

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले का शाहगंज कस्बा इन दिनों शर्मसार है। यहां के प्रमुख मार्गों– अयोध्या रोड, सुल्तानपुर रोड, आज़मगढ़ रोड और ताखा चौराहा के आसपास खुलेआम देह व्यापार का खेल खेला जा रहा है। होटल, स्पा और हुक्का बार की आड़ में सेक्स रैकेट का गोरखधंधा फल-फूल रहा है, और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध कारोबार को कथित रूप से पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।

### होटल में बुकिंग के साथ खास पैकेज

स्थानीय सूत्रों की मानें तो कस्बे के दर्जनों होटल ऐसे हैं, जहां एक फोन कॉल पर खास सर्विस मुहैया कराई जाती है। बुकिंग के समय ग्राहक को विकल्प दिए जाते हैं और सौदा तय होते ही कमरे तक डिलीवरी कर दी जाती है। ये होटल देह व्यापार के अड्डे बन चुके हैं।

### स्पा सेंटर के नाम पर मसाज की आड़ में देह व्यापार



शहर में तेजी से खुल रहे ब्यूटी पार्लर और स्पा सेंटर भी संदेह के घेरे में हैं। बॉडी मसाज के नाम पर इन सेंटरों में लड़कियों की उपलब्धता की जानकारी सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप के जरिये फैलाई जाती है। ग्राहकों को पैकेज बताकर अंदर बुलाया जाता है, फिर सौदा तय होता है।

### हुक्का बार बन रहे नशे और अपराध के केंद्र

हुक्का बारों की बात करें तो वे अब सिर्फ धुएं तक सीमित नहीं हैं। इन जगहों पर नाबालिग और युवा खुलेआम नशे का सेवन करते देखे जा सकते हैं। कुछ बारों में शराब और अन्य मादक पदार्थों की खपत भी जोरों पर है। यहीं से जुड़ रहा है युवा वर्ग का अपराध की ओर झुकाव।

### पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

सूत्रों की मानें तो इन कारोबारियों से हर महीने पुलिस को 8 लाख रुपये तक की मोटी रकम पहुंचती है। यही कारण है कि स्थानीय लोगों द्वारा की गई बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस महकमे की इस खामोशी ने आम जनता के बीच आक्रोश बढ़ा दिया है।

### स्थानीय जनता है परेशान, प्रशासन से लगाई गुहार

- अब सवाल ये है कि क्या शाहगंज की पुलिस वाकई बेबस है या फिर इस गंदे खेल की मौन भागीदार?
- प्रशासन को चाहिए कि इन गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

### जनता पूछ रही है- शाहगंज में कब रुकेगा यह गंदा खेल?

मामला अभी संज्ञान में नहीं था यदि ऐसा है तो मामले की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी

**अजीत कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर**

ताखा चौराहा और रोडवेज स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है

कि यहां रात होते ही संदिग्ध गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार पुलिस को शिकायत दी, लेकिन हर बार खानापूर्ति कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

## शहर के विकास को लेकर संजीदा हुए डीएम



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र बेहद गम्भीर हो गए हैं। शहर की खराब हो चुकी सड़क मरम्मत, बिजली और जल जीवन मिशन के कामों पर उनकी खास नजर बनी हुई है। मामले की गंभीरता को यूं ही समझा जा सकता है कि रविवार को अवकाश के दिन जिलाधिकारी अपने पूरे लाव लश्कर के साथ तहसील सदर के मई गांव में निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पानी की टंकी के निर्माण कार्य को उन्होंने कई दिनों से बन्द पाया। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल निगम ग्रामीण के एक्सईएन को निर्देशित किया कि कार्यस्थल का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संबंधित निर्माण कंपनी से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए तथा कार्य को तेजी के साथ पूरा किया जाए। अन्यथा की स्थिति में प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कार्य को तुरंत शुरू कराया जाए और समयबद्ध रूप से इसे पूरा कराकर ग्रामीणों को जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शाहगंज में बिना मानक चल रहे प्राइवेट अस्पताल, मरीजों की जान से हो रहा है खिलवाड़

**न रास्ता ठीक, न फायर सिस्टम, फिर भी जारी है इलाज का धंधा**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

योगी सरकार के कड़े निर्देशों और स्वास्थ्य मानकों की सख्ती के दावों के बावजूद शाहगंज नगर में स्वास्थ्य व्यवस्था मज़ाक बनकर रह गई है। नगर में ऐसे कई निजी अस्पताल और पैथोलॉजी लैब्स चल रहे हैं जो न सिर्फ नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं, बल्कि मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़ भी कर रहे हैं।

### संकरी गलियों में अस्पताल, रास्ता नहीं फिर भी लाइसेंस!

शहर के भीतर कई निजी अस्पताल ऐसे इलाकों में संचालित हो रहे हैं जहाँ चार पहिया वाहन तो दूर, एंबुलेंस तक का प्रवेश मुश्किल है। सवाल ये उठता है कि जब अस्पताल तक पहुँचने का रास्ता ही नहीं, तो इन्हें लाइसेंस कैसे जारी कर दिया गया?

### फायर सेफ्टी फेल, फिर भी दावे बुलंद

ज्यादातर अस्पतालों में फायर सेफ्टी के बुनियादी इंतजाम तक नहीं हैं। न अलार्म सिस्टम, न फायर एक्सटिंग्विशर, न निकासी का वैकल्पिक रास्ता लेकिन जब सवाल किया जाता है, तो संचालक आंख दिखाने लगते हैं। दावा करते हैं कि उनके पास सब कुछ फायर सर्विस से पास है।

### पैथोलॉजी लैब्स- न डिग्री, न लाइसेंस, फिर भी जांच जारी

नगर में मरीजों की जांच के नाम पर चल रही तमाम पैथोलॉजी लैब्स बिना किसी लाइसेंस और योग्य तकनीशियन के संचालित हो रही हैं। इन लैब्स से जारी की जा रही रिपोर्टें अक्सर गलत पाई जाती हैं, जिसकी कीमत मरीजों को अपनी जान से चुकानी पड़ रही है। कुछ लैब संचालक तो केवल क्लिनिक मालिकों से मिलकर कमीशन के खेल में लगे हैं।

### डिलीवरी के नाम पर डर दिखाकर की जा रही लूट

स्थानीय लोगों की मानें तो कुछ निजी अस्पताल ऐसे भी हैं जहाँ सामान्य डिलीवरी के केस को ऑपरेशन का रूप देकर मोटी रकम वसूली जा रही है। परिजन जब विरोध करते हैं तो उन्हें डराया धमकाया जाता है। कई मामलों में महिलाओं की हालत बिगड़ने तक की खबरें सामने आई हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी बनी

अब सवाल यह है कि क्या योगी सरकार का हंटर इन फर्जी अस्पतालों और भ्रष्ट अधिकारियों पर चलेगा?

### जनता जानना चाहती है

क्या एक बार फिर कार्रवाई के नाम पर फाइलों में दबा दी जाएगी सच्चाई? या इस बार होगी सख्त कार्रवाई?

### शाहगंज की जनता को इंतज़ार है

हकीकत उजागर करने वाली एक ईमानदार जांच का।

मामले की जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

**लक्ष्मी सिंह सीएमओ जनपुर**

### सवाल

स्वास्थ्य विभाग को इन सबकी जानकारी है,

लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। सूत्रों का कहना है कि जांच के नाम पर विभागीय अधिकारी अस्पताल संचालकों से अवैध वसूली कर मामलों को रफादफा कर देते हैं।

### सरकारी डॉक्टरों का भी गोरखधंधा

शहर में कुछ सरकारी डॉक्टर अपने सरकारी पद का फायदा उठाकर निजी अस्पताल या क्लिनिक चला रहे हैं– कोई अपने सरकारी आवास में तो कोई किराए के मकानों में।

नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, लेकिन अधिकारी मौन हैं।

## रेबीज : जानलेवा पर पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

सावधान! रेबीज से हर साल भारत में 20,000 मौतें! भारत में हर साल लगभग 20,000 लोगों की मौत रेबीज से होती है। यह एक खतरनाक और जानलेवा वायरल रोग है, जो मुख्यत: संक्रमित पशुओं जैसे कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि के काटने या उनकी लार के संपर्क से फैलता है। यह वायरस तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) को प्रभावित करता है, और जब इसके लक्षण सामने आते हैं, तो यह 100त्न घातक साबित हो सकता है। लेकिन घबराने की ज़रूरत नहीं! समय पर इलाज और सही टीकाकरण से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है।

### भारत में हर साल लाखों प्रभावित

भारत में हर साल करीब 1.75 करोड़ लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। इनमें से लगभग 36त्न बच्चे होते हैं। वृद्धों, युवाओं, और बच्चों में इसका प्रभाव ज्यादा देखा गया है। सही समय पर टीकाकरण और जागरूकता से 90त्न से ज्यादा मामलों को रोका जा सकता है।

### पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण

पालतू जानवरों को हर साल रेबीज की वैक्सीन लगवाएं। यह न सिर्फ आपके जानवर को सुरक्षित रखेगा, बल्कि आपके परिवार को भी इस खतरनाक बीमारी से बचाएगा।

### जागरूकता है सबसे बड़ा हथियार

रेबीज को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें जागरूकता फैलानी होगी। स्कूलों में और समुदायों में इस पर अभियान चलाकर हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें समय पर इलाज और सावधानी की ज़रूरत है, क्योंकि समय पर इलाज ही जीवन बचा सकता है।

### डा. आलोक सिंह पालीवाल का संदेश

रेबीज से घबराएं नहीं, जागरूक बनें। अपने पालतू जानवरों का समय पर टीकाकरण कराएं और किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत घाव धोकर अस्पताल में डॉक्टर से संपर्क करें। याद रखें, समय पर कदम उठाने से ही हम अपनी जान बचा सकते हैं।

आइए, हम सब मिलकर इस जानलेवा बीमारी को खत्म करें!

रेबीज को हराने के लिए अब कोई बहाना नहीं! सावधानी बरतें, जानकारी फैलाएं, और समय पर टीकाकरण करवाएं।

### कैसे फैलता है रेबीज?

- संक्रमित जानवरों का काटना– कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि का काटना या उनके लार के संपर्क से।
- खरोंचना या चाटना– यदि जानवर आपके शरीर को खरोंच या चाट लेता है तो भी खतरा हो सकता है।
- बहुत ही दुर्लभ स्थिति– अंग प्रत्यारोपण से इंसान से इंसान में भी रेबीज का संक्रमण हो सकता है।

### क्या हैं रेबीज के लक्षण?

- बुखार, सिरदर्द, और बेचैनी
- भ्रम, घबराहट, और व्यवहार में बदलाव
- पानी से डर
- रोशनी से डर
- लकवा और अंत में मृत्यु

### रेबीज का कोई इलाज नहीं है, लेकिन यह पूरी तरह से रोका जा सकता है!

### क्या करें यदि कुत्ते या अन्य जानवर ने काटा हो?

- 1. घाव को साबुन और पानी से अच्छे से धोएं (कम से कम 15 मिनट तक)
- 2. तुरंत निकटतम अस्पताल में संपर्क करें और पी पी वैक्सीनेशन 15 दिन की वैक्सीन श्रृंखला) शुरू करें।
- 3. रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन (ऋ्ठ्ठत्न) का इंजेक्शन भी लगवाएं।

## शहर का विकास करना हमारी प्राथमिकता : गिरीश यादव



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने रविवार को शहर में नगरीय अल्पविकसित/ मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 69 लाख की लागत की तीन सड़क परियोजना का शिलान्यास किया।

इसके पहले कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश कि योगी सरकार में विकास कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य व आवास आदि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से हमारी सरकार ने व्यापक पैमाने पर काम किया है।

जिन सड़कों का शिलान्यास किया है। उसमें मोहल्ला कालीकुती में मैहर देवी ओलंदगंज मार्ग पर मंशा देवी मंदिर के सामने से परमानतपुर हरिजन बस्ती तक नाली व इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। जिसकी अनुमानित लागत 25.03 लाख है। वार्ड रामनगर में मेन रोड महिला थाने के सामने से भगौती कालोनी सुभाष गौड़ के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 21.85 लाख है। वार्ड रामनगर में भागोती कालोनी में भगवान दास के घर से भैयालाल सोनकर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 22.29 लाख है। इस मौके पर मनीष श्रीवास्तव, सरस गौड़, जयविजय सोनकर, दीपक मिश्रा, सरोज सिंह अन्य मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सेमिनार में उठे मुद्दे, पदाधिकारियों की घोषणा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन की अध्यक्षता और परसुरामपुर व्लाक अध्यक्ष आत्माराम वर्मा के संयोजन में रविवार को परसुरामपुर स्थित एक विद्यालय के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में फार्मासिस्टों की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सांगठनिक मजबूती के लिये परसुरामपुर ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। ब्लाक कार्यकारिणी में व्लाक अध्यक्ष आत्माराम वर्मा , अजय गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय चौधरी उपाध्यक्ष, आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष, शशिकान्त उपाध्याय, आशीष कुमार सलाहकार, प्रमोदधर दूबे, पंकज वर्मा सचिव, संजय वर्मा, सन्तोष त्रिपाठी मीडिया प्रभारी घोषित किये गये। इसके अतिरिक्त राजकुमार, प्रशान्त कौशल, अखिलेश गुप्ता, सद्दाम हुसेन, सुरेश कन्नौजिया, राम मूर्ति पाण्डेय सदस्य कार्यकारिणी चुने गये। सेमिनार में एसोसिएशन जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन ने कहा कि एसोसिएशन निरन्तर फार्मासिस्टों की समस्याओं के लिये संघर्षरत है। उन्होने फार्मासिस्टों को फार्मेसी के संचालन, उपयोगिता, नियम और दायित्वों की विस्तार से जानकारी दिया। सेमिनार में मण्डल उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद, प्रदेश सचिव आईटी सेल अभिषेक उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, महासचिव वैभव श्रीवास्तव, फारूक अब्दुल्ला, धर्मनाथ, उषांक चतुर्वेदी, विक्रम शर्मा आदि ने फार्मासिस्टों के मुद्दों और एसोसिएशन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य रूप से अखिलेश गुप्ता, विजय शर्मा, दिनेश, सैय्यद हफीज, सूरज, प्रवीण, जगदम्बा, दीपक, सनोज, विकास, गोविन्द, स्वामीनाथ, रामशंकर, महेश, अरशद, संजय, संदीप, सौरभ, देवा, कुलदीप, इशान्त, अविनाश, विशाल, नीरज, आशीष कुमार के साथ ही अनेक फार्मासिस्ट, एसोसिशन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिले के सरायखाजा थाना अन्तर्ग देवकली गांव के दलित बस्ती में शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। रिश्तेदार पड़ोसी घर के छत पर मोबाइल से बात करते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। देवकली गांव निवासी अनिल गौतम की 28 वर्षीय पत्नी निशा देवी शनिवार की देर शाम लगभग 7 बजे किसी काम से मौसेरे पड़ोसी मुरारी लाल के घर गई थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आया। नेटवर्क न मिलने पर वह बात करने के लिए पड़ोसी की छत पर चली गईं। छत के ठीक उपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से निशा गंभीर रूप से झुलस गईं। उधर घटना की जानकारी होते ही आनन-फानन में परिजनों ने निजी वाहन से उन्हे ईलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने अंत: परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुए इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया और गांव के लोग बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोशित हैं। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया की परिजनों के तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उ.प्र. एसोसियेशन ऑफ जर्नलिस्ट के पदाधिकारियों को कप्तान ने दिलाई शपथ

- पत्रकार, पुलिस की जिम्मेदारियां एक जैसी, समन्वय के साथ आगे बढ़ें- एसपी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



रविवार को उ.प्र. एसोसियेशन ऑफ जर्नलिस्ट का शपथग्रहण समारोह एवं जिला इकाई के पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेशचन्द्र मिश्र तथा संचालन पत्रकार अशोक श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र यादव ने किया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये पुलिस कप्तान अभिनंदन ने कहा पुलिस और पत्रकार में ज्यादा अंतर नही है। दोनो राष्ट्रसेवा संविधान सम्मत आचरण करने के संकल्पों से बंधे हैं। बेहतर समन्वय के साथ हम आगे बढ़ना होगा। पत्रकार चुनौतीपूर्ण है लेकिन किसी भी दशा में पत्रकारों का उत्पीड़न नही होने दिया जायेंगा। उन्होने पत्रकारों से कहा हड़बड़ी में समाचारों को सार्वजनिक न करें उसकी प्रमाणिकता की जांच करें, ऐसा करने से समाज में गलत संदेश जाता है और पुलिस को भी परेशान होना पड़ता है। उन्होने उपज की कार्यकारिणी को शुभकामनायें दी।

इससे पहले मुख्य अतिथि ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्र सहित जिला कार्यकारिणी ने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी का फूल मालाओं, अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बेगम खैर गर्ल्स इ.का. की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा जिस तरह नई तकनीक व विधाओ ने पत्रकारिता की दिशा और दशा बदली है उसी तरह अपराधियों ने भी तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। शासन की ओर से लगातार पुलिस को नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। इनस सबके बावजूद परस्पर समन्वय बनाकर पूरी सकारात्मकता से हमे आगे बढ़ने की जरूरत है। सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने कहा पत्रकारों पर समाज भरोसा करता है और वे बातें भी शेयर करता है जो पुलिस तक कभी नही पहुंचती। ऐसे में पत्रकार और पुलिस मिलकर समाज में अपराध कम कर सकते हैं।

उपज के प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्र ने कहा पत्रकार निडर होकर कार्य करें, बस्ती में एक सशक्त, सक्रिय कार्यकारिणी का गठन हो चुका है, पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 22 जुलाई से 07 अगस्त तक स्थापना दिवस पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा। शपथग्रहण समारोह को उपज के जिला संयोजक स्कंद शुक्ल, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, महामंत्री महेन्द्र तिवारी, ग्रापए अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी, मजहर आजाद, कृष्णदेव मिश्र, उपज के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल किशोर श्रीवास्तव तथा प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया।

पुलिस कप्तान अभिनंदन ने जिला संयोजक स्कंद शुक्ल, सह संयोजक संतोष तिवारी, जिलाध्यक्ष रमेशचन्द्र मिश्र, नवनिधि पाण्डेय, मनोज कुमार यादव, लवकुश सिंह, पारसनाथ मौर्य, अमृतलाल उपाध्यक्ष, देवेन्द्र पाण्डेय महामंत्री, जेपी उपाध्याय को कोषाध्यक्ष, धनंजय श्रीवास्तव को प्रवक्ता, संदीप यादव, संतोष श्रीवास्तव, आशुतोष नारायण मिश्र, अनिल श्रीवास्तव, सतेन्द्रनाथ श्रीवास्तव संगठन मंत्री, संजय विश्वकर्मा, अमर वर्मा, संदीप शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, अनिल सिंह, सद्दाम हुसेंन, श्रीकांत शुक्ला, बृजेश त्रिपाठी, राधेकृष्ण द्विवेदी, सुमित जायसवाल जितेन्द्र यादव, गंगाराम गौतम को सदस्य के रूप में शपथ दिलाया।

उपज के शपथग्रहण समारोह में उपज के प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्रा, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, ग्रापए अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी, उपज संयोजक स्कंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष रमेशचन्द्र मिश्र, विनय कुमार शुक्ल, अपर जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र चौधरी, चंदन गुप्ता, मपीष अग्रवाल आदि को पुलिस कप्तान के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चन्द्रप्रकाश शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, रत्नेन्द्र पाण्डेय, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाण्डेय, डा. रामकृष्णलाल जगमग, सर्वेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव भेलखा, दिलीप कुमार पाण्डेय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भारी भीड़ के बीच मां-बेटे का हुआ अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के उत्तरगावा गांव में शनिवार की शाम धान की रोपाई करते समय हाई टेंशन करंट की चपेट में आने से मां बेटे की मौत के बाद रविवार की दोपहर में लोदी व उसकी मां बासमती देवी का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद रामघाट पर उनके शव का दाह संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ो नागरिक ,विभिन्न राजनीतिक दल के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। केराकत विधानसभा के विधायक तूफानी सरोज, सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, अवधनाथ पाल, राहुल त्रिपाठी ने घाट पर पहुंचकर परिजनो को ढांढस बंधाया। घर पर मृतक लोदी के पत्नी अनीता को गांव की सैकड़ो महिलाएं संभालती रही। अनीता का रो रो कर बुरा हाल रहा। घाट पर मां बेटे की एक साथ जलती हुई चिताओं को देखकर वहां पर मौजूद सभी की आंखें नम हो गई।

## नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हो गया है। जालसाजी का यह खेल आंगनवाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर किया गया था। न्यायालय के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज हुआ है। दो वर्ष बाद नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सिकरारा थाना क्षेत्र के भुवाखुर्द गांव निवासिनी पूजा कुमारी ने न्यायालय में 156 तीन के तहत न्यायालय में वाद दाखिल कराया। जिसमें प्रार्थना पत्र देकर बताया कि नवम्बर 2023 में तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में रामदवर सरोज से मुलाकात हुई। बाद में और जान पहचान हो गई। रामदवर ने पूजा को बताया कि वह अध्यापक बन गया है। उसे आंगनवाड़ी में नौकरी दिलावा देगा। जिसमें एक लाख रुपए लगेगे। पूजा इस फरेब में फंस गई और धीरे धीरे रामदवर के खाते में और उसके लड़के और पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया। काफी दिन इंतजार करने पर नौकरी नहीं मिली और रामदवर भी अध्यापक नहीं है। इसका पता पूजा को चला तो वह अपने को ठगा महसूस करने लगी । बाद में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जौनपुर के डीएम, पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय किया अपील किया। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार जौनपुर न्यायालय का रुख किया। दो गवाहों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने तेजीबाजार पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## पंचायत चुनाव अपने दम पर लड़ेगी सुभासपा- अरविंद राजभर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव व पूर्व राज्य मंत्री डॉ अरविंद राजभर ने कहां की पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं संगठन के बल पर त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। इस मामले में हम किसी भी दल के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। क्योंकि कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की असली जान हैं। वह सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वाधान में जनपद स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक मैं मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

# सुलह कर लो नही तो बेटी की शादी करने में पड़ेंगे लाले...

## कोठी पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के मामले में पीड़िता को दी नसीहत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



थाना कोठी पुलिस की कार्यषैली वर्तमान समय में चर्चा का विषय बनकर रह गयी है। पीड़ितो के साथ न्याय न करना उनकी आदत में शुमार है। साथ ही में दबंगो के साथ खड़े रहना ही उनकी कार्यषैली है। खासतौर से शासन ने जहां महिला सम्बन्धी मामलो में विषेष दिषा निर्देष दे रखे हैं कि तत्काल महिला पीड़ितो का मुकदमा दर्ज किया जाये और आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा जाये। लेकिन यह आदेष कोठी पुलिस नही मान रही है। जानकारी के अनुसार, थाना कोठी क्षेत्र के एक गांव में दबंगो का बोलबाला है। आयेदिन दबंग अपनी हरकतों से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर देते हैं चूंकि दबंगो की संख्या ज्यादा है इसलिए ग्राम प्रधान से लेकर अन्य कोई राजनीतिक दल के नेता दबंगो के खिलाफ कार्यवाही करवाने या उनकी षिकायत करने की जहमत नही उठाते हैं। क्योंकि प्रधान से लेकर अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भी वोट बैंक की चिंता लगी रहती है। बीती 20 जुलाई की शाम को 7 बजे गांव के दबंगो ने 17 वर्षीय किषोरी जब पड़ोस में स्थित भोलेनाथ के मंदिर पर पूजा अर्चना करने गयी थी तो तभी अखिलेष द्विवेदी नाम के एक दबंग ने किषोरी का हाथ पकड़कर उससे बदसलूकी शुरु की। किषोरी भागकर घर पहुंची तो दबंग भी किषोरी के घर की कच्ची टूटी दीवार फांदकर अन्दर जा घुसा। वहां पर उसने किषोरी के साथ दुराचार का असफल प्रयास किया। जब किषोरी ने शोर मचाना शुरु किया तो दबंग ने उसकी पिटाई शुरु कर दी। किषोरी अपनी इज्जत आबरु बचाने के खातिर छत पर पहुंची और शोर मचाया चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दबंग वहां से भाग खड़ा हुआ। जाते जाते दबंग यह भी धमकी दे गया कि अगर इसकी कहीं षिकायत करोंगी तो अंजाम काफी बुरा होगा। घटना के दूसरे दिन पीड़िता ने अपनी मां के साथ में जाकर थाना कोठी में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद पीड़िता मा-बेटी को यह आष्वासन दिया कि जांच करके कार्यवाही करेंगे। लेकिन जांच करने के लिए कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नही पहुंचा। उसके बाद पीड़िता पुलिस अधीक्षक के दरबार पहुंची पुलिस अधीक्षक से मुलाकात न होने पर वहां पर मौजूद महिला षिकायत प्रकोष्ठ में अपना प्रार्थना पत्र देकर वापस लौट आयी।

जब वहां से षिकायती पत्र थाना कोठी पहुंचा तो कोठी पुलिस सक्रिय हुई। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की और पीड़िता को थाने पर बुला करके उसके बयान भी दर्ज किये। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां का आरोप है कि थाना प्रभारी कोठी ने मेरा मुकदमा तो दर्ज नही किया साथ ही में मुझे सलाह दे रहे थे कि इस मामले में सुलह कर लो लड़की का मामला है अगर मुकदमा दर्ज कर लूंगा तो कोर्ट कचेहरी का चक्कर लगाओगी तुमको लड़की की शादी करने में लाले पड़ जायेंगे। इसके बाद पीड़िता अपनी मां के साथ में घर वापस लौट आयी घटना के सम्बन्ध में पीड़िता की मां का कहना है कि इससे पूर्व भी इसी दबंग ने बीती 8 जुलाई की दोपहर को घर में घुसकर बेटी के साथ बदसलूकी नहाते समय की थी। जिसकी सूचना मैने उसी दिन 112 नम्बर डॉयल करके पुलिस को दी थी। लेकिन उस पर भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की।

अगर पुलिस मेरी पहली ही षिकायत पर कार्यवाही करती तो शायद यह घटना ही न घटती। घटना के सम्बन्ध में थाना कोठी प्रभारी जेपी सिंह का कहना है कि षिकायत मिली है जांच पड़ताल करवायी जा रही है असली मामला जमीनी विवाद का है अगर जांच में सब कुछ सही पाया गया तो मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जायेगी।

कुल मिलाकर कोठी पुलिस की कार्यषैली से पीड़ितो को न्याय नही मिल रहा है विषेष तौर पर महिला उत्पीड़न के मामले में लीपापोती ज्यादा की जाती है।

## पति-पत्नी की लटकती मिली लाश, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नया पुरवा गांव में रविवार सुबह एक दंपति के शव उनके कमरे में फंदे से लटके मिले। मृतका गर्भवती थी और दंपति का एक चार साल का बेटा भी है, जो अब अनाथ हो गया है। शनिवार को सास-बहू और बेटे में कहासुनी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने शांति भंग में बेटे का चालान भी किया था। इसके कुछ घंटों बाद बेटा-बहू फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नया पुरवा गांव निवासी रोहित सोनी (30) और उसकी पत्नी मुन्नी (28) के शव फंदे से लटके मिले। बताया गया कि मृतका गर्भवती थी। दंपती का एक चार साल का बेटा भी है। आज सुबह जब काफी देर तक रोहित के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को चिंता हुई। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।इस पर मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। रोहित सोनी और मुन्नी सोनी फंदे से लटके थे।घटना के बाद घरवाले रोने-बिलखने लगे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस बल और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना करके घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में दो तरह की आशंकाएं सामने आ रही हैं। एक यह कि युवक ने पत्नी की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पत्नी द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद आहत होकर युवक ने भी जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की सभी बिंदुओं से गहराई से जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मृतका गर्भवती थी। उनका एक चार वर्षीय पुत्र भी है, वहीं मृतका के परिजनों ने मृतक रोहित के परिजनों पर दोनों की हत्या का आरोप लगातार लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की बात कह रही है।

## नवाबगंज में आरो, एआरओ परीक्षा सकुशल हुई संपन्न



लखनऊ से श्यामलाल इंटर कॉलेज केंद्र पर परीक्षा देने आईं आकांक्षा सिंह ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। उन्होंने कहा कि 2023 की तुलना में इस बार का पेपर आसान था और उनका पेपर काफी अच्छा हुआ है। उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं और इंतजामों को भी संतोषजनक बताया।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को नवाबगंज कस्बे के दो परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इन दोनों केंद्रों पर कुल 768 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी। जानकारी अनुसार कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कुल 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 155 ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं, श्यामलाल इंटर कॉलेज में 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 177 ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 207 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। श्यामलाल इंटर कॉलेज में पंजीकृत 4 दिव्यांग अभ्यर्थियों में से भी एक परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचा। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन परीक्षा केंद्रों के साथ-साथ हाइवे पर भी मुस्तैद रहा।

## पटा पड़ा है नाला, उफनाया तालाब, ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। त्रिवेदीगंज। ग्राम पंचायत ने नालों की सुधि नहीं ली खामियाजा पहली जोरदार बारिश में जलभराव की समस्या ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे हालात विकास क्षेत्र की गौरवा उसमानपुर ग्राम पंचायत में बन गये हैं। पंचायत के उसमानपुर गाँव में जल निकासी के लिए गाँव के मध्य स्थित बड़े तालाब से एक नाला है। पर उक्त नाले की काफी समय से सफाई नहीं कराई गई है। शुक्रवार को जब जोरदार बारिश हुई तो जल निकासी के लिए बना नाला पटा होने से तालाब उफना गया। आस पास के घरों को जलभराव का सामना करना पड़ गया। जलभराव की समस्या का सामना कर रहे राम अभिलाख पाल, संजय पाल आदि ने बताया कि नाला पटा होने की जानकारी पंचायत प्रधान आदि को दी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जलभराव बना हुआ है। यदि कहीं पानी और गिरा तो समस्या बढ़ जाएगी। इसी तरह ग्राम पंचायत गौरवा उसमानपुर के तिलोकपुर गाँव में काका के हाता के पास पक्का बना नाला ढहा पड़ा है।ग्रामवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वाजपेयी शिवम् ने बताया कि गाँव के मध्य स्थित तालाब में गाँव का घरेलू व बरसाती तथा बड़े क्षेत्रफल की खेती हार की जलनिकासी के लिए बना

## संदिग्ध अवस्था में किशोरी लापता, परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




टिकैतनगर। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम जगनगर मजरे बराइन निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 18 वर्षीय पुत्री के लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की गई शिकायत में राम रूप रावत ने आरोप लगाया है बताया कि उसकी पुत्री बीती 23 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे घर से लापता हो गई। उस समय परिवार के सभी लोग खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। जब वे दोपहर को घर लौटे तो लड़की घर पर नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। काफी खोजबीन के बाद रिश्तेदारों से संपर्क किया गया लेकिन कहीं से कोई सुराग नही मिला। इसी दौरान जब लड़की के मोबाइल नंबर पर कॉल की गई तो वह स्विच ऑफ मिला। बाद में एक अन्य नंबर से बात होने पर पता चला कि वह नंबर बौव्वा उर्फ रजनीश पुत्र होसिला यादव निवासी सत्यनाम पुरवा मजरे कोटवाधाम थाना बदोसराय का है। परिजन लड़के के घर पहुंचे तो उसके पिता व भाई ने बताया कि रजनीश भी उसी दिन से लापता है। उन्होंने लड़की के परिजनों से कहा कि अब तुम्हारी बेटी तुम्हारे पास नहीं लौटेगी और दबाव बनाने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है उन्होंने अनहोनी की भी आशंका जताई है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल रत्नेश पांडे ने बताया की मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी का सैकड़ो लीटर डीजल और पेट्रोल बरामद



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हैदरगढ़। लोनीकटरा थाना प्रभारी ने रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर हाइवे पर खड़े ट्रक और टैंकरो से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के चार शातिर चोरों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से चार ड्रम में रखा 670 लीटर डीजल और 35 लीटर पेट्रोल के साथ में घटना में प्रयोग की जाने वाली पिकअप भी बरामद की। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह थाना प्रभारी लोनीकटरा अभय कुमार मौर्या ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम जगत खेड़ा के पास से कोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम दांदूपुर निवासी मोहित सिंह पुत्र षिवपाल सिंह थाना लोनीकटरा के ग्राम जगतखेड़ा निवासी धर्मेन्द्र गोस्वामी पुत्र राकेष कुमार, ग्राम मुबारकपुर निवासी तरानीसेन पुत्र रामकिषोर व कोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम दांदूपुर निवासी राजेष कुमार पुत्र रामकुमार को धर दबोचा। पुलिस ने इनकी निषादेही पर चार ड्रमों में रखा चोरी का 670 डीजल, 35 लीटर पेट्रोल, एक जनरेटर, प्लास्टिक की पाइप और पिकअप बरामद की। पकड़े गये आरोपियों के बारे में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का संगठित गिरोह है हाइवे पर खड़े टैकरो से जनरेटर और पाइप के माध्यमो से डीजल चोरी करते हैं और उनको अच्छे दामों पर बेच देते हैं। थाना प्रभारी लोनीकटरा ने बताया कि धर्मेन्द्र गोस्वामी और राकेष कुमार के विरुद्ध इससे पूर्व भी चोरी के मुकदमें पंजीकृत हैं।

## व्यापारी समाज के खिलाफ मंत्री की टिप्पणी पर फूटा गुस्सा, कैबिनेट मंत्री के इस्तीफे की उठी मांग

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री द्वारा वैश्य समाज एवं व्यापारी वर्ग को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में रविवार को नगर पंचायत टिकैतनगर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने आक्रोशपूर्ण पैदल मार्च निकाला। मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने उनके इस्तीफे की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला महामंत्री राजेश शर्मा श्फक्कड़श् एवं जिला उपाध्यक्ष रंजीत वैश्य ने किया। यह पैदल मार्च नगर पंचायत के मुख्य चौराहे से होकर नगर के मुख्य मार्गों पर हुआ। जिला महामंत्री ने कहा कि मंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी अमर्यादित भाषा की उम्मीद नहीं की जा सकती। व्यापारी समाज इसका कड़ा विरोध करता है और जब तक मंत्री माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी व स्थानीय व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विधानसभा दरियाबाद प्रभारी ब्रज किशोर सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सोनी, संरक्षक डॉ. सियाराम सोनी, नगर मंत्री ओम प्रकाश शर्मा उर्फ सोनू, नगर उपाध्यक्ष मानस सोनी उर्फ छोटे, राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, मुन्ना राईन, महामंत्री सुनील मौर्या, उपाध्यक्ष याकूब नेता, मीडिया प्रभारी अंकुर यज्ञ सैनी, राहुल गुप्ता व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री द्वारा माफी नहीं मांगी जाती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### समाजसेवियों ने रोपे पौधे



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रविवार को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम ज़िलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता और महामंत्री रामेंद्र दीपक गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह नगर में स्थित नागेष्वर नाथ मंदिर के पास स्थित लक्ष्मी नारायण महाराज ट्रस्ट के गोपाल गौशाला में तुलसी का पौधा रोपकर पौधरोपण का शुभारम्भ किया। उसके बाद इन लोगों ने जस्टिस लॉ कॉलेज रोड पर पीपल, नीम आदि के पेड़ लगाए गए हैं एवम श्री लक्ष्मी नारायण महाराज ट्रस्ट के सचिव चंद्र प्रकाश गुप्ता के फॉर्म हाउस पर अमरूद, नीम, सागौन, क़दम आदि के पौधे रोप कर समापन किया। पौधरोपण कार्यक्रम में रविनान खजांची, सुधीर गुप्ता, अवधेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुशील गुप्ता, मनोज गुप्ता गोविंदा, राम भजन गुप्ता, अजय प्रकाश गुप्ता, अमर गुप्ता, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई आरओ और एआरओ की परीक्षा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर। कस्बा जैदपुर में स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में रविवार को आरओ एआरओ की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक चली। परीक्षा के दौरान प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। पुलिस प्रशासन की सख्त निगरानी में परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में कुल 389 अभ्यर्थियों में से केवल 170 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। अयोध्या, अमेठी और बरेली जिलों से भी अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। आलाधिकारियों के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में सभी दुकानों को बंद करवाया। परीक्षा समाप्त होने के बाद दोपहर में दुकानों को फिर से खोलने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्र पर अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, दरोगा शिव नाथ, दीवान गुफरान खान, जय नारायण, सिपाही पंकज राठौर, पंकज सिंह, शैलेश कुमार यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के कारण परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### उर्वरक गोदामों पर कृषि विभाग ने मारा छापा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर। किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी जिले भर में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चला रहे हैं। जिसमें कृषि विभाग की टीम ने नगर फतेहपुर क्षेत्र की पांच उर्वरक की दुकानों पर छापा मारा और गैर-अनुदानित उर्वरकों की भौतिक जांचकर अभिलेखों का मिलान किया गया। मालूम हो नगर फतेहपुर क्षेत्र की पांच उर्वरक गोदामों पर जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने छापा मारा। जिसमें मेसर्स एम.बी.राइस इंडस्ट्रीज, मेसर्स पोरवाल ट्रेडर्स, मेजर्स माता प्रसाद भुरामल एंड संस, मेसर्स नंद रामा ट्रेडर्स, मेसर्स गुप्ता एजेंसी जैसे बड़े व्यापारियों के गोदामों रहे। इस दौरान सभी गोदामों पर खाद उपलब्धता की बारीकी से जांच की गई। जिसमें इंडोरामा, आरसीएफ, एनएफएल, चंबल, जुआरी आदि रही। इस बीच किस किस कंपनी से कितनी खाद किस स्टाकिस्ट को मिली और किस-किस विक्रेता को विक्रय की गई अधिकारियों ने इसकी भी जानकारी ली। वहीं कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि ट्रैकिंग लगाकर खाद बिक्री की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से खाद कारोबारियों मे हड़कंप मचा हुआ है।

### नाले में डूबकर दो बहनों की गई जान, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। रविवार सुबह मोहम्मदपुर खाला कोतवाली इलाके के एक गांव के पास स्थित नाले में खेत से वापस घर लौट रहीं दो सगी बहनों की डूबकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय पिता नाले के उस पार खेत में खाद डाल था कि दोनों बहने पोषाहार केवाईसी के लिए पिता से फोन लेने गई थी। फोन लेकर वह दोनों बहने उसी नाले से गुजर रही थीं कि उसी समय संतुलन बिगड़ जाने से दोनों बहने डूब गई। विवरण के अनुसार कोतवाली इलाके के तुलसीपुर मजरे पर्वतपुर निवासी सुनील वर्मा की छोटी बेटी कंचन देवी उम्र करीब 11 वर्ष व शिव देवी उम्र करीब 14 वर्ष पिता से मोबाइल लेकर खेत से वापस घर लौट रहीं थीं। बेटियों के पिता सुनील वर्मा मजदूरी पर नाले के उस पार एक खेत में धान की फसल में खाद डाल रहे थे। बताया जा रहा है कि छोटी बहन नाले से गुजर रही थी कि पानी अधिक होने के कारण वह अपना संतुलन खो बैठी और डूबने लगी, यह देख बड़ी बहन उसे बचाने के लिए नाले में कूद गई परंतु गहराई अधिक होने के कारण वह भी छोटी बहन के साथ नाले में डूब गई। काफी देर तक जब दोनों बहने घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने खोजबीन शुरू की लेकिन दो घंटे तक उसना कही कोई पता नहीं चला तो पिता ने उसी नम्बर पर कॉल किया तो देखा कि नाले के पास फोन की घंटी बज रही है। तभी अन्य ग्रामीणों भी नाले के पास उन्हें तलाशने लगे तो देखा कि दोनों लड़कियां उसी पानी में डूबी हुई हैं नाले से बाहर निकालने पर पता चला कि दोनों बहनों की सांसें थम चुकी हैं। घटना की जानकारी होते ही परिवार सहित समूचे गांव में कोहराम मच गया। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचा तहसील प्रशासन परिवार को हर संभव मदद दिलाने की बात कही है।

## आरक्षण के जनक थे छत्रपति शाहू जी महराज: डा.पल्लवी पटेल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

अपना दल कमेरावादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा सिराथू से विधायक डॉ पल्लवी पटेल रविवार को बाराबंकी पहुंचीं। देवा रोड स्थित गांधी भवन में अपना दल कामेरवादी द्वारा आयोजित छत्रपति शाहू जी महराज की जयंती पर विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ पल्लवी पटेल ने प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर को सरकार की विफलता बताया। उन्होंने भाजपा सरकार पर नौकरशाही और मंत्री परिषद के बीच तालमेल न होने का आरोप लगाया। डॉ पल्लवी ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज आरक्षण के जनक माने जाते है। आरक्षण हमारा अधिकार है। भारतीय संविधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने आरक्षण का उल्लेख किया था, जिस पर चोट पहुंचाने वाले लोगों का मुंहतोड़ जवाब अपना दल देगी। जो कोई भी संविधान से खिलवाड़ करेगा उसको अपना दल (कामेरवादी) उखाड़ फेंकने का काम करेंगी। डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र और संविधान यह कहता है कि इस देश के हर नागरिक को शिक्षा मिले। योग्यता और प्रतिभा के हिसाब से उसे रोजगार दिया जाए लेकिन जिस प्रकार से मौजूदा सरकार की नीति है उस से यह स्पष्ट है हो रहा है लोकतंत्र के अधिकारों को शोषितों और वंचितों के खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। पल्लवी पटेल ने कहा कि जो कुछ भी हो रहा है यह योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है. सबसे पहले सरकारी संस्थाओं को घाटे का सौदा बताते हुए भर्ती रोक दी गई। उसके बाद निजीकरण का जुमला देते हुए ठेके/पट्टे पर चलवाया जा रहा है। अब दूसरी कड़ी में शिक्षा के अधिकारों को चकनाचूर किया जा रहा है। 27746 परिषदीय स्कूलों को बंद किया जा रहा है। जो प्राथमिक स्कूल गांव में है उसमें गरीबों के बच्चे पढ़ने जाते हैं। सरकार का ये फैसला राइट टू एजुकेशन के खिलाफ है। इस अवसर पर पल्लवी पटेल ने पंचायत चुनाव को सभी पार्टियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अपना दल कमेरावादी पार्टी इन चुनावों में मज़बूती से लड़ेगी। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने जनपद की समस्त इकाईयों को निर्देशित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हर पद पर अपना दल कामेरवादी का प्रत्याशी उतारगी। यह आपकी जिम्मेदारी है कि बूथ के हर एक वोट को पार्टी के पक्ष में दिलाने का काम करेंगे। ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में बाराबंकी का विधानसभा में प्रतिनिधित्व हो सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीएल पटेल, जिलाध्यक्ष लायक राम वर्मा, सुशील पटेल, बाबादीन रावत, पूनम पटेल, उपेंद्र कुमार पटेल, लोकेश मौर्य, अनुराग पटेल, ओमप्रकाश पटेल, चौधरी कमलेश पटेल, राघवेंद्र वर्मा, इंद्रपाल वर्मा और हाफिज मोबिन, ओम प्रकाश पटेल, योगेंद्र पटेल, भगवती गौतम आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दो समितियों में उत्पन्न हुआ विवाद, स्थिति तनावपूर्ण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। ग्राम पंचायत बरौलिया में शारदीय नवरात्रि में मूर्ति स्थापना को लेकर दो समितियों के बीच विवाद उत्पन्न हो रहा था। इस विवाद के कारण दोनों समितियों के लोगों में तनाव की स्थिति बन रही थी। जब यह जानकारी कोतवाली बदोसराय के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार को मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर बातचीत की और दोनों समितियों के कागजात की जांच की। जांच में पाया गया कि जय मां दुर्गा सेवा संस्थान समिति का रजिस्ट्रेशन 24 मई 2028 तक वैध है। इस समिति सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। इस तथ्य के आधार पर प्रभारी निरीक्षक ने दोनों पक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जय मां दुर्गा सेवा समिति ही मूर्ति की स्थापना और कार्यक्रम का संचालन करेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं डालेगा। अगर शिकायत मिलती है तो कार्यवाई की जाएगी।साथ ही, प्रभारी निरीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि पारिजात परिसर में कोई भी समिति रसीद काटकर चंदा एकत्रित नहीं करेगी।

इस प्रकार कोतवाली बदोसराय प्रभारी के हस्तक्षेप से गांव में तनाव की स्थिति को शांत किया गया।बैठक में जय माँ दुर्गा सेवा संस्थान के अध्यक्ष चन्द्रकेश वर्मा, ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा, इंद्रेश वर्मा, रवि कांत, देश दीपक, बलराम, अमरेश यादव, शैलेन्द्र रावत, आलोक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगाघाट का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज राजधानी मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां पर रविवार को स्वास्थ्य मेले के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा डॉक्टर के समय से न पहुंचने की शिकायत को लेकर किया गया अचानक निरीक्षण सीएमओ उन्नाव द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पूरे स्टाफ की जानकारी ली गई और सभी डॉक्टरों को हिदायत दी गई कि प्रातः समय से ड्यूटी पहुंचे शिकायत मिलने पर हो सकती है

बड़ी कार्यवाही सभी उपलब्ध दवाइयो का भी निरीक्षण किया गया और दवा वितरित कर रहे नवयुवकों से दवा के बारे में मौखिक जानकारी ली गई मरीजों की सुविधा को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्पताल हाल में पंखे की व्यवस्था कराने के लिए भी निर्देशित किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगाघाट घनी आबादी क्षेत्र में होने के कारण मरीजों की संख्या ज्यादा होती है जिसके चलते सभी डॉक्टर अपने समय से ड्यूटी पहुंचे ताकि मरीजों को उपचार हेतु कोई भी शिकायत ना रहे।

# हमारी लोकपरंपराओं में आज भी समाज को दिशा देने की ताकत : पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, मन की बात में एक बार फिर बात होगी देश की सफलताओं की, देशवासियों की उपलब्धि की। पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी की बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर उतरे तो पूरा देश खुशी और गर्व से भर गया। मुझे याद है कि जब चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग हुई तो देश में विज्ञान को लेकर अलग माहौल बना। अब छोटे-छोटे बच्चे अंतरिज्ञ विज्ञान में रुचि ले रहे हैं। आपने इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इस अभियान में हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान-3 मिशन के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी बोले देश में स्पेस स्टार्ट-अप तेजी से बढ़ रहे हैं। पांच साल पहले देश में 50 से भी कम स्टार्टअप थे। आज सिर्फ स्पेस सेक्टर में ही ये 200 से ज्यादा हो गए हैं। अगले महीने 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है। आप इसे कैसे मनाएंगे, कोई नया विचार है तो मुझे नमो एप पर जरूर भेजिए।

### टेक्सटाइल सेक्टर भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक

इसके बाद पीएम मोदी ने हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम दिवस मनाए जाने का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने ताकत दी। अब देश के विकास में भी टेक्सटाइल सेक्टर ताकत दे रहा है। लाखों लोग इससे जुड़कर सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पैठण की कविता धवले का जिक्र किया, जो पैठणी साड़ी बनाकर बेच रही हैं। ओडिशा के मयूरभंज में आदिवासी महिलाएं संथाली साड़ी को फिर से जीवित कर रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ये महिलाएं सिर्फ कपड़ा नहीं बल्कि अपनी पहचान बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल भारत का सिर्फ एक सेक्टर नहीं है बल्कि ये हमारी सांस्कृतिक विविधता की मिसाल है। आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप सक्रिय हैं। जिन्होंने भारत के हैंडलूम को वैश्विक स्तर पर पहचान दी है। 2047 में विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और यही सबसे बड़ा आधार है। जो चीजें भारत में बनी हों, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो, वही खरीदें।

### हमारी लोक परंपराओं में समाज को दिशा देने की ताकत

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के क्योंझर जिले में भजन कीर्तन के जरिए जंगलों की आग के प्रति जागरूक किए जाने पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां राधाकृष्ण संकीर्तन मंडली पर्यावरण संरक्षण का काम कर रही है। इस मंडली ने पारंपरिक गीतों में नए बोल जोड़कर नए संदेश जोड़े हैं। ये टोली गांव-गांव घूमकर लोगों को जंगल में लगने वाली आग के नुकसान बता रही है। ये बताता है कि हमारी लोक परंपराएं बीते युग की चीज नहीं हैं, इनमें आज भी समाज को दिशा देने की ताकत है। पीएम मोदी ने प्राचीन सांस्कृति पांडुलिपियों को सहेजने की अपील की और तमिलनाडु के मणि मारन जी के प्रयासों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने की बात कही। जिससे दुनियाभर के लोग भारत की ज्ञान परंपरा से जुड़ सकें। पीएम मोदी ने असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में चिड़ियाओं की गणना की तारीफ की और बताया कि पक्षियों की 40 से ज्यादा प्रजातियों की पहचान हुई है।

### पीएम मोदी ने देशवासियों को दी विभिन्न पर्वों की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत के करीब 600 मेडल जीतने की तारीफ की। 71 देशों में हम शीर्ष तीन में पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि देश में खेलों से जुड़े स्टार्टअप्स की हर तरह की मदद की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मिशन के 11 साल पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब यह जन आंदोलन बन गया है। इस साल देश के 4500 से ज्यादा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़ गए हैं। पीएम ने कई संगठनों और लोगों का जिक्र किया, जो स्वच्छता की मिसाल पेश कर रहे हैं।

### युवाओं का विज्ञान और गणित में बढ़ा रुझान

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भारत में विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत के देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्त प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। गणित की दुनिया में भी भारत अपनी जगह बना रहा है और इंटरनेशनल मेथमेटिकल ओलंपियाड में हमारे छात्र तीन गोल्ड, दो सिल्वर और एक कांस्य पदक जीत चुके हैं। अगले महीने मुंबई में एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स ओलंपियाड होने जा रहा है। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपियाड होगा। भारत अब ओलंपिक और ओलंपियाड, दोनों के लिए आगे बढ़ रहा है।

### 'हमारे किले हमारी संस्कृति और स्वाभिमान के प्रतीक'

यूनेस्को ने 12 मराठा किलो को वर्ल्ड हेरीटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें 11 महाराष्ट्र के और एक तमिलनाडु का किला शामिल है। सल्हेर के किले में मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। खानदेरी में समुद्र के बीच किला है। दुश्मन उन्हें रोकना चाहते थे, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव करके दिखा दिया। प्रतापगढ़ के किले में अफजल खान पर जीत मिली। विजयदुर्ग में गुप्त सुरंगें थीं। छत्रपति शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता का प्रमाण इस किले में मिलता है। कुछ साल पहले रायगढ़ के दौरे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने नमन करने का मौका मिला। देश में और भी कई ऐसे अद्भुत किले हैं। जिन्होंने आक्रमण झेले, खराब मौसम की मार झेली लेकिन आत्मसम्मान को कभी झुकने नहीं दिया। राजस्थान का चित्तौड़गढ़ का किला, आमेर किला, जैसलमेर का किला विश्व प्रसिद्ध है। इस तरह कर्नाटक का गुलबर्गा का किला भी बहुत बड़ा है। चित्रदुर्ग के किले की विशालता भी आपको कौतूहल से भर देती है।

### अनगिनत बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली

उत्तर प्रदेश के बांदा में कालिंजर किला। महमूद गजनवी ने कई बार इस किले पर हमला किया और हर बार असफल रहा। बुंदेलखंड में कई किले हैं, जिनमें ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार, चंदेरी। ये सिर्फ ईंट पत्थर नहीं, हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। संस्कार और स्वाभिमान हैं। मेरा आग्रह है, सभी देशवासी इन किलों की यात्रा करें और इतिहास को जानें। महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त 1980 को बिहार के मुजफ्फरपुर में हर हलचल थमी हुई थी। एक 18 साल का युवा अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था। जेल के अफसर युवा को फांसी देने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन वह युवा डर नहीं, जोश से भरा हुआ था। सिर्फ 18 साल की उम्र में खुदीराम बोस ने जो साहस दिखाया, उसने पूरे देश को झकझोर दिया। ऐसे ही अनगिनत बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली।

# सफाई कर्मचारी आयोग गठित होगा : नीतीश कुमार

## अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के अलावा पांच सदस्य, ट्रांसजेंडर को भी जगह


जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों के पेंशन की घोषणा के बाद अब बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा करते हुए कहा है कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार राज्य में सफाई कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा, कल्याण, पुनर्वास, सामाजिक उत्थान, शिकायतों के निवारण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मैंने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन का विभाग को निर्देश दिया है। आयोग की संरचना के संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष एवं पांच सदस्य होंगे, जिनमें एक महिला/ट्रांसजेंडर होंगे। यह आयोग राज्य में सफाई कार्यों से जुड़े समाज के वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### आयोग का काम-अधिकारों की सुरक्षा के संबंध में सरकार को सुझाव देना

सीएम नीतीश कुमार ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, यह आयोग सफाई कर्मियों के हितों से संबंधित सुझाव, उनके अधिकारों की सुरक्षा के संबंध में सरकार को सुझाव देगा तथा सफाई कार्यों में लगे लोगों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उसे लागू करवाने हेतु समुचित कार्रवाई करेगा।



# तमिलनाडु सीएम ने केंद्र से की शिक्षा योजना के तहत फंड जारी करने की मांग, पीएम मोदी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार से समग्र शिक्षा योजना (एसएसए) के तहत 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जल्द जारी करने की मांग की है। यह मांग मुख्यमंत्री की ओर से वित्त मंत्री थंगम थेन्नारासु ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपकर की। मामले में तमिलनाडु सरकार ने साफ किया है कि वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तीन-भाषा फार्मूले को स्वीकार नहीं करेगी और तमिल तथा अंग्रेजी की अपनी दो-भाषा नीति को ही जारी रखेगी। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र द्वारा जरूरी फंड जारी न करने से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### शर्त को जल्द मंजूर करने की मांग

ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,151.59 करोड़ रुपये की राशि और 2025-26 की पहली किस्त बिना पीएम पीएम श्री योजना पर हस्ताक्षर की शर्त के जल्द मंजूर करे। बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन फिलहाल स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी स्वीकृति से यह ज्ञापन प्रधानमंत्री को सौंपा गया। पीएम मोदी दो दिन की यात्रा पर तमिलनाडु में हैं।

### ज्ञापन में कुछ अन्य मांगों पर भी जोर

इसके साथ ही तमिलनाडु सरकार की ओर से केंद्र को दिए गए ज्ञापन में कुछ अहम अन्य मांगों पर भी जोर दिया गया है। इसमें कोयंबटूर और मदुरै मेट्रो रेल परियोजनाओं को 50-50 हिस्सेदारी पर मंजूरी देने, चेन्नई में उपनगरीय रेल सेवाओं में बढ़ोतरी। तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारी के मामलों का स्थायी समाधान के साथ-साथ श्रीलंका की हिरासत में मौजूद मछुआरों और उनकी नावों को छुड़वाने की अपील की गई है। यह ज्ञापन तमिलनाडु सरकार की राज्य के हितों को लेकर गंभीरता और केंद्र से सहयोग की अपेक्षा को दर्शाता है।

# 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बंधुओं की नजदीकी लगातार बढ़ रही है। इसकी बानगी रविवार को एक बार फिर देखने को मिली जब मनसे प्रमुख राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे। गौरतलब है कि राज ठाकरे करीब 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे। इससे पहले राज ठाकरे साल 2012 में मातोश्री पहुंचे थे। उस वक्त उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी हुई थी, तब राज ठाकरे ने मातोश्री पहुंचकर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे का हालचाल जाना था।

### 20 साल में दूसरी बार मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे

राज ठाकरे ने साल 2005 में शिवसेना छोड़ी थी और शिवसेना छोड़ने के बाद से आज से पहले तक राज ठाकरे सिर्फ एक ही बार मातोश्री गए थे। यही वजह है कि जब रविवार को राज ठाकरे मातोश्री पहुंचे तो महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे में इसकी खूब चर्चा हो रही है। दोनों भाइयों की इस मुलाकात को रिश्तों में जमी बर्फ के तेजी से पिघलने के तौर पर देखा जा रहा है।

### निकाय चुनाव में साथ आने की चर्चा

महाराष्ट्र में मराठी मानुष और तीन भाषा नीति के मुद्दे पर हुई राजनीति ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की जमीन तैयार की। एक इंटरव्यू में राज ठाकरे ने मराठी मानुष के मुद्दे पर उद्धव ठाकरे के साथ आने के संकेत दिए। जिस पर उद्धव ठाकरे ने भी सकारात्मक जवाब दिया। हालांकि इसके बाद दोनों पार्टियों की तरफ से हुई बयानबाजी से थोड़ी संशय की स्थिति बनी, लेकिन जैसे ही सरकार ने तीन भाषा नीति के अपने स्टैंड से पीछे हटने का एलान किया तो शिवसेना यूबीटी और मनसे ने इसे अपनी जीत के तौर पर पेश किया। इसके बाद मनसे और शिवसेना यूबीटी की संयुक्त रैली का एलान किया गया। 5 जुलाई को मुंबई में हुई इस रैली में 20 साल बाद दोनों भाई राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक मंच पर दिखाई दिए थे।

### बयानों से असमंजस जारी

संयुक्त रैली में साथ आने के बाद जब ऐसा लग रहा था कि दोनों भाई आगामी निकाय चुनाव में गठबंधन कर सकते हैं, तो तभी हाल ही में उद्धव ठाकरे ने एक बयान से चौंका दिया। दरअसल उन्होंने शिवसेना यूबीटी से गठबंधन के सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में गठबंधन का फैसला हालात देखकर किया जाएगा। अब राज ठाकरे के मातोश्री पहुंचने से दोनों पार्टियों के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को काफी राहत पहुंची होगी, जो मनसे और शिवसेना के बीच गठबंधन चाहते हैं।

# असम में बीजेपी तीसरी बार बनाएगी सरकार इंडिया गठबंधन के पास ताकत नहीं : सर्बानंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



असम में विपक्षी गठबंधन इंडिया को जमीनी स्तर पर कमजोर बताते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगा। एक साक्षात्कार में पूर्व असम मुख्यमंत्री सोनोवाल ने राज्य की राजनीति में वापसी को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया, लेकिन यह जरूर कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी जो भी आदेश देगी, वह उसका पालन करेंगे। केंद्रीय जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, इंडिया गठबंधन चाहे जो भी कर ले, उनकी कोई ताकत नहीं है। यह गठबंधन मीडिया और प्रचार तक ही सीमित है। उनके पास जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता लगभग नहीं के बराबर हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को राज्य अध्यक्ष नियुक्त करने के बावजूद विपक्षी दल खुद को पुनर्जीवित करने और सत्तारूढ़ गठबंधन को चुनौती देने में विफल रहा है। सोनोवाल ने कहा, जनता उन पर भरोसा क्यों करेगी? उन्हें 55 साल शासन करने का मौका दिया गया, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने केवल 11 वर्षों में अद्भुत काम किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्वांगीण विकास के साथ सभी के जीवन में बदलाव आए हैं और लोग इसके लिए ऋणी महसूस करते हैं। असम में भाजपा की सत्ता में वापसी की संभावना पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, बिलकुल, हम सरकार बना रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। जनता असम के विकास और शांति के लिए भाजपा को चाहती है। राजनीति में संभावित वापसी पर उन्होंने कहा, यह संभावना का सवाल नहीं है। यह व्यक्तिगत इच्छा या आकांक्षा से नहीं बल्कि पार्टी की इच्छा और आदेश से चलता है। हम वफादार कार्यकर्ता हैं और जो पार्टी कहेगी, वही करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावों में कौन क्या भूमिका निभाएगा। यह पार्टी तय करेगी। हम सभी को पार्टी के आदेश के तहत ही चलना होता है। हमारे लिए पहले राष्ट्र, फिर पार्टी और अंत में स्वयं का स्थान होता है।

# गाजियाबाद में 35 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दिया आरओ और एआरओ परीक्षा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा 2023 सकुशल सम्पन्न हो गई है। जिसके बाद जिला और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस लिया है। जनपद में कुल 50 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित किया गया। जनपद गाजियाबाद में कुल 23832 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8342 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बीते दिवस ही अधिकारियों और पुलिस प्रशासन के साथ बैठक करके निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था के तहत परीक्षा कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद सुबह से शुरू हुई परीक्षा संपन्न होने तक प्रशासन चाक चौबंद व्यवस्था में लगा रहा। सभी सेंटरों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती हुई । प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों को कड़े सुरक्षा और जांच से गुजरना पड़ा। किसी भी प्रकार के गैजेट, घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साथ बैग, महिलाओं के जुड़े और गले के चैन तक उतरवा दिए गए।

# भारत ने चीन के हथियारों को नाकाम कर दिया : सुधांशु त्रिवेदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमला किया और पाकिस्तान की ओर से इस्तेमाल किए गए चीन के हथियारों को नाकाम कर दिया। मई में आतंकवाद निरोधक अभियान के बाद भारत की रक्षा क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई। जबकि चीन की रक्षा ताकत में गिरावट आई। वीआईटी चेन्नई में तमिलनाडु उच्च शिक्षा शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित विकासशील भारत का रोड मैप - एक बहुविषयक दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने एक अन्य देश चीन को भी प्रभावित किया। क्योंकि वास्तविक युद्ध में चीनी हथियारों का प्रयोग विफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जेएफ-17 विमान और पीएल-15 बनाने वाली कंपनी एविक सिस्टम्स चेंगदू के रक्षा भंडार में नौ प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। जबकि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर सहित भारत के रक्षा भंडार में तेजी से वृद्धि हुई। ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए गए हथियार स्वदेश में ही बनाए गए थे। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के यूरोप से हटने के बाद भारत रक्षा विनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने उदाहरण के तौर पर टाटा डिफेंस को डसॉल्ट एविएशन द्वारा दिए गए अनुबंध का हवाला दिया। सांसद त्रिवेदी ने कहा कि इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि यह विकसित भारत 25 साल का कार्यक्रम है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं। यह भारत के अगले 1,000 वर्षों की नींव रखेगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे औपनिवेशिक विरासत और स्वतंत्रता के बाद लोगों के मन में बसाई गई मानसिकता से बाहर आएं तथा भाषा कार्ड खेलना बंद करें।

### मोदी सरकार ने 15 क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा सुनिश्चित की

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पर हमला करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि जो लोग भाषा को मुद्दा बनाना चाहते हैं, उन्हें सोचना चाहिए कि क्या उन्होंने कभी अपनी क्षेत्रीय भाषा में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा प्रदान करने के बारे में सोचा था? मोदी सरकार ने 15 क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा सुनिश्चित की है। एआईसीटीई के अध्यक्ष टीजी सीताराम ने उच्च शिक्षा के समग्र परिवर्तन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य का कार्यबल कक्षाओं से परे आकार लेता है। वीआईटी के संस्थापक-कुलपति जी विश्वनाथन ने उच्च शिक्षा के लिए बजट में धन के आवंटन में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया।

# कमला हैरिस ने हॉलीवुड स्टार्स को चुनाव प्रचार के बदले करोड़ों दिए : ट्रंप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस बार उनका निशाना उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और कई मशहूर हस्तियां हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कमला हैरिस और डेमोक्रेटिक पार्टी ने मशहूर सितारों को प्रचार के लिए करोड़ों डॉलर की भुगतान किए। उन्होंने इसे पूरी तरह से अवैध बताते हुए अभियोजन की मांग की है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि डेमोक्रेट्स ने गायिका बियॉन्से को प्रचार के बदले 1.1 करोड़ डॉलर, टेलीविजन होस्ट ओप्रा विन्फ्रे को 30 लाख डॉलर और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता अल शार्पटन को 6 लाख डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि इन हस्तियों ने कोई ठोस काम नहीं किया और उनके समर्थन भी वास्तविक नहीं थे। ट्रंप ने कहा कि यह सब प्रचार के लिए भुगतान था और यह पूरी तरह गैरकानूनी है।

### कार्रवाई होनी चाहिए : ट्रंप

ट्रंप ने लिखा कि कल्पना कीजिए अगर राजनेता समर्थन खरीदने लगें, तो क्या होगा? अराजकता फैल जाएगी। कमला और अन्य जिन्होंने भी भुगतान किया या पैसे लिए, उन्होंने कानून तोड़ा है और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। ट्रंप का आरोप है कि ये भुगतान प्रचार के खर्च में भी सही तरीके से नहीं दर्ज किए गए और रिकॉर्ड में गड़बड़ी की गई है।



### एपस्टीन केस की जांच को बताया 'राजनीतिक चाल'

ट्रंप के इस नए हमले के पीछे उनका यह भी दावा है कि डेमोक्रेट्स उनका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी जांच को पोलिटिकल कॉन्सपिरेसी बताया और कहा कि यह उनके बेहतरीन छह महीने के प्रशासनिक कामों से लोगों का ध्यान हटाने की चाल है। ट्रंप ने इसे जेफरी एपस्टीन स्कैम करार दिया है।

### एपस्टीन फाइलें सार्वजनिक करने का आदेश

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को आदेश दिया है कि एपस्टीन और घिसलीन मैक्सवेल से जुड़ी ग्रैंड ज्यूरी की गवाही को सार्वजनिक किया जाए। यह फैसला तब आया जब ट्रंप के समर्थकों समेत कई राजनीतिक नेताओं ने अधिक पारदर्शिता की मांग की। ट्रंप का कहना है कि इन दस्तावेजों के सामने आने से यह झूठा घोटाला खत्म हो जाएगा।

### चुनाव प्रचार में 'भुगतान बनाम समर्थन' बहस को नया मोड़

ट्रंप के आरोपों ने अमेरिका की राजनीति में समर्थन को लेकर बड़ी बहस छेड़ दी है। क्या किसी से समर्थन के बदले भुगतान करना अपराध है? यह सवाल अब कानून और राजनीति दोनों के दायरे में बहस का विषय बन गया है। अगर ट्रंप के दावे सही साबित होते हैं, तो डेमोक्रेटिक पार्टी और कई चर्चित चेहरों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। वहीं, आलोचकों का कहना है कि ट्रंप खुद अपने ऊपर चल रही जांचों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)